CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFP User: cci Time: 02-10-2026 23:27 Color:

महानगर > मुंबई > बुधवार, 11 फरवरी 2026 > माघ 22 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण, नवमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

NBT नवभारत टाइम्स

वर्ष 77, संख्या 35 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57

www.nbt.in

वैलंटाइंस वीक
Promise day आज

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

'आमिर, शाहरुख और सलमान के अंदाज जुदा, पर जुनून एक'

▶p9

AI IMPACT SUMMIT
भारत 2026 INDIA
सर्वजन हिताय | सर्वजन सुखाय
WELFARE FOR ALL | HAPPINESS OF ALL
16-20 फरवरी, 2026 | नई दिल्ली, भारत
जहाँ नवाचार अवसर से मिलता है
500+ स्टार्टअप
500+ सत्र
500+ कंपनियाँ
1,50,000+ प्रतिभागी
15+ कंट्री पैवेलियन
100+ देश
100+ CEO और टॉप ग्लोबल AI लीडर्स
इवेंट को LIVE देखें
CBC 0812/11/0006/2526

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 5, 10, 12

GOOD न्यूज

गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें

देखें पेज-9

अंतर्ज्ञान

सत्य हमेशा सुखद नहीं होता, लेकिन वही मुक्ति की शुरुआत है। सत्य से भागने वाला व्यक्ति अपनी ही परछाई में खो जाता है। सत्य को स्वीकारना मतलब खुद को देखने की हिम्मत रखना। साहस वही है, जहां सत्य और प्रेम साथ खड़े हों। सत्य से डरने वाला मन छोटा होता जाता है, सत्य को अपनाने वाला मन विशाल। सत्य का सामना करना दर्द देता है, पर वही दर्द अंततः विकास को जन्म देता है। सत्य ही वह औषधि है, जो आत्मा को स्वच्छ कर देती है। आत्मा जितनी स्वच्छ होती है, उसकी शक्ति उतनी बढ़ती है। एक निर्मल और शक्तिशाली आत्मा जीवन में असंभव कार्यों को संभव करते हुए हमें परम सत्य तक पहुंचाती है।

फटाफट खबरें

एंथ्रोपिक से इस्तीफा, बोले-दुनिया खतरे में

मृणांक शर्मा

AI कंपनी एंथ्रोपिक की सेफगार्ड रिसर्च टीम के प्रमुख मृणांक शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने X पर अपने पोस्ट में लिखा, दुनिया सिर्फ AI से नहीं, बल्कि कई आपस में जुड़े संकटों से खतरे में है। तकनीक की ताकत तेजी से बढ़ रही है, उसे संभालने की समझ तेजी से नहीं बढ़ रही। ▶▶पेज 11

बांग्लादेश में हिंदू व्यापारी की हत्या

बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में 62 वर्षीय हिंदू व्यापारी सुरेन चंद्र सरकार की दुकान के भीतर हत्या कर दी गई। हमलावर शटर बंद कर फरार हो गए। नकदी लूट ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, परिवार ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। ▶▶पेज 12

ऐक्टर रणवीर सिंह को मिला धमकी भरा मेसेज

अभिनेता रणवीर सिंह को करोड़ों रुपये की मांग वाली धमकी मिली है। मुंबई पुलिस के अनुसार, रणवीर को वाट्सएप पर वॉइस नोट के जरिए धमकी वाला मेसेज भेज कर करोड़ों रुपए की मांग की गई है। रणवीर के घर के बाहर अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। ▶▶पेज 5

बाबा सिद्दीकी केस में 27 पर आरोप तय

स्पेशल कोर्ट ने राज्य के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में मंगलवार को 27 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए। इससे पहले सभी आरोपियों ने विशेष जज के सामने खुद को निर्दोष बताया। आरोप-पत्र के मुताबिक, बिश्नोई ने आतंक और अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए सिद्दीकी के मर्डर की साजिश रची थी। ▶▶पेज 7

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
मुंबई	155629 (+1,273)
फाइन .999 टच प्रति किलो	
मुंबई	159100 (+5,435)

मौसम

कोलाबा	29.8	21.5
सांताक्रुज	31.6	19.0
सूर्यास्त गुरुवार	6:37 बजे	
सूर्योदय गुरुवार	7:09 बजे	

NBT नवभारत टाइम्स
सड़क व रेल परिवहन सहित मूल्य 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और नवीन मिले के अंक।

अमेरिका से डील में दाल का 'तड़का'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील से जुड़ी घोषणाओं को लेकर कई ऐसे पहलू हैं, जिन पर अभी तक पूरी स्पष्टता नहीं है। इस बीच, अमेरिका ने एक नई फैक्ट शीट जारी की, जिससे उलझन और बढ़ गई। सोमवार को जारी इस फैक्ट शीट में तीन ऐसी बातें हैं, जिनका जिक्र 6 फरवरी को अमेरिका की ओर से जारी साझा बयान में नहीं था। इसमें वह प्रावधान भी है, जिसमें रूसी तेल की खरीद पर भारत की प्रतिबद्धता को अमेरिका के सरकारी बयान का हिस्सा बनाया गया है।

रूसी तेल को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी जिक्र

इसके अलावा, भारत की ओर से टैरिफ घटाने और खत्म करने संबंधी लिस्ट में पहली बार कुछ दालों को भी शामिल किया गया है। 500 बिलियन डॉलर की संभावित खरीद में अमेरिकी कृषि उत्पादों को शामिल किया गया है। अमेरिका ने कहा है कि भारत डिजिटल सेवा कर हटाएगा। ट्रेड को लेकर दोनों एक फ्रेमवर्क पर सहमत हैं। ▶▶पेज 12

भारत के साथ डील पर US की फैक्ट शीट

भारत के कुछ दालों पर टैरिफ घटाने या खत्म करने का US का जिक्र

अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर भारत के टैरिफ कम करने या फिर खत्म करने की बात

$500 बिलियन की संभावित खरीद में अमेरिकी कृषि उत्पाद भी शामिल

तेल न ख़रीदने का बनाया दबाव: रूस

रूस ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह भारत और दूसरे देशों को रूसी तेल खरीदने से रोकने के लिए दबाव बना रहा है। उसने कहा कि अमेरिका आर्थिक दबदबे के लिए टैरिफ और बैन का गलत इस्तेमाल कर रहा है।

US-बांग्लादेश की कपास-गेहूं पर डील

बांग्लादेश ने US के साथ ट्रेड डील की है। बांग्लादेश पर टैरिफ घटाकर 19% किया गया है। अमेरिकी चीजों से बने कुछ कपड़े और परिधान को छूट मिलेगी। कपास के अलावा गेहूं, सोयाबीन के आयात पर बांग्लादेश कोई टैरिफ नहीं लगाएगा।

सुनेत्रा पवार ने संभाला उप-मुख्यमंत्री पद का कार्यभार

प्रफुल्ल पटेल समेत कई मंत्री व MLA रहे मौजूद

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

अजित पवार के निधन के 13 दिन बाद और शपथ ग्रहण के 10 दिन बाद सुनेत्रा पवार ने मंगलवार को राज्य की पहली महिला उप मुख्यमंत्री के तौर पर मंत्रालय में कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल, मंत्री छगन भुजबल, सुनील तटकरे, धनंजय मुंडे, उनके बेटे पार्थ पवार सहित अन्य मंत्री और विधायक मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करते समय वह पति अजित पवार को याद कर भावुक हो गईं। पार्थ पवार भी भावुक नजर आए। पदभार संभालने के बाद सुनेत्रा पवार ने पहली बार मंत्रिमंडल की बैठक में भी भाग लिया। यह अजित पवार के निधन के बाद फडणवीस मंत्रिमंडल की पहली बैठक थी। इससे पहले सुनेत्रा पवार ने दादर स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में पूजा की। चैत्य भूमि जाकर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का अभिवादन भी किया।

कैबिनेट बैठक में शामिल हुईं उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार।

NCP मंत्रियों की प्री मीटिंग

कैबिनेट बैठक में भाग लेने से पहले सुनेत्रा पवार ने एनसीपी मंत्रियों के साथ बैठक की। मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों के बारे में उन्हें जानकारी दी। इसके अलावा वरिष्ठ मंत्रियों ने डीसीएम सुनेत्रा को कैबिनेट बैठक के बारे में सूचित किया। बता दें कि वित्त विभाग छोड़कर सुनेत्रा पवार को अजित पवार के सभी विभागों आबकारी, खेल, अल्पसंख्यक कल्याण का प्रभार मिला है। साथ ही उन्हें बीड और पुणे का पालक मंत्री भी नियुक्त किया गया है।

इंटरनेशनल शूटर संभाजी पाटील की हादसे में मौत

■ NBT न्यूज, पालघर : मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर हुए सड़क हादसे में इंटरनेशनल शूटर संभाजी पाटील की मौत हो गई। हादसा सोमवार को सुबह हुआ। बता दें कि संभाजी पाटील (27) बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्पोर्ट्स ऑफिसर के तौर पर काम कर रहे थे।

सोमवार सुबह वह अपनी फॉर्च्यूनर टोयटा कार से ट्रेनिंग के लिए पुणे से अहमदाबाद जा रहे थे। सुबह 10 बजे मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर ट्रुवेस के पास सामने से गुजरते समय ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और उनकी कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा इतना भयानक था कि ड्राइवर के बगल में बैठे संभाजी पाटील की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर यश चौधरी (23) को हल्की चोटें आई हैं। ▶▶पेज 6

उद्धव गुट के समर्थन से चंद्रपुर में बनीं BJP की महापौर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : महाराष्ट्र की चंद्रपुर महानगरपालिका में बड़ा उलटफेर हुआ है। यहां उद्धव गुट शिवसेना (UBT) के समर्थन से बीजेपी का महापौर चुना गया है। सबसे अधिक नगरसेवक होने के बावजूद यहां कांग्रेस सत्ता हासिल नहीं कर पाई है। 2019 में गठबंधन टूटने के बाद यह पहला मौका है, जब बीजेपी और उद्धव सेना साथ आई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीजेपी की इस जीत का श्रेय पूर्व मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को दिया है। 66 सदस्यीय चंद्रपुर महानगरपालिका में बहुमत के लिए 34 सीटों की जरूरत थी। बीजेपी को संगीता खांडेकर को 32, कांग्रेस की वैशाली महाडोले को 31 वोट मिले। वंचित बहुजन आघाड़ी के 2 नगरसेवक अनुपस्थित रहे, जिसका फायदा बीजेपी को मिला। चुनाव में कांग्रेस को 27, बीजेपी को 23, उद्धव गुट को 6 सीटों पर जीत मिली थी। संगीता खांडेकर केवल एक वोट के अंतर से चंद्रपुर की नई महापौर बन गईं। ▶▶पेज 5

विपक्षी दलों ने स्पीकर बिरला को हटाने का दिया नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : लोकसभा में विपक्षी दलों ने मंगलवार को स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए औपचारिक नोटिस सौंपा है। विपक्ष का कहना है कि स्पीकर निष्पक्ष होकर सदन नहीं चला रहे। वह बार-बार सरकार के पक्ष में फैसले ले रहे हैं। जब तक इस नोटिस पर फैसला नहीं हो जाता, तब तक स्पीकर ओम बिरला सदन में नहीं जाएंगे। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई, के. सुरेश और मोहम्मद जावेद ने लोकसभा महासचिव को नोटिस सौंपा। इस पर विपक्षी दलों के 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। ▶▶पेज 12

ओम बिरला

'प्रकाशित नहीं हुई नरवणे की किताब'

पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित किताब को लेकर प्रकाशक पेंगुइन का बयान आया है। उसने X पर लिखा, 'नरवणे की आत्मकथा प्रकाशित नहीं हुई है। किताब की कोई भी कॉपी प्रिंट या डिजिटल रूप में प्रकाशित, वितरित, बेची नहीं गई है।' वहीं, नरवणे ने भी इसे रीपोस्ट कर लिखा, 'किताब की वर्तमान स्थिति यही है।'

एम. एम. नरवणे

CM फडणवीस 6 मार्च को पेश करेंगे बजट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : राज्य विधानमंडल का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा, जो 25 मार्च तक चलेगा। सीएम देवेंद्र फडणवीस 6 मार्च को बजट पेश करेंगे।

मंगलवार को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। विधानमंडल में 2 मार्च को होली और 3 मार्च को धूलि वंदन की वजह से काम नहीं होगा। 19 मार्च को गुढ़ी पडवा की छुट्टी रहेगी। 9 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दोनों सदनों में चर्चा होगी।

23 फरवरी से 25 मार्च तक चलेगा विधान मंडल का बजट सत्र

कार से कुचल कर बच्चे की मौत, चालक अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: दिंडोशी पुलिस ने 4 वर्षीय लक्ष्य सिंह को वंचित तौर पर अपनी कार से कुचलने और मौके से भाग जाने के आरोप में चालक रमेश पलराला को गिरफ्तार किया गया है।

सीनियर पीआई मंगेश शिंदे के अनुसार, घटना 7 फरवरी की शाम को हुई थी, जब गिलपोग टॉवर के बेसमेंट में लक्ष्य खेल रहा था। लक्ष्य के पिता जय प्रकाश सिंह ने बताया कि 22 साल के बाद उनकी संतान हुई थी, जिसे रमेश पलराला ने मार डाला।

ट्रिपल ब्लास्ट केस के आरोपी को 14 साल बाद ज़मानत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट ने वर्ष- 2011 के मुंबई ट्रिपल ब्लास्ट केस के आरोपी नदीम शेख को 14 साल बाद जमानत दी है। जस्टिस श्रनय गडकरी और जस्टिस श्याम चंडक ने आरोपी की अपील को मंजूर करते हुए उसे राहत दी है।

बेंच ने कहा, आरोपी एक दशक से अधिक समय से जेल में है। निकटतम भविष्य में साल 2012 में गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मुकदमे की शुरुआत होने की संभावना कम दिखाई देती है। बेंच ने आरोपी को एक लाख रुपये के मुचलके पर सशर्त बेल दी है। आरोपी को एक जमानतदार भी देना होगा।

धमाके में 27 लोगों की हुई थी मौत

मई 2022 में स्पेशल कोर्ट ने आरोपी की बेल अर्जी खारिज कर दी थी। निचली अदालत के खिलाफ आरोपी ने हाई कोर्ट में अपील की थी और जेल में लंबी अवधि के आधार पर जमानत मांगी थी। बता दें कि 13 जुलाई 2011 को झवेरी बाजार, दादर व ओपेरा हाउस में ब्लास्ट हुआ था। इसमें 27 लोगों की मौत हुई थी और 100 से अधिक घायल हुए थे। केस में 11 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

सरकार की सख्ती सरकार की तरफ से जारी नोटिफिकेशन 20 फरवरी 2026 से होगा लागू

AI को लेकर लागू हुए नए नियम, 3 घंटे में हटेगा डीपफेक कंटेंट

■ पीटीआई, नई दिल्ली

सरकार ने AI और डीपफेक कंटेंट पर कड़े नियम लागू करते हुए ऑनलाइन प्लैटफॉर्म्स के लिए नई जिम्मेदारियां तय की हैं। इसके तहत एक्स और इंस्टाग्राम जैसे प्लैटफॉर्म को किसी भी सक्षम अधिकारी या कोर्ट के निर्देश पर डीपफेक कंटेंट को 3 घंटे के भीतर हटाना होगा। पहले यह समयसीमा 36 घंटे थी। डीपफेक और AI-जेनरेटेड कंटेंट की आधिकारिक परिभाषा तय की गई है। ऐसा ऑडियो-विडियो या फोटो जो AI से बनाया या बदला गया हो और असली जैसा लगे, उसे असलीद करते समय प्लैटफॉर्म पर AI-जेनरेटेड बताना होगा, यानी लेबल लगाना होगा। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधन की अधिसूचना जारी की है।

नियमों को मानना ज़रूरी, नहीं तो...

- AI कंटेंट पर लेबलिंग अनिवार्य है। प्लैटफॉर्म्स ऐसे कंटेंट के ओरिजिन का पता लगाने के लिए परमानेंट मेटाडेटा या एप्लीकेशन्स के साथ जोड़ा जाना चाहिए।
- एक बार AI लेबल या मेटाडेटा लगाए जाने के बाद प्लैटफॉर्म्स उस लेबल को हटाने या छिपाने की अनुमति नहीं दे सकते।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMEDIT User: cci Time: 02-10-2026 22:46 Color:

20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच

पाकिस्तान टीरे से हमे काफी सीख मिली। कुछ युवा खिलाड़ियो को शायद अपने करियर मे पहली बार उन परिस्थितियो का सामना करना पड़ा। हम सबक सीखकर और आगे बढ़ते है। - मिचेल मार्श, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान

319

रन बनाए थे विराट कोहली ने साल 2014 में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप में। यह एक वर्ल्ड कप में किसी प्लेयर द्वारा सर्वाधिक रन का रेकॉर्ड है

वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. बास डी लीडे किस देश के क्रिकेटर हैं? A) नीदरलैंड्स B) नामीबिया C) ऑस्ट्रेलिया D) अमेरिका
2. टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ऑस्ट्रेलिया का पहला मैच किस देश से है? A) जिंबाब्वे B) ओमान C) आयरलैंड D) श्रीलंका

कल के जवाब 1. D) दिल्ली 2. D) 2024

लकी WINNERS

1 जीरेड बंधु, हरि नगर, दिल्ली

2 बलबीर सिंह, गाजियाबाद, यूपी

3 रमा विनोद पाटनी, मुंबई

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, उत्तरों और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और उत्तरों हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

ऐवरान में लौटे बुमरा

■ नई दिल्ली: भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा पेट की समस्या से उबर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को टीम के प्रैक्टिस सेशन में भाग नहीं लिया। उनकी उपलब्धता पर संकट के बादल है, तो वहीं जॉशिमटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात है। इस बीच जसप्रीत बुमरा पूरी तरह फिट नजर आए। उन्होंने प्रैक्टिस के दौरान पूरी रफ्तार से बोलिंग की।

हसारंगा टूर्नामेंट से बाहर

■ नई दिल्ली: श्रीलंका को बड़ा झटका लगा है। उसके दिग्गज स्पिनर वानिंदु हसारंगा चोट की वजह से टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। हसरंगा को सड़े को आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग इजरी हो गई थी। स्कैन में उन्हें गंभीर चोट का पता चला।

सिद्धार्थ ने किया उलटफेर

■ चेन्नै: चेन्नै ओपन एटीपी चैलेंजर में मंगलवार का दिन भारतीय खिलाड़ियों के नाम रहा। सुमित नागल और मुकुंद शशिकुमार ने दूसरे राउंड में एंट्री ली। नागल ने ब्रिटेन के फेलिक्स लेल को 1-6, 6-1, 6-3 से हराया, जबकि मुकुंद ने नितिन कुमार सिन्हा को 7-5, 6-3 से मात दी। सिद्धार्थ रावत ने उटलफेर करते हुए रियो नेयुची को 2-6, 6-3, 6-2 से हरा दिया।

दर्शकों की संख्या बढ़ी

■ नई दिल्ली: आईसीसी ने बताया है कि 2026 टी20 वर्ल्ड कप के पहले छह मैच के बाद पिछले एडिशन की तुलना में उनके डिजिटल मंच पर विडियो व्यूज में 53% की बढ़ोतरी हुई है।

अमेरिकी पेसर ने लगातार दूसरे मैच में चार विकेट चटकाए

शैडली के शानदार स्पेल के सामने डट गए साहिबजादा

पाकिस्तान Vs अमेरिका

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत के खिलाफ पिछले मैच में चार विकेट चटकाने वाले शैडली वैन शाल्कविक (4/25) ने मंगलवार को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ भी शानदार स्पेल डालते हुए चार विकेट चटकाए। हालांकि, दूसरे छोर से उन्हें साथ सपोर्ट नहीं मिला और पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान (73 रन, 41 बॉल, 6 फोर, 5 सिक्स) की दमदार बैटिंग की बदौलत नौ विकेट पर 190 रन का टोटल खड़ा किया। बाबर आजम ने भी 32 गेंद पर 46 रन की पारी खेली। पाकिस्तानी पारी को 'आखिरी किक' शादाब खान से मिली, जिन्होंने सिर्फ 12 गेंदों पर 30 रन ठोके। शाल्कविक ने दो-दो के जोड़े में विकेट निकाले। उन्होंने पहले पारी के छठे ओवर में दो विकेट झटके और फिर पारी के 19वें ओवर में दो विकेट निकाले जिसमें आक्रामक रुख अख्तियार कर चुके शादाब का विकेट भी शामिल रहा।

रोमांचक रही शुरुआत: इससे पहले एक बार फिर अमेरिका ने टॉस जीतने के बाद पहले बोलिंग करने का फैसला किया। सौरभ नेत्रवलकर ने अच्छी शुरुआत दिलाई। टाइट लाइन पर बोलिंग डालते हुए उन्होंने पाकिस्तानी ओपनर साईम अयूब को परेशान किया और पांच गेंदें खाली। इस बीच एक सिक्स भी खाया। अयूब के खिलाफ बेहद करीबी एलबीडब्ल्यू अपील में बैटर किस्मत से बचे। हॉकआई में गेंद लेग स्टंप को छूती दिखी, लेकिन मैदानी अंपायर के नॉट आउट के फैसले ने उन्हें बचा लिया।

दे दिया दोहरा झटका: दूसरे ओवर में अदैक पर एहसान आदिल आए। आदिल पर तीन चौके जड़कर फरहान ने पारी में आत्मविश्वास पैदा किया, जिसका असर अगले ओवर में भी दिखा। दूसरा ओवर करने आए नेत्रवलकर पर दोनों ओपनर ने एक-एक सिक्स लगाया। अचानक अटैकिंग मोड में आए पाकिस्तानी बैटर्स पर कंट्रोल करने के लिए कप्तान ने पिछले मैच के हीरो शाल्कविक को गेंद थमाई। शाल्कविक ने पहले रनों की रफ्तार पर लगाम कसी और फिर पावरप्ले के अंतिम ओवर की पहली और अंतिम गेंद पर विकेट निकालकर पाकिस्तानी टीम को दोहरा झटका दिया।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

5 सिक्स मारे पाकिस्तान ने इनिंग के शुरुआती पांच ओवर्स में। यह टी20I इतिहास में पाकिस्तान का जॉइंट हाईएस्ट सिक्स है

स्कोरकार्ड

पाकिस्तान: साईम अयूब कॉ नेत्रवलकर बो शाल्कविक 19, साहिबजादा फरहान कॉ कृष्णमूर्ति बो हरमीत 73, सलमान आगा कॉ जहांगीर बो शाल्कविक 1, बाबर आजम कॉ मिलिंद बो मोहसिन 46, मोहम्मद नवाज कॉ जहांगीर बो नेत्रवलकर 5, शादाब खान कॉ गौस बो शाल्कविक 30, फहीम अशरफ कॉ नेत्रवलकर बो शाल्कविक 1, उस्मान खान रन आउट 0, शाहीन शाह अफरीदी नॉट आउट 9, अबरार अहमद रन आउट 0 **एक्सट्रा:** 6 **टोटल:** 20 ओवर्स में नौ विकेट पर 190 रन **विकेट:** 1-54, 2-56, 3-137, 4-143, 5-177, 6-179, 7-179, 8-182, 9-190 **बोलिंग:** सौरभ नेत्रवलकर 4-0-40-1, एहसान आदिल 3-0-39-0, शैडली वैन शाल्कविक 4-0-25-4, मिलिंद कुमार 1-0-16-0, मोहम्मद मोहसिन 4-0-27-1, हरमीत सिंह 4-0-41-1

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

सुधरा बाबर का स्ट्राइक रेट

इस मैच से पहले टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में कम से कम 500 रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में सबसे खराब स्ट्राइक रेट का रेकॉर्ड बाबर आजम के नाम था। बाबर ने इस मैच से पहले 110.4 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। लेकिन यहां आउट होने से पहले तेज पारी खेलकर वह सबसे खराब स्ट्राइक रेट की लिस्ट में पहले से सीधे तीसरे पर खिसक गए। फिलहाल पाकिस्तान के ही पूर्व प्लेयर मोहम्मद हफीज 111.8 के स्ट्राइक रेट के साथ पहले पर हैं। श्रीलंका के कुमार संगाकारा (112.2) दूसरे और बाबर (112.3) तीसरे पर हैं।

बाद में होगा 'रियायतों' का खुलासा

■ एजेंसियां, कराची/ नई दिल्ली: इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मैच के बॉयकॉट को खत्म करने के बदले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) को कुछ रियायतें देने का आश्वासन दिया है, लेकिन इन्हें टूर्नामेंट खत्म होने के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा। यह जानकारी मंगलवार को एक सूत्र ने दी।

अनुरा की भी भूमिका: PCB के एक सूत्र ने PTI से कहा, 'बॉयकॉट खत्म करने पर ICC से PCB को जो भी रियायतें मिली हैं, उन्हें टी20 वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा।' ICC पहले ही यह घोषणा कर चुकी है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) पर कोई बैन नहीं लगाया जाएगा और उसे 2028-2031 चक्र में एक ICC टूर्नामेंट (संभावित रूप से अंडर-19 मेंस वर्ल्ड कप) की मेजबानी भी दी जाएगी। एक अन्य सूत्र ने बताया कि श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के फोन ने बॉयकॉट खत्म कराने में बड़ी भूमिका निभाई। इसके अलावा सरकार और प्रशासन के कुछ शीर्ष लोगों की बातचीत भी अहम रही। अगर वर्ल्ड कप के बाद के चरणों में भारत और पाकिस्तान की फिर से भिड़ंत होती है तो ये उस मुकाबले को खेल सकते हैं, इसकी भी मंजूरी दी गई। एक अन्य सूत्र ने बताया कि पीएम शहबाज शरीफ PCB के संरक्षक भी हैं। उन्हें इस बात की जानकारी दी गई थी कि अगर सरकार भारत के खिलाफ नहीं खेलने की अधिसूचना जारी करती है तो पाकिस्तान को वाक ओवर हासिल हो सकता है।

बॉयकॉट विवाद पर विराम

पाकिस्तान के यूटर्न की संभावना पहले से ही थी। पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलता तो उन्हें आर्थिक नुकसान होता। ICC भी उनके खिलाफ सख्त फैसले लेती और भविष्य में उनके लिए मुश्किलें खड़ी होतीं। ऐसे में भारत के साथ मैच खेलने का फैसला उन्होंने अपने हित में लिया है।
- मदन लाल, पूर्व क्रिकेटर, भारत

शुक्ला ने जताया आभार: भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने ICC की तारीफ करते हुए कहा कि उसने 'बहुत अच्छा समाधान निकाला' जिसके कारण पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट वापस ले लिया। शुक्ला ने कहा, 'मैं BCCI की तरफ से ICC अध्यक्ष (जय शाह) और उसके पदाधिकारियों का बहुत अच्छा समाधान निकालने के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। PCB और BCB के साथ चर्चा के बाद और सभी पक्षों की बात सुनने के बाद यह निर्णय लिया गया है। यह फैसला क्रिकेट के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। क्रिकेट जारी रहना चाहिए और अब वर्ल्ड कप को बड़ी सफलता मिलेगी। अंत में क्रिकेट सभी के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इंटरनैशनल क्रिकेट सभी के लिए महत्वपूर्ण है।' श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने PCB को भारत के खिलाफ कोलंबो में होने वाले मैच का बॉयकॉट वापस लेने का निर्देश देने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

पाक को मिल सकता है फायदा: डेसखाटा



रयान टेन डेसखाटा

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: असिस्टेंट कोच रयान टेन डेसखाटा ने कहा कि भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप के लीग मैच में पाकिस्तान का सामना करने के लिए मानसिक रूप से पहले ही तैयार थी। वैसे उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पाकिस्तान को कोलंबो में पहले से रहने का एक 'लॉजिस्टिक' लाभ मिल सकता है। रयान टेन ने कहा, 'यह चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि पाकिस्तान पिछले दो हफ्ते से कोलंबो में है और हम पूरी तरह से अगले हफ्ते उस मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।' रयान टेन ने कहा कि भारतीय ड्रेसिंग रूम ने कभी भी मैदान से बाहर की घटनाओं को अपनी तैयारी पर असर डालने नहीं दिया। उन्होंने बताया, 'हमने इस स्थिति को स्वीकार लिया था और जब तक हम वहां पहुंचते और वे मैदान में उपस्थित नहीं होते, तब तक हम यही मान कर चल रहे थे कि हम मैच खेलेंगे।'

भारतीय कोच की राय

SUNIL KATARIA

लीडे के ऑलराउंड शो से नीदरलैंड्स जीता

72* रन की पारी लीडे की टी20I करियर की तीसरी बेस्ट है

14 वें प्लेयर बने लीडे टी20 वर्ल्ड कप के एक मैच में 50+ रन और 2+ विकेट का डबल पूरा करने वाले

Abhishek.upadhyay1@Timesofindia.com

■ नई दिल्ली: बास डी लीडे ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मंगलवार को हुए टी20 वर्ल्ड कप के मैच में नामीबिया के खिलाफ नीदरलैंड्स की सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने नामीबियाई पारी के दौरान अपने तीन ओवर के स्पेल में दो विकेट लिए और उसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए 72 रन की नाबाद पारी खेली। इस प्रदर्शन के दम पर उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी चुना गया। बास ने एक तरह से अपने पिता की क्रिकेट विरासत को आगे बढ़ाने का काम किया है। बास के पिता टिम डी लीडे ने 2003 के वनडे वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ 35 रन देकर चार विकेट लिए थे।

यह तकरीबन दो दशक तक किसी डच प्लेयर की वनडे वर्ल्ड कप में बेस्ट बोलिंग थी। यह रेकॉर्ड पॉल वान मीकेरेन ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ 23 रन पर चार विकेट लेकर तोड़ा। नीदरलैंड्स की यह मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत है।

नहीं करने दिया अटैक: टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया को तीसरे ओवर में ही पहला झटका लग गया, जब आर्यन दत्त ने लॉरेन स्टीनकैंप (6) को आउट किया। इसके बाद यान फ्राइलिंक (30) और वान निकोल-इटॉन (42) ने 42 गेंद में 50 रन जोड़कर पारी संभाली, लेकिन लोगान वान बीक (2/13) ने फ्राइलिंक को चलता किया। कप्तान गेरहार्ड इरास्मस (18, 9 गेंद) ने आक्रामक रुख अपनाया, पर लीडे ने उनका अहम विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। इसके बाद नामीबिया की पारी लड़खड़ा गई और टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 156 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड्स ने 46 रन तक दोनों ओपनरों को गंवा दिया। 13वें ओवर में कॉलिन एकरमैन (32) का कैच छूटना नामीबिया को भारी पड़ा। यहीं से लीडे ने पहले एकरमैन के साथ 70 और फिर कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (18*) के साथ नाबाद 43 रन जोड़कर जीत सुनिश्चित की। लीडे ने 48 गेंद में पांच चौके और चार छक्के लगाए।

'नहीं ली कोई टिप्स': मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने पिता और उनके द्वारा दी कोई टिप पर किए गए सवाल पर लीडे ने कहा, 'मैंने कोई बात नहीं की। हालांकि, वर्ल्ड कप 2023 से पहले मैंने उनसे बात की थी। हमारी बात भारत और उसकी कंडीशन पर हुई थी। वह एक ऐसे समय में खेलते थे, जब टी20 क्रिकेट का क्रत्बा बढ़ा नहीं था।'

नीदरलैंड्स Vs नामीबिया

टी20 वर्ल्ड कप

11 मुकाबले जीत लिए हैं नीदरलैंड्स ने टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में। इस टूर्नामेंट में सबसे सफल असोसिएट टीम है

ब्रीफ स्कोर

नामीबिया: 20 ओवर्स में 8 विकेट पर 156 रन (लॉफ्टी-इटॉन 42, यान फ्राइलिंक 30, लोगान वान बीक 2/13, बास डी लीडे 2/20)

नीदरलैंड्स: 18 ओवर्स में 3 विकेट पर 159 रन (बास डी लीडे 72*, कॉलिन अकैरमैन 32, बरनार्ड स्कोल्ट्ज 1/27, रुबेन ट्रम्पलमैन 1/30)

सा. अफ्रीका से अफगानों का 'नॉकआउट' मैच

अफगानिस्तान Vs सा. अफ्रीका

अहमदाबाद

■ एजेंसियां, अहमदाबाद: पिछले वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले अफगानिस्तान की टीम पर इस बार ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो जाने का खतरा मंडराने लगा है। पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से मिली हार के बाद आज साउथ अफ्रीका के खिलाफ उनका मैच लगभग 'करो या मरो' जैसा बन गया है। अगर वे यह मैच हारते हैं, तो कनाडा और यूएई के खिलाफ जीत भी शायद सुपर-8 स्टेज में पहुंचने के लिए पर्याप्त न हो क्योंकि प्रत्येक ग्रुप से केवल दो टीम ही सुपर-8 में पहुंचेंगी। कनाडा पर 57 रन की जीत ने न सिर्फ उसे दो अंक मिले बल्कि इसने उसके नेट रन रेट को 2.850 तक पहुंचा दिया है। दूसरी ओर न्यूजीलैंड (1.162) से पांच विकेट से हारने के कारण अफगानिस्तान -1.162 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। उसे अगले दौर में पहुंचने की अपनी उम्मीद को बरकरार रखने के लिए न केवल मैच जीतना होगा बल्कि अपना नेट रन रेट भी सुधारना होगा।

'ग्रुप ऑफ डेथ' बन गया: इस तरह की परिस्थितियों में साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। अफगानिस्तान की टीम कभी हार नहीं मानने का जज्बा रखती है और साउथ अफ्रीका इससे अच्छी तरह से वाकिफ होगा। साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान जैसी टीमों की मौजूदगी के कारण यह 'ग्रुप ऑफ डेथ' बन गया है। अफगानिस्तान के लिए यह मुकाबला आसान नहीं होगा। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अब तक तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और तीनों में हार झेली है। पिछली हार पिछले वर्ल्ड कप में मिली थी जब साउथ अफ्रीकी बोलर्स ने उन्हें सिर्फ 56 रन पर समेट दिया था।

3 विकेट दूर है अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान टी20 क्रिकेट में 700 विकेट के मार्क से

आमना-सामना (कुल टी20I: 3)

3 सा. अफ्रीका **0** अफगानिस्तान

संभावित प्लेइंग XI

साउथ अफ्रीका: एडेन मार्कराम (कप्तान), रिकलटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टान स्टब्स, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, कागिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनिडी

अफगानिस्तान: रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, गुलबदीन नायब, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह ओमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान (कप्तान), मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी

टेलिकास्ट

सुबह 11:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दे सकता है वेस्टइंडीज

इंग्लैंड Vs वेस्टइंडीज

मुंबई

■ एजेंसियां, मुंबई: नेपाल के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-सी के अपने पहले ही मैच में बमुश्किल 'लटफेर से बचने वाली इंग्लैंड की टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले एक अहम और बराबरी के मुकाबले में अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा। दोनों टीमें अतीत में दो बार यह प्रतियोगिता जीत चुकी हैं और मौजूदा चैंपियन भारत की तरह तीसरी बार खिताब जीतने की कोशिश में हैं। हैरी ब्रुक की अगुआई वाली टीम को सतर्क रहने की जरूरत होगी। इंग्लैंड ग्रुप-सी में अपनी स्थिति सुधारने के लिए भी उत्सुक होगा क्योंकि जीत के बावजूद वह 0.200 नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के भी दो अंक हैं और उसका नेट रन रेट 1.750 है।

टेलिकास्ट *शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर*

इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक

टिम-फिन ने दिलाई 10 विकेट से जीत

प्लेयर ऑफ द मैच टिम सीफर्ट

■ एजेंसियां, चेन्नै: शानदार फॉर्म में चल रहे टिम सीफर्ट (89* रन) के अलावा फिन एलेन (84* रन) की आक्रामक पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने टी20 वर्ल्ड कप मैच में मंगलवार को 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यूएई को छह विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवर्स में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। टिम-फिन के बीच पहले विकेट के लिए 92 गेंद में 175 रन की रेकॉर्ड साझेदारी हुई। न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी जीत है। टीम ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था।

सबसे बड़ी पार्टनरशिप: 'प्लेयर ऑफ द मैच' सीफर्ट ने 42 गेंद की पारी में 12 फोर और 3 सिक्स लगाए। एलेन ने 50 बॉल की इनिंग्स में 5 फोर और इतने ही सिक्स जड़े। इसके साथ एलेन ने टी20 इंटरनैशनल में अपने 100 सिक्स भी पूरे किए। इस जोड़ी ने यूएई के बोलर्स को कोई मौका नहीं दिया। दोनों की 175 रन की साझेदारी टी20 वर्ल्ड कप में किसी भी विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। इससे पहले, कप्तान मो. वसीम (66* रन) और अलीशान शराफू (55 रन) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से यूएई ने छह विकेट पर 173 रन बनाए।

ब्रीफ स्कोर

यूएई: 20 ओवर्स में 6 विकेट पर 173 रन (वसीम 66*, शराफू 55, हेनरी 2/37, ग्रीनी 1/16)

न्यूजीलैंड: 15.2 ओवर्स में 175/0 (सीफर्ट 89*, एलेन 84*)

ऑस्ट्रेलिया का अभियान आज से

SOCIAL MEDIA

ऑस्ट्रेलिया Vs आयरलैंड

कोलंबो

■ एजेंसियां, कोलंबो: हालिया खराब नतीजों और तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों की गैरमौजूदगी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप के अपने पहले मुकाबले में जीत का प्रबल दावेदार रहेगा। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड चोट के कारण बाहर हैं, जबकि मिचेल स्टार्क इस फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में नाथन एलिस चोट से उबरकर तेज आक्रमण की अगुआई कर सकते हैं, जबकि उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में अनुभवी लेग स्पिनर एडम जांपा की भूमिका अहम होगी। कूपर कोनोली और मैट कुहनेमैन के साथ जांपा स्पिन विभाग को मजबूती देंगे। बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड, कप्तान मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिस और मार्कस स्टोइनिस किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को चुनौती देने में सक्षम हैं। दूसरी ओर पॉल स्टर्लिंग की कप्तानी में आयरलैंड को अपने पहले मैच में श्रीलंका से हार मिली थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के लिए उसे हर विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

नाथन एलिस

टेलिकास्ट दोपहर 3 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर।

भारत अपने पहले मैच में बेल्जियम से टकराएगा

FIH प्रो-लीग भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह

■ एजेंसियां, राउरकेला: भारतीय मेंस हॉकी टीम बुधवार से यहां बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले FIH प्रो-लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। पिछली बार भारतीय टीम आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को मजबूत बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी। भारत ने प्रो लीग में अभी तक अपना अभियान शुरू नहीं किया है, जबकि अर्जेंटीना और बेल्जियम दोनों ही सत्र की शानदार शुरुआत के बाद राउरकेला पहुंचे हैं।

बंगाल ने भी बनाई अंतिम-4 में जगह

■ एजेंसियां, कल्याणी: सुदीप कुमार घरामी की 299 रन की पारी से पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा करने वाली बंगाल ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में आंध्र को इनिंग्स और 90 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। आंध्र की पहली पारी 295 रन पर सिमटने के बाद बंगाल ने 629 रन बनाकर 334 रन की बढ़त हासिल की। आंध्र दूसरी पारी में 244 रन ही बना सका। सुदीप को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। बंगाल 15 फरवरी को सेमीफाइनल में जम्मू-कश्मीर से खेलेगा, जबकि कर्नाटक की टीम उत्तराखंड से भिड़ेगी।

रणजी का रण

शाहबाज ने लिए 4 विकेट

आकृति ने जीता सिल्वर, अंजुम को ब्रॉन्ज मेडल

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप

आकृति (बाएं) और अंजुम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौद्गिल ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में विमेंस 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन (3पी) इवेंट में क्रमशः सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। कजाकिस्तान की सोफिया शुलद्रोवो ने 35 शॉट्स के फाइनल में 358.2 अंक जुटाकर वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड जीता। जूनियर विमेंस 3पी इवेंट में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ गोल्ड जीता। कजाकिस्तान की टीमिरिस अमानोवा को सिल्वर और भारत की अनुष्का ठाकुर को ब्रॉन्ज मिला। टीम इवेंट में प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने गोल्ड जीता। मेंस 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में आदर्श सिंह टॉप पर रहे।

'वॉकी-टॉकी' के पक्ष में है बटलर

जोस बटलर

■ एजेंसियां, मुंबई: इंग्लैंड के बैटर जोस बटलर ने कहा कि मैदान पर खिलाड़ियों तक संदेश पहुंचाने के मामले में क्रिकेट अन्य खेलों की तुलना में अभी पीछे है। वह बयान उन्होंने उस घटना के बाद दिया, जब इंग्लैंड के हेड कोच ब्रैंडन मैकुलम को नेपाल के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मैच के दौरान 'हिंक्स ब्रेक' में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से वॉकी-टॉकी के जरिए बात करते हुए देखा गया। बटलर ने कहा, 'अन्य खेलों, जैसे रग्बी में मैनेजर और कोच लगातार संदेश भेजते रहते हैं। आने वाले समय में शायद क्रिकेट में भी यह और बढ़े।'

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTKHEL User: cci Time: 02-10-2026 22:51 Color:

फटाफट खबरें

अब डाकघर में भी मिलेंगे MF

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** डाक विभाग (DoP) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) ने मंगलवार को एक समझौते पर दस्तखत किए हैं। इस साझेदारी का मकसद ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों में रहने वाले भारतीयों की छोटी-छोटी बचत को म्यूचुअल फंड निवेश में बदलकर उन्हें बड़ी संपत्ति बनाने में मदद करना है। पहले चरण में इस पर फोकस होगा कि लोग अपनी सुविधा के अनुसार छोटी रकम से निवेश शुरू कर सकें। दूसरे चरण में, 55 AMCs की सभी ओपन-एंडेड स्कीम्स, लक्ष्य आधारित निवेश, पोर्टफोलियो की जांच, क्षेत्रीय भाषाओं में जानकारी और सलाह जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

बेरोजगारी दर में गिरावट: रिपोर्ट

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** शहरों में 15 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी की दर में मामूली कमी आई है। नेशनल स्टैटिस्टिक्स ऑफिस (NSO) की ओर से मंगलवार को जारी एक सर्वे के मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर 2025 की तिमाही में यह दर घटकर 6.7 फीसदी रह गई, जो इससे पिछली तिमाही में 6.9 फीसदी थी।

बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी का दौर जारी रहा। सेंसेक्स 208.17 अंक (0.25%) उछलकर 84,273.92 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 67.85 अंक (0.26%) की बढ़त के साथ 25,935.15 पर बंद हुआ। ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.35% की तेजी रही। सोमवार को विदेशी निवेशकों ने 2,254.64 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की थी।

CRAs के लिए फ्रेमवर्क जारी

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने मंगलवार को उन क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों (CRAs) के लिए फ्रेमवर्क जारी किया है, जो सेबी के अलावा दूसरे वित्तीय नियामकों (RBI या IRDAI) के तहत आने वाले फाइनैंशल इंस्ट्रूमेंट्स की भी रेटिंग करती हैं। इसका मकसद रेटिंग के कामों का सही विभाजन करना है।

पहली बार गोल्ड ETF आगे

इक्विटी MF में निवेश जनवरी में लगातार दूसरे महीने कम : रिपोर्ट

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** जनवरी के महीने में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 14% गिरकर 24,028 करोड़ रुपये रह गया। यह लगातार दूसरा महीना है जब इक्विटी फंड में निवेश में कमी देखी गई है। दूसरी तरफ, गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (Gold ETF) में निवेश बहुत तेजी से बढ़ा। इसमें कुल 24,040 करोड़ रुपये का निवेश आया। यह पिछले महीने (11,647 करोड़ रुपये) के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा है। सबसे अहम बात यह है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब गोल्ड ETF में आने वाला पैसा इक्विटी म्यूचुअल फंड में आने वाले पैसे से थोड़ा ज्यादा हो गया है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (Amfi) की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी में इक्विटी फंड में निवेश दिसंबर (28,054 करोड़ रुपये) और नवंबर (29,911 करोड़ रुपये) के मुकाबले कम रहा। हालांकि यह अक्टूबर (24,690 करोड़ रुपये) की तुलना में बेहतर है। हालांकि सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (SIP) के जरिए आने वाला पैसा जनवरी में 31,000 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा। इससे पता चलता है कि आम लोग अभी भी अनुशासन के साथ लंबी अवधि के लिए निवेश करना पसंद कर रहे हैं। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का असेट बेस बढ़ा है।

AI Image

क्या रही वजह

Nippon MF के सीईओ सुदीप सिक्का के अनुसार बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाव के रूप में निवेशकों की दिलचस्पी गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में बढ़ी है। वे के CEO वरुण भूता का कहना है कि सोना और चांदी अब मुख्यधारा के पोर्टफोलियो असेट्स के रूप में वित्तीय रूप से अधिक स्वीकार किए जा रहे हैं। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी के MD CEO ए. बालसुब्रमण्यम ने कहा कि लॉन्ग टर्म असेट क्रिएशन के लिए इक्विटी अब भी पसंदीदा असेट क्लास बना है। वीएसआरके कैपिटल के डायरेक्टर स्वप्निल अग्रवाल का कहना है कि पिछले कई महीनों से शेयर बाजार से मिलने वाला रिटर्न कम रहा है।

क्या कहते हैं आंकड़े?

- **इक्विटी MF:** 24,028 करोड़ (पिछले महीने से 14% कम)
- **गोल्ड ETF:** 24,040 करोड़ रुपये (दिसंबर के 11,647 करोड़ से दोगुने से ज्यादा)
- **मिड-कैप:** 3,185 करोड़ (दिसंबर में 4,176 करोड़)
- **स्मॉल-कैप:** 2,942 करोड़ रुपये (दिसंबर 3,824 करोड़)
- **फ्लेक्सी-कैप:** 7,672 करोड़
- **लार्ज एंड मिड-कैप:** 3,182 करोड़ रुपये
- **लार्ज-कैप:** 2,005 करोड़
- **ELSS (टैक्स सेविंग फंड):** 594 करोड़ रुपये की निकासी
- **हाइब्रिड:** 17,356 करोड़ रुपये का आया निवेश

MF का लेखा-जोखा

- **SIP पर भरोसा:** बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद आम निवेशकों का भरोसा कम नहीं हुआ है। SIP के जरिए आने वाला निवेश 31,000 करोड़ रुपये पर स्थिर बना हुआ है।
- **मिड और स्मॉल-कैप की रफ्तार थमी:** मिड-कैप और स्मॉल-कैप फंड्स में निवेश की गति धीमी रही है। इसका मुख्य कारण शेयरों की बढ़ी हुई कीमतें (हाई वैल्यूएशन) हैं।
- **Debt फंड में वापसी:** पिछले महीनों की भारी निकासी के बाद, जनवरी में Debt फंड्स में 74,827 करोड़ रुपये आया है। निवेशक फिक्स्ड इनकम वाले विकल्पों की ओर भी देख रहे हैं।
- **फ्लेक्सी-कैप पहली पसंद:** इक्विटी स्कीमों के भीतर निवेशकों ने सबसे ज्यादा पैसा 'फ्लेक्सी-कैप' फंड्स में लगाया, जबकि टैक्स बचाने वाली ELSS स्कीमों से पैसा बाहर निकला।

छापेमारी से पहले नोटिस, मिटा सकते हैं सबूत : SC

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को डिजिटल दौर में जांच अधिकारियों के सामने आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों का जिक्र किया। कोर्ट ने कहा कि अगर छापेमारी (सर्च और जब्ती) से पहले नोटिस देने की शर्त रखी गई, तो जांच शुरू होने से पहले ही खत्म हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इनकम टैक्स ऐक्ट की धारा 132 के तहत दी गई छापेमारी की शक्तियों को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। याचिका में कहा गया है कि अधिकारियों के पास इस धारा के तहत इतनी ज्यादा पावर है कि उसका गलत इस्तेमाल हो सकता है।

इनकम टैक्स ऐक्ट की धारा 132 आर्टी अधिकारियों को यह ताकत देती है कि अगर उनके पास कोई ठोस वजह है कि किसी व्यक्ति ने अपनी आय, संपत्ति या दस्तावेज छिपाए हैं तो वे उसकी तलाशी ले सकते हैं। सामान जब्त कर सकते हैं। बेंच ने मामले को दो हफ्ते के लिए टाल दिया है।

सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने छापेमारी से पहले नोटिस देने में आने वाली दिक्कतों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में ऐसा करना जांच के मकसद को ही खत्म कर देगा, क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक सबूतों को बहुत आसानी से नष्ट किया जा सकता है। जस्टिस बागची ने कहा, डिजिटल रेकॉर्ड वाली ऐसी जांच को दबाने का सबसे आसान तरीका यह है कि उस डिवाइस (मोबाइल या कंप्यूटर) को ही नष्ट कर दिया जाए। चीफ जस्टिस ने कहा कि अधिकारियों को मिली कानूनी शक्तियां न तो अनियंत्रित हैं और न ही बेलगाम।

24.64 लाख से ज्यादा रिटर्न पेंडिंग : केंद्र

पीटीआई, नई दिल्ली : असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए 4 फरवरी तक करीब 8.80 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) दाखिल किए गए। इनमें से 24.64 लाख से ज्यादा रिटर्न ऐसे हैं, जिन्हें प्रोसेस होने में 90 दिनों से ज्यादा का समय हो गया है। वे अब भी पेंडिंग हैं। राज्यसभा में एक लिखित जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने ये यह जानकारी दी।

ED ने अनिल अंबानी, पत्नी को भेजा नया समन

FILE

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी और उनकी पत्नी टीना अंबानी को नया समन जारी किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में पूछताछ के लिए दोनों को अगले हफ्ते पेश होने के लिए कहा गया है। टीना अंबानी को सोमवार को ही एजेंसी के सामने पेश होना था, लेकिन वह नहीं आईं। अधिकारियों के मुताबिक, अब उन्हें 17 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। 18 फरवरी को अनिल अंबानी को पेश होने के लिए कहा गया है। पेश होने पर मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (PMLA) के तहत उनके बयान दर्ज किए जाएंगे।

बता दें कि रिलायंस ग्रुप की कंपनियों और उनके बैंक लोन से जुड़ी जांच के सिलसिले में अनिल अंबानी से पिछले साल भी एक बार पूछताछ की जा चुकी है। माना जा रहा है कि टीना अंबानी को न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में एक आलीशान अपार्टमेंट की खरीद से जुड़े पैसे के लेन-देन के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

Titan का मुनाफा 61% उछला

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** जूलरी और घड़ी बनाने वाली कंपनी टाइटन ने मंगलवार को अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा की। FY26 की दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा 60.84% बढ़कर 1,684 करोड़ रुपये रहा। कंपनी की इस खेप में उसके परेलू जूलरी बिजनेस का सबसे बड़ा हाथ रहा।

टाइटन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, पिछले साल इसी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में कंपनी को 1,047 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। मुनाफे के साथ-साथ कंपनी की बिक्री में भी भारी उछाल आया है। दिसंबर तिमाही में बिक्री 42% बढ़कर 24,915 करोड़ रुपये हो गई। इस तिमाही के दौरान टाइटन का जूलरी बिजनेस 45.6% बढ़कर 23,492 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का कहना है कि पुराने सोने के बदले नए गहने लेने की स्कीमों की वजह से मांग काफी मजबूत रही। वहीं, बेकरी फूड कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बताया कि दिसंबर तिमाही में कंपनी का कुल शुद्ध मुनाफा 17.14% बढ़कर 682.14 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट 100 साल के लिए लेगी कर्ज

कंपनी 100 साल की मैच्योरिटी वाला बॉण्ड जारी करेगी

■ **NBT रिपोर्ट:** गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट AI की रेस में आगे रहने के लिए भारी-भरकम फंड जुटा रही है। इसके लिए कंपनी ने 100 साल की अवधि वाला अनोखा बॉण्ड जारी करने का फैसला किया है। पिछले 30 सालों में ऐसा किसी टेक कंपनी द्वारा नहीं किया गया है।

फाइनैंशल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यह 100 साल वाला बॉण्ड अल्फाबेट द्वारा फाउंड में कर्ज जुटाने की पहली कोशिश का हिस्सा है। इसके साथ ही, कंपनी अमेरिकी डॉलर बॉण्ड के जरिए भी 20 अरब डॉलर जुटा रही है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, पहले कंपनी ने 15 अरब डॉलर जुटाने की योजना बनाई थी। जब निवेशकों की तरफ से 100 अरब डॉलर से ज्यादा की डिमांड (ऑर्डर) आई, तो कंपनी ने कर्ज की रकम बढ़ा दी। इसके अलावा स्विस फ्रैंक में भी बॉण्ड लाने की तैयारी है। डॉलर वाले बॉण्ड को सात हिस्सों में बांटा गया है। इसमें सबसे लंबी अवधि का बॉण्ड 40 साल का है, जो 2066 में मैच्योर होगा। बाजार में इस कर्ज की बहुत ज्यादा मांग है, खासकर छोटे समय (3 साल) वाले बॉण्ड के लिए निवेशकों में काफी उत्साह देखा गया।

AI Image

- बॉण्ड का उद्देश्य Gemini AI और क्लाउड सुविधाओं का विस्तार करना है।
- 30 साल बाद किसी टेक कंपनी ने जारी किया 100 साल वाला बॉण्ड

इस सौदे से जुड़े एक बैंकर ने बताया कि अलग-अलग करेंसी (जैसे पाउंड, डॉलर, स्विस फ्रैंक) में बॉण्ड जारी करने से अल्फाबेट को दुनिया भर के नए निवेशकों से जुड़ने में मदद मिलती है। आजकल बड़ी टेक कंपनियों के पैसों की जरूरतें बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। अगर वे सिर्फ डॉलर बाजार पर निर्भर रहेंगी, तो मांग और सप्लाई का संतुलन बिगड़ सकता है। साथ ही, पाउंड मार्केट में ब्याज दरें डॉलर के मुकाबले कम हैं, जिससे 100 साल वाला यह बॉण्ड कंपनी के लिए सस्ता और फायदेमंद साबित होगा। कुछ दिन पहले ही अल्फाबेट ने कहा था कि वह इस साल अपने कामकाज और विस्तार पर 185 अरब डॉलर तक खर्च कर सकती है।

STEM भर्ती में 50% महिलाएं होंगी: Vedanta

■ **NBT रिपोर्ट:** 'इंटरनेशनल डे ऑफ वुमेन एंड गर्ल्स इन साइंस' (11 फरवरी) के मौके पर वेदांता लिमिटेड ने एक बड़ा ऐलान किया है। विज्ञान और तकनीक (STEM) के क्षेत्र में होने वाली नई भर्तियों (फ्रेशर्स) में अब महिलाओं की हिस्सेदारी 35% से ज्यादा हो गई है। अगर इसमें लीडरशिप और मैनेजमेंट के पदों को भी जोड़ दिया जाए तो यह आंकड़ा 45% तक पहुंच जाता है। वेदांता की नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने बताया कि कंपनी ने अब लक्ष्य रखा है कि इस साल से STEM के पदों पर होने वाली 50% भर्तियां महिलाओं की होंगी। उन्होंने बताया कि यह कदम भारत के मेटल्स, माइनिंग (खनन), मैन्युफैक्चरिंग और एनर्जी जैसे क्षेत्रों में महिला-पुरुष समानता के लिहाज से एक ऐतिहासिक बदलाव है। उन्होंने बताया कि ये ऐसे उद्योग हैं जिनमें पारंपरिक रूप से हमेशा पुरुषों का ही दबदबा रहा है।

Anthropic के रिसर्चर ने छोड़ी नौकरी, दी चेतावनी

■ **NBT रिपोर्ट :** Anthropic की सेफ्टीइमर्ज रिसर्च टीम के हेड मृणांक शर्मा ने अपना पद छोड़ दिया है। मृणांक ने X पर 9 फरवरी को अपने इस्तीफे की जानकारी साझा की। मृणांक ने अपने विदाई संदेश में एक गंभीर चेतावनी दी है कि एआई और अन्य संकटों के कारण दुनिया खतरे में है। उन्होंने संकेत दिया कि कंपनियों में अक्सर नैतिक मूल्यों के बजाय अन्य दबाव हावी हो जाते हैं। अब वह टेक्नोलॉजी की दुनिया छोड़कर कविता और लेखन के क्षेत्र में अपनी नई राह तलाशने जा रहे हैं।

TOI के मुताबिक, एंथ्रोपिक ने फरवरी 2025 में अपनी 'सेफगार्डस रिसर्च टीम' बनाने का ऐलान किया था। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से मशीन लर्निंग में पीएचडी करने वाले मृणांक ने अगस्त 2023 में कंपनी जॉइन की थी। उनकी टीम का काम एआई से होने वाले खतरों को कम करना था। उन्होंने एआई चैटबॉट्स द्वारा यूजर्स की जरूरत से ज्यादा तारीफ करने और एआई के जरिए होने वाले गलत कामों को रोकने पर रिसर्च की।

Social Media

AI सेफ्टी हेड मृणांक शर्मा ने कहा- इंसानियत को बिगाड़ रहे हैं चैटबॉट्स

मृणांक ने पिछले हफ्ते एक स्टडी पब्लिश की, जिसमें उन्होंने पाया कि AI चैटबॉट्स का इस्तेमाल करने से लोगों का हकीकत को देखने का नजरिया बिगड़ सकता है। उन्होंने पाया कि ऐसे हजारों घटनाएं हर रोज हो रही हैं। हालांकि गंभीर मामले कम हैं, लेकिन रिश्तों और सेहत जैसे विषयों पर चैटबॉट्स का प्रभाव ज्यादा है। मृणांक का कहना है कि हमें ऐसे एआई सिस्टम चाहिए जो इंसान की आजादी और उसकी भलाई का साथ दें।

मेरा गांव, मेरा पास

फटाफट खबरें

योगी सरकार आज करेगी बजट पेश

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** योगी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट बुधवार को पेश करेगी। प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में सरकार इस बजट को लोकलुभावन बनाने की तैयारी में है। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 'लोक कल्याण संकल्प पत्र' के जरिए 130 प्रमुख वादे किए थे। सरकार अलग-अलग बजट में ज्यादातर योजनाओं के लिए रकम आवंटित कर चुकी है। अब चुनावी बजट में बचे वादे पूरा करने पर फोकस होगा।

किशोरी से दुराचार का आरोपी अरेस्ट

■ **NBT न्यूज, लखनऊ :** हुसैनगंज पुलिस ने किशोरी से दुराचार के आरोपित को सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने बताया कि इलाके में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी 3 फरवरी को संदिग्ध हालात में लापता हो गई थी। पीड़ित पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। किशोरी को उन्नाव के सौहरामऊ का रहने वाला कैटरर अजय गुप्त अपने साथ ले गया था। सर्विलांस सेल की मदद से पुलिस ने आरोपित को उन्नाव समदपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपित ने किशोरी से दुराचार किया था।

बेटी होने पर महिला को रखा भूखा, FIR दर्ज

■ **NBT रिपोर्ट, मेरठ:** बरेली में एक विवाहिता ने अपने ससुराल वालों पर दहेज और बेटे की चाहत में प्रताड़ित करने, बेटी पैदा होने पर भूखा प्यासा रखने, इलाज नहीं कराने पर बेटी की मौत होने का आरोप लगाते हुए पति, ससुर और ननद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। बरेली जिले के बारादरा निवासी फातमा नाज ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी दिल्ली निवासी असलम संग हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से पति असलम, ससुर नजमा और ननद दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। तीन साल पहले पीड़िता ने बेटी को जन्म दिया। लेकिन पति को बेटा चाहिए था। बेटी के बीमार होने पर ससुराल वालों ने बच्ची का इलाज नहीं कराया, जिससे उसकी मौत हो गई।

3 मिनट में थाने में दर्ज हुए आरोपी के पिता के बयान

कानपुर में लैंबॉर्गिनी से तीन लोगों को मारी थी टक्कर

Praveen.Mohta
@timesofindia.com

■ **कानपुर :** लैंबॉर्गिनी से रविवार को डीआईजी रोड पर हुई टक्कर के मामले में मंगलवार को आरोपी शिवम मिश्रा के पिता केके मिश्रा ग्वालटोली थाने पहुंचे। यहां बंद कमरे में 3 मिनट में अपने बयान दर्ज कराए। बाहर आकर केके मिश्रा ने कहा कि गाड़ी ड्राइवर चला रहा था। शिवम बगल की सीट पर बैठा था। ग्वालटोली थाने में डीसीपी और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में 3 मिनट तक बंद कमरे में कुछ बातचीत हुई। कारोबारी केके मिश्रा ने कहा कि गाड़ी में शिवम और ड्राइवर था। शिवम गाड़ी का ट्रायल ले रहा था। जब शिवम की तबीयत खराब होने लगी तो ड्राइवर ने ब्रेक लगाया, गाड़ी रोकी। तभी एक टेंपो ने टक्कर मारी।

कोर्ट में बेल और रिलीज अर्जी: कानपुर के कोर्ट में ड्राइवर मोहन लाल की तरफ से मंगलवार को बेल और रिलीज अर्जी दाखिल हुई है। सुनवाई बुधवार को होगी। पहले बताया गया था कि सुनवाई मंगलवार को है।

आरोपी शिवम दिल्ली में: बचाव पक्ष के वकील धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि ड्राइवर मोहन लाल ने कोर्ट में एफिडेविट दिया है कि गाड़ी वह खुद चला रहा था। शिवम को चक्कर आया और टेंपो ने गाड़ी को टक्कर मारी। गाड़ी लॉक होने पर शीशा तोड़ शिवम को बाहर निकाला गया। सबने देखा कि शिवम बीमार था। इलाज के लिए दिल्ली में है। पुलिस को मेडिकल दे दिया गया है।

सही तथ्यों पर दाखिल होगी चार्जशीट

पुलिस कमिश्नर रणबीर लाल ने कहा कि हादसे में लैंबॉर्गिनी के ड्राइवर का नाम शिवम मिश्रा ही है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों पर जल्द कोर्ट में चार्जशीट दाखिल होगी। मामले में निष्पक्ष और सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। डीसीपी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि शिवम के पिता ने ग्वालटोली थाने में बयान दर्ज कराए हैं। जांच में साफ है कि गाड़ी ड्राइवर शिवम चला रहा था।

संभल हिंसा मामला: पुलिस पर FIR के आदेश पर हाई कोर्ट की रोक

■ **प्रयागराज:** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने संभल हिंसा मामले में एडिशनल एसपी समेत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर रोक लगा दी है। यह आदेश उत्तर प्रदेश सरकार और संभल के अपर पुलिस अधीक्षक अनुज चौधरी की ओर से दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के बाद दिया गया। न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकल पीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अगली सुनवाई तक एफआईआर के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। यह मामला नवंबर 2024 में हुई संभल हिंसा से जुड़ा है। संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) विभांशु सुधीर ने जामीन नामक व्यक्ति की अर्जी पर पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। जामीन ने आरोप लगाया था कि हिंसा के दौरान पुलिस ने उसके बेटे को जान से मारने की नीयत से गोली चलाई, जिससे वह घायल हो गया। इसी आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी।

राज्य सरकार और पुलिस अधिकारियों की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने दलील दी कि सीजेएम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की अनिवार्य प्रक्रिया का पालन नहीं किया।

उन्होंने कहा कि बीएनएसएस की धारा 175(4) के तहत किसी लोक सेवक के खिलाफ एफआईआर का आदेश देने से पहले दो चरणों की प्रक्रिया जरूरी है। इसमें वरिष्ठ अधिकारी से रिपोर्ट मंगाना और संबंधित पुलिस अधिकारी का स्पष्टीकरण सुनना शामिल है। इस मामले में रिपोर्ट तो मंगाई गई, लेकिन पुलिस अधिकारियों के स्पष्टीकरण पर कोई विचार नहीं किया गया।

मथुरा में एक ही परिवार के पांच लोग मृत पाए गए, पुलिस को सामूहिक आत्महत्या का संदेह

■ **भाषा, मथुरा**

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के ख्वपपुर गांव में मंगलवार को एक दंपती और उनके तीन नाबालिग बच्चे अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उन्हें संदेह है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। पुलिस को परिवार के मुखिया द्वारा बनाया गया एक वीडियो और दीवार पर लिखे संदेश के अलावा एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट और वीडियो की सामग्री के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान किशन मनीष कुमार (35), उनकी 32 वर्षीय पत्नी तथा उनके तीन नाबालिग बच्चों-दो बेटियों और एक बेटे के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे अपने घर के एक कमरे में मृत पाए गए हैं। पुलिस ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी मनीष कुमार के भाई से मिली।


PTI

दरवाजा तोड़कर भाई पहुंचा घर के अंदर

पुलिस के मुताबिक जब बच्चे सुबह खेलने के लिए बाहर नहीं आए, तो मनीष का भाई कुछ ग्रामीणों के साथ दीवार फांदकर घर के अंदर गया और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा, जहां उसने अपने परिवार के सदस्यों को मृत पाया। एसएसपी ने बताया कि सभी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

लड़की सांप की केंचुली रखकर हो गई फरार, लोग बोले-ये तो नागिन बन गई

■ **NBT न्यूज, इटावा**

औरैया के फफूंद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक लड़की फिल्मी घटनाक्रम कर घर से फरार हो गई। उसने अपने कपड़े में सांप की केंचुली लपेटकर बिस्तर पर रख दी जिससे गांव में चर्चा हो गई कि लड़की नागिन बन गई है। इसके बाद पुलिस पहुंची। परिजन अब कुछ बोलने को भी तैयार नहीं हैं। पुलिस ने लड़की का मोबाइल सर्विलांस पर लगाया है।

युवती का गांव में ही युवक से प्रेम प्रसंग था। उसके परिजन कहीं और शादी तय कर रहे थे जिससे युवती नाखुश थी। बस इसी बात को लेकर युवती ने फिल्मी ड्रामा करने की योजना बनाई और अपने कपड़े में सांप की केंचुली लपेटकर बिस्तर पर रख दी। इसके बाद घर से फरार हो गई। सुबह परिजनों ने देखा तो घर में सुगबुगाहट होने लगी और दोपहर तक यह बात पूरे गांव में फैल गई। परिजनों ने पहले लड़की के नागिन होने का दावा किया। इसके बाद जब पुलिस आई तो परिजन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हुए। थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि लड़की का मोबाइल सर्विलांस पर लगा है। जल्द उसे बरामद कर लेंगे।

- औरैया के गांव में लड़की किसी फिल्मी घटनाक्रम की तरह घर से भाग गई
- लड़की ने अपने कपड़े में सांप की केंचुली लपेटकर बिस्तर पर रख दी थी
- पुलिस ने कहा, लड़की का फोन सर्विलांस पर है, उसे जल्द बरामद कर लेंगे

मनोरंजन



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMIND User: cci Time: 02-10-2026 22:43 Color:

NBT AI टाइम मशीन

आज तिलका मांझी का जन्मदिन

आज ही के दिन 1750 में बिहार के सुल्तानगंज में भारत के पहले स्वतंत्रता सेनानी तिलका मांझी का जन्म हुआ था। उन्होंने अंग्रेजी शासन के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी। संथालों के प्रसिद्ध संथाल विद्रोह का नेतृत्व भी मांझी ने किया था। 1770 में जब भीषण अकाल पड़ा तो उन्होंने अंग्रेजी शासन का खजाना लूटकर गरीबों में बांट दिया। 13 जनवरी 1785 में इस महान स्वतंत्रता सेनानी को अंग्रेजों ने फांसी पर चढ़ा दिया था।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स । मुंबई। बुधवार, 11 फरवरी 2026, पेज 12

देश के नायकों से संवाद करेंगे लोग

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में तिलका मांझी जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि डिजिटल अनुभव, वर्चुअल रिपॉजिटरी और लोक-स्मृतियों के माध्यम से जीवित रहेगी। उन्हें सिर्फ आदिवासी नायक नहीं, बल्कि सत्ता, जमीन और समुदाय के रिश्ते को चुनौती देने वाले विचारक के रूप में देखा जाएगा। भविष्य में ऐतिहासिक स्मारक स्थलों पर लोग ऐसे नायकों से डिजिटली संवाद भी कर सकेंगे।

AI Images

SPEED News

रूस में भारतीय छात्रों के शोषण के केस बढ़े

2025 में भारतीय छात्रों ने शोषण की 350 शिकायतें की। इनमें 200 से ज्यादा रूस में पढ़नेवालों की थी।

सोमालिया में समुद्र तट पर प्लेन क्रैश

मोगादिशु से विमान उड़ान के तुरंत बाद समुद्र के उथले पानी में गिरा। सवार सभी 50 यात्री सुरक्षित है।

हरियाणा में बनेगी झूला सेफ्टी पॉलिसी

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़/फरीदाबाद: हरियाणा सरकार देश की पहली झूला सेफ्टी पॉलिसी बनाएगी। इसका मकसद झूलों और मनोरंजन के साधनों को पूरी तरह सुरक्षित बनाना है। सीएम नायब सैनी ने कहा कि भविष्य में सूरजकुंड जैसी झूला टूटने की घटना न हो, इसके लिए सरकार ठोस और प्रभावी कदम उठाएगी।

भारत में करप्शन में सुधारः सर्वे

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भ्रष्टाचार के मामलों में भारत में स्थिति सुधरी है। ट्रांसपैरेंसी इंटरनैशनल के इंडेक्स में भारत ने 5 पायदान का सुधार किया है। अब वह 182 देशों में 91वें स्थान पर है। इस निगरानी संस्था की रिपोर्ट में हालांकि भारत को उन देशों में शामिल किया गया है, जो भ्रष्टाचार पर रिपोर्ट करने वाले पत्रकारों के लिए खतरनाक है।

मैक्रों 17 फरवरी से भारत दौरे पर

■ पीटीआई, नई दिल्ली: फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (Emmanuel Macron) 17 फरवरी से तीन दिन के भारत दौरे पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मैक्रों 'AI इंपैक्ट' समिट में हिस्सा लेंगे। यह समिट भारत मंडपम में 16-20 के बीच होनी है। प्रेजिडेंट मैक्रों की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी होगी।

वाइट हाउस से जारी फैक्ट शीट में कई नई बातें, जो साझा बयान में नहीं

रूसी तेल Out, दालें In... US डील में पहली बार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत-अमेरिका कारोबारी समझौते से जुड़ी घोषणाओं पर अभी कई ऐसे पहलू हैं, जिन पर पूरी स्पष्टता नहीं आ पाई है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति के दफ्तर वाइट हाउस से सोमवार को जारी फैक्टशीट ने इस उलझन को और बढ़ा दिया है। इसमें तीन ऐसे उल्लेख हैं जिनका जिक्र 6 फरवरी को अमेरिका से जारी साझा बयान में नहीं था। इसमें सबसे अहम रूसी तेल खरीद रोकने पर भारत की प्रतिबद्धता को अमेरिका के सरकारी बयान का हिस्सा बनाना है। पहली बार अमेरिकी चीजों से भारत में टैरिफ घटाने/खत्म करने वाली लिस्ट में 'कुछ दालों' को शामिल किया गया है। साथ ही, अमेरिका से 500 अरब डॉलर की संभावित खरीद में वहां के एग्रो प्रोडक्ट्स को भी शामिल किया गया है।

अमेरिकी फसलों में पहली बार 'दालों' का भी जिक्र

अमेरिका ने इस फैक्ट शीट को 'द यूनाइटेड स्टेट्स ऐंड इंडिया अनराउंड रिसिप्रोकल ट्रेड डील' नाम से जारी किया है। इसमें कहा गया कि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील के फ्रेमवर्क पर सहमति बनी है। आने वाले हफ्तों में दोनों देश इस करार को आखिरी रूप देने की दिशा में काम करेंगे। फैक्टशीट में रूसी तेल खरीद पर रोक के मामले में भारत की प्रतिबद्धता को लिखित बयान का हिस्सा बनाया गया है। इसमें लिखा है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ फोन कॉल में ही भारतीय उत्पादों पर 25% अतिरिक्त टैरिफ हटाने पर सहमति जताई थी। ऐसा रूसी तेल खरीद पर रोक की भारत की प्रतिबद्धता को देखते हुए किया गया। अतिरिक्त टैरिफ को हटाने से जुड़े आदेश पर ट्रंप ने पिछले हफ्ते दस्तखत किए हैं। लेकिन 6 फरवरी के साझा बयान में भारत के रूसी तेल खरीद बंद करने का जिक्र नहीं था। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि भारत रूसी तेल खरीद बंद करने पर सहमत है। भारत ने यही कहा कि ऊर्जा जरूरतें देशहित से प्रेरित होती हैं।

500 अरब डॉलर खरीद में भी एग्रो...

भारत की ओर से अमेरिका से 500 अरब डॉलर की संभावित खरीद में अमेरिकी कृषि उत्पादों को भी शामिल किया गया है। अभी तक ऐसी खरीद में कृषि उत्पादों का उल्लेख नहीं था। तथ्य फैक्ट शीट में कहा गया कि भारत ज्यादा अमेरिकी उत्पाद खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें एनर्जी, इन्फर्मेशन, कम्युनिकेशन तकनीक, कृषि, कोयला और अन्य प्रॉडक्ट शामिल हैं।

अनुचित व्यापार प्रैक्टिस खत्म करेंगे

कहा गया है कि ट्रंप, अमेरिकी जनहित को आगे बढ़ाते हुए अमेरिकी निर्यातकों के लिए बाजार पहुंच बढ़ा रहे हैं। इसके लिए शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम कर रहे हैं। भारत ने अन्य की तुलना में अमेरिका पर सबसे अधिक शुल्क रखे हैं, जहां कृषि उत्पादों पर औसतन 37% तक और कुछ गाड़ियों पर 100% से ज्यादा शुल्क है। भारत का इतिहास संरक्षणवादी गैर-शुल्क बाधाएं लगाने का भी रहा है, जिनके कारण अमेरिका के कई निर्यात भारत में प्रतिबंधित रहे हैं।

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की रिसेप्शन पार्टी में कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा कि साझेदारी नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी।

डिजिटल सेवा कर हटाएगा भारत

फैक्टशीट में कहा गया, भारत साझा ट्रेड पर असर डालनी वाली गैर-टैरिफ बाधाएं दूर करेगा और डिजिटल सेवा करों को हटाएगा। वह द्विपक्षीय डिटिजल व्यापार पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे डिजिटल व्यापार में बाधाओं को दूर करने में मदद मिलेगी। इसमें इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन कस्टम ड्यूटी पर रोक लगाने वाले नियम भी शामिल हैं।

अमेरिकी श्रमिकों को लाभ की बात

इसमें कहा गया कि अमेरिकी वर्कर्स और ट्रेड के लिए लाभ के मकसद से दोनों देश कारोबारी समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे। बीटीए की संदर्भ शर्तों में तय खांचे के तहत अमेरिका और भारत बाकी बाधाओं, अतिरिक्त गैर-शुल्क बाधाओं, ट्रेड में तकनीकी बाधाएं, व्यापार सुविधा और सुधार, सेवाओं व निवेश, बौद्धिक संपदा, श्रम, पर्यावरण आदि से जुड़ी अनुचित प्रथाओं पर बातचीत जारी रखेंगे।

भारत क्यों है सतर्क

जब तक ट्रेड डील अंतिम परिणति तक नहीं पहुंचेगी भारत सतर्क मोड में रहेगा। साझा घोषणापत्र की बातों के उलावा अमेरिका की अन्य किसी भी बात पर बोलने से बच रहा है। तर्क यही कि अंतिम ड्राफ्ट से पहले अधिक प्रतिक्रिया दिखाने से बारगेन क्षमता प्रभावित हो सकती है। रणनीति यही कि डील के लिए न तो आतुर दिखे, न उपेक्षा करता दिखे, इसीलिए अमेरिकी फैक्टशीट पर कुछ कहने से भारत ने परहेज किया।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

जानें, पहली बार 'कुछ दालों' पर क्या कहा गया

फैक्टशीट के जिस बिंदु में कृषि उत्पादों पर भारत के टैरिफ घटाने या खत्म करने की बात है, इसमें पहली बार 'कुछ दालों' को शामिल किया गया है। साझा बयान में दालों का जिक्र नहीं था। फैक्ट शीट में कहा गया कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम करेगा या फिर खत्म करेगा। इनमें पशु आहार के लिए ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, लाल ज्वार, ट्री नट्स और प्रोसेस्ड फल, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स के अलावा कुछ दालें शामिल हैं। अमेरिकी घोषणा से अलग, दालों पर कई बातें साफ होना बाकी हैं। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बीते दिनों कहा था कि जो भारत में पर्याप्त मात्रा में नहीं, उनके मार्केट खोलने से होड़ बढ़ेगी। बादाम, अखरोट, लेंटिल (पीली मसूर दाल) जैसी चीजें UPA के समय से ही रहा है।

लाल ज्वार, ट्री नट्स, प्रोसेस्ड फल...कुछ दालें शामिल

भारतीय गारमेंट इंडस्ट्री पर क्यों भारी पड़ेगा बांग्लादेश

File

कपड़ों पर बांग्लादेश को इसलिए बढ़त

0%	20%	20 करोड़ डॉलर
टैरिफ अमेरिकी मटीरियल से बने बांग्लादेशी गारमेंट्स पर ही लगेगा अब	टैरिफ का पहले बांग्लादेशी गारमेंट्स पर, 18% से फायदे में था भारत	का अमेरिकी कपास लेता है भारत, 25 करोड़ डॉलर का बांग्लादेश

118 अरब डॉलर का अमेरिकी गारमेंट्स का मार्केट

■ पीटीआई, ढाका (बांग्लादेश)

भारत के बाद अमेरिका ने अब बांग्लादेश से भी ट्रेड डील कर ली है। इसके तहत बांग्लादेशी वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ पहले के 20% से घटकर अब 19% रह गया है। वाइट हाउस ने कहा, बांग्लादेश के ऐसे उत्पादों की पहचान की जाएगी, जिन पर शून्य टैरिफ लगेगा। बांग्लादेश के कॉमर्स सेक्रेटरी महबूबुर रहमान ने कहा कि अमेरिका से इंपोर्ट कपास और सिंथेटिक फाइबर (कृत्रिम रेशे) से बने बांग्लादेशी रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी) को इस समझौते के तहत शून्य टैरिफ देना होगा। बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुख्यिया मोहम्मद यूनुस ने कहा कि इससे हमारे गारमेंट सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा।

US में भारत की तुलना में बांग्लादेशी कपड़े काफी सस्ते पड़ेंगे

जानकार इसे भारत के लिए झटका मान रहे हैं। उनका कहना है कि अमेरिकी कपास (मटीरियल) से बने बांग्लादेशी गारमेंट्स पर अमेरिका में शून्य टैरिफ लगेगा। इससे भारत के बनाय बांग्लादेशी कपड़े अमेरिका में सस्ते होंगे, क्योंकि भारतीय कपड़ों पर 18% टैरिफ लगेगा। इससे भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री को अमेरिका में चुनौती मिलेगी। निर्यातकों का कहना है कि गारमेंट के बिजनेस में सुस्ती जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है।

भारत पर जब टैरिफ घटकर 18% हो गया था, तो बांग्लादेश (पहले 20% अब 19%) जैसे देशों के मुकाबले भारत को बेहतर स्थिति में देखा गया था।

बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

आम चुनाव से ऐन पहले वारदात, इस बार चावल कारोबारी को बनाया निशाना

■ पीटीआई, ढाका

बांग्लादेश में संसदीय चुनावों से ठीक पहले एक और हिंदू की जान ले ली गई। इस बार सोमवार रात मयमनसिंह जिले में हिंदू कारोबारी सुसेन चंद्र सरकार की हत्या कर दी गई। वह 62 साल के थे और चावल के कारोबारी थे। पुलिस ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने दुकान के अंदर सुसेन पर धारदार हथियार से हमला किया और शटर बंद कर फरार हो गए। सुसेन को खून से लथपथ हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे ने कहा कि परिवार की किसी से दुश्मनी नहीं थी। हमलावर दुकान से कई हजार टका भी लूट ले गए।

सुसेन चंद्र सरकार को दुकान में काटकर फेंक गए हमलावर।

पिछले महीने नरसिंदी जिले में 25 साल के हिंदू युवक को उसके गैराज में जिंदा जला दिया गया था। एक अन्य घटना में राजबाड़ी जिले में एक हिंदू पेट्रोल पंप कर्मचारी को गाड़ी से कुचल दिया गया था।

दिसंबर में कट्टरपंथी नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद से इस देश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की कई घटनाएं सामने आई हैं। अकेले दिसंबर 2025 में ही सांप्रदायिक हिंसा की 51 घटनाएं दर्ज की गईं। इस पर वैश्विक हिंदू संगठनों ने भी चिंता जताई है। इनमें हिंदूज अटवांसिंग हुमन राइट्स इनिशिएटिव (एएएचआरआई) ने तुरंत अंतरराष्ट्रीय एक्शन की मांग की है। साल 2022 की जनगणना के अनुसार, बांग्लादेश की कुल आबादी में हिंदुओं की संख्या लगभग 8% है।

बढ़ते कट्टरपंथ पर अमेरिका ने चेताया

अमेरिका ने चुनाव से पहले अल्पसंख्यकों पर खतरा बढ़ने की आशंका जताई है। अमेरिकी संसद की ब्रीफिंग में बताया गया कि बांग्लादेश गंभीर राजनीतिक मोड़ की तरफ बढ़ रहा है। इस ब्रीफिंग में अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टिट्यूट के सीनियर फेलो माइकल रुबिन ने कहा कि बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी जैसी इस्लामी पार्टियां धर्म का इस्तेमाल उकसावे के लिए करती हैं।

पोल में BNP-जमात में टक्कर

बांग्लादेश में 12 फरवरी यानी गुरुवार को आम चुनाव हैं। संसद की कुल 300 में से 299 सीटों पर वोट पड़ेंगे। साथ ही, मतदाता संवैधानिक सुधारों से जुड़े जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह में भी हिस्सा लेंगे। अवामी लीग की पार्टी अवामी लीग को चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं है। अलग-अलग ओपिनियन पोल में बीएनपी-जमात के बीच कांटे की टक्कर है। बीएनपी की अगुआई तारिक रहमान कर रहे हैं, जो 17 वर्ष के निर्वासन के बाद बांग्लादेश लौटे हैं। वहीं जमात-ए-इस्लामी की अगुआई शफीकुर रहमान के हाथ है।

■ **17 साल बाद लौटे:** तारिक रहमान मां खालिदा जिया की सहानुभूति और BNP के पुराने रसूख के दम पर सत्ता वापसी का सपना देख रहे हैं।

■ **इसमें जमात को बढ़त:** इंटरनैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ ऐंड डिप्लोमेसी (IILD) के सर्वे में जमात गठबंधन को 105 सीटें, बीएनपी के नेतृत्व वाले ब्लॉक को 101 सीटें मिलने का दावा है।

■ **दो पोल में BNP आगे:** एनिमेस असोसिएट्स फॉर सोशल डिवेलपमेंट के ओपिनियन पोल में बीएनपी की अगुआई वाला गठबंधन 208 सीटें जीत सकता है। जमात-ए-इस्लामी गठबंधन को 46 सीटें दी गई हैं। छात्रों के संघ नैशनलिस्ट रिसर्च सेल के सर्वे में BNP को 220 सीटों के साथ जीत मिलने का अनुमान है।

■ **इस बार दो वोट पड़ेंगे:** संवैधानिक सुधारों के लिए जुलाई के नैशनल चार्टर पर रेफरेंडम भी होगा। इस तरह से मुख्यतः दो मतदान के दौरान दो वोट डालेंगे।

■ **बैलट से वोट और नतीजा:** चुनाव क्षेत्रों में वोटर बैलेट पेपर से वोट डालेंगे। 12 फरवरी को शाम 4 बजे शुरू होगी वोटों की गिनती, 13 फरवरी की सुबह तक अधिकांश नतीजों की घोषणा होने की उम्मीद है।

स्पीकर बिरला पर अविश्वास की दस्तक

राहुल गांधी को बोलने से रोकने और सांसदों के निलंबन पर उठे सवाल | विपक्ष बोला- सदन में हमारी आवाज दबाई गई, लोकतांत्रिक मर्यादा पर चोट | कांग्रेस, एसपी, डीएमके समेत कई विपक्षी दल साथ, TMC ने बनाई दूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्षी दलों ने मंगलवार को स्पीकर ओम बिरला को उनके पद से हटाने के लिए औपचारिक नोटिस सौंपा है। विपक्ष का कहना है कि स्पीकर निष्पक्ष होकर सदन नहीं चला रहे, बल्कि बार-बार सरकार के पक्ष में फैसले ले रहे हैं और विपक्ष की आवाज दबा रहे हैं।

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई, के सुरेश और मोहम्मद जावेद ने यह नोटिस लोकसभा महासचिव को सौंपा। इस पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके समेत कई विपक्षी दलों के 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने इस पर साझा नहीं किए हैं।

नोटिस पर कांग्रेस, एसपी, डीएमके समेत कई दलों के 118 सांसदों के हैं हस्ताक्षर

विपक्ष का आरोप है कि कई बार विपक्षी नेताओं को बोलने ही नहीं दिया गया। खास तौर पर 2 फरवरी को राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान पूरा भाषण नहीं करने दिया गया। विपक्ष यह भी कहता है कि 3 फरवरी को आठ सांसदों को पूरे बजट सत्र के लिए गलत तरीके से सस्पेंड कर दिया गया। नोटिस में यह आरोप भी लगाया गया है कि 4 फरवरी को बीजेपी के एक सांसद को पूर्व प्रधानमंत्रियों पर आपत्तिजनक बयान देने दिया गया, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा विपक्ष ने स्पीकर के उस बयान पर भी आपत्ति जताई है, जिसमें कहा गया था कि कांग्रेस सांसद प्रधानमंत्री की सीट के पास जाकर कुछ अप्रत्याशित करने वाले थे। विपक्ष ने इसे झूठा और अपमानजनक आरोप बताया है।

विपक्ष का कहना है कि वे ओम बिरला का व्यक्तिगत सम्मान करते हैं।

NBT

बजट सत्र के लिए सस्पेंड सांसदों का समर्थन करते दिखे कांग्रेस सांसद शशि थरूर

स्पीकर पर लगे आरोपों को देखेंगे महासचिव

लोकसभा के महासचिव नोटिस की जांच कर स्पीकर के ऊपर लगे आरोपों को देखेंगे। नियमों के अनुसार, जांच के बाद अगर नोटिस स्वीकार कर लिया जाता है तो इसे नोटिस मिलने की तारीख से कम से कम 14 दिन बाद सदन की कार्यसूची में शामिल किया जाता है। सदन में प्रस्ताव रखा जाएगा और इसके समर्थन में 50 सांसदों का खड़े होना जरूरी होता है। यदि आवश्यक समर्थन मिल जाता है तो प्रस्ताव पर सदन में बहस होगी और इसके बाद वोटिंग कराई जाएगी।

तीन दिन का समय देना चाहिएः TMC

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि स्पीकर को तीन दिन का समय देना चाहिए। विपक्ष की आपत्ति सिर्फ एक मुद्दे तक सीमित नहीं है। सांसदों का निलंबन, नेता प्रतिपक्ष को सदन में बोलने की अनुमति न देना, महिला सांसदों पर लगाए गए कथित झूठे आरोप और चेयर का पक्षपातपूर्ण रवैया ये सभी गंभीर सवाल हैं। टीएमसी का सुझाव यह था कि पहले स्पीकर को एक संयुक्त पत्र लिखा जाए, अगर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो अविश्वास लाना सही रहेगा।

कांग्रेस को बाहर करने का वक्त आ गयाः बीजेपी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बीजेपी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने पर विपक्ष की कड़ी आलोचना की। बीजेपी ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि भारत लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस को राजनीति से बाहर कर दे। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि जिन लोगों की चेतना नष्ट हो चुकी है, वे भारत के सभी संवैधानिक पदों को समाप्त करना चाहते हैं। पूरा देश सदन में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के व्यवहार को देख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल के इशारे पर प्रधानमंत्री की कुर्सी का घेराव करने का प्रयास किया गया था, ताकि उन्हें नुकसान पहुंचाया जा सके।

प्रकाशक की पोस्ट रीशेयर कर नरवणे ने दिया जवाब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: **किताब पर** मचे बवाल के बीच अब पूर्व थलसेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। एक्स पर 7 शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए किताब का स्टेटस बताया है। ट्रूअरल नरवणे ने पेंगुइन के जवाब को री-पोस्ट करते हुए लिखा कि पुस्तक की वर्तमान स्थिति यह है। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे के संस्मरण फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की अनधिकृत प्रतियां उपलब्ध होने की खबरों के बीच ट्वीट कर कहा है कि इसके प्रकाशन का अधिकार केवल उसके पास है और यह पुस्तक अब तक प्रकाशित नहीं हुई है। इसी पोस्ट को नरवणे ने कोट करते हुए कहा कि किताब की वर्तमान स्थिति यह है।

किताब पर सचाई सामने आएः राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की किताब को लेकर चल रहे विवाद पर सरकार को घेरा। उन्होंने किताब के प्रकाशन को लेकर पेंगुइन पब्लिशर्स और जनरल नरवणे के बयानों में विरोधाभास बताते हुए कहा कि दोनों एक साथ सच नहीं बोल सकते। उन्होंने कहा कि एक तरफ जनरल नरवणे कह रहे हैं कि किताब उपलब्ध है और दूसरी तरफ पेंगुइन यह कह रहा है कि किताब प्रकाशित नहीं हुई है तो सचाई सामने आनी चाहिए। मैं ऐसा मानता हूं कि देश के सेना प्रमुख झूठ नहीं बोलेंगे।

किताब अमेजन पर उपलब्ध थी, खुद जनरल नरवणे ने कहा कि ऑर्डर कर सकते है। –राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMCLAS User: cci Time: 02-10-2026 22:50 Color:

हाईकोर्ट ने पॉक्सो मामले में दोषी को राजा को लेकर नरम रुख अपनाया है, क्योंकि उसने जेल में रहते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों का अध्ययन किया था। -p5

हर दिन सोशल मीडिया पर किसी न किसी रेस्टोरेंट का भीड़भाड़ वाला वीडियो वायरल होता है, जो खाने की मजबूती को उजागर करता है। -p7

170
रहा मुंबई का AQI मंगलवार को, जो अनहेल्दी है।

19.0
न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया मंगलवार को। दिन में उमस महसूस की गई।

www.mumbai.nbt.in

साइट पर न ग्रीन नेट और न ही AQI इंडिकेटर

BMC ने अपने बनाए नियम ही हवा में उड़ाए

मुद्दा पब्लिक का

Pankaj.Pandey@Timesofindia.Com

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आए दिन प्रदूषण का स्तर नए-नए रेकॉर्ड बना रहा है। सरकार की तरफ से प्रदूषण से निपटने के लिए कड़े कदम उठाए जाने का दावा किया जा रहा है। लेकिन NBT की पड़ताल में सरकारी दावे केवल कागजों तक सीमित नजर आए। आलम यह है कि प्रदूषण को नियंत्रित करने वाली सरकारी एजेंसियां ही तय नियमों का पालन नहीं कर रही हैं। NBT की पड़ताल में मुलुंड में बीएमसी की कंस्ट्रक्शन साइट पर धूल फैलने से रोकने के लिए ग्रीन नेट का इस्तेमाल नहीं किया गया। साथ ही एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) दर्शाने वाला बोर्ड गायब दिखा।

मुंबई में प्रदूषण के लिए कंस्ट्रक्शन को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना जाता है। इस वजह से NBT द्वारा मुंबई के अलग-अलग इलाकों में जारी कंस्ट्रक्शन साइट पर पहुंच नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी पड़ताल की जा रही है। इस दौरान मुलुंड की 7 कंस्ट्रक्शन साइट पर ग्रीन नेट नहीं होने, एक्यूआई दर्शाने वाला बोर्ड गायब दिखा। मुलुंड मुंबई का प्रवेश द्वार है। बेहद घनी आबादी वाले इस परिसर के करीब हर सड़क पर कंस्ट्रक्शन चल रहा है। जगह की कमी होने की वजह से मुलुंड में अधिकतर पुरानी बिल्डिंगों को तोड़कर उनकी जगह हाईराइज बिल्डिंग बनाई जा रही है।

> अगर सेंसर नहीं है, तो काम सीधे बंद होगा। किसी भी निर्माण कार्य को गाइडलाइंस फॉलो न करने पर छोड़ा नहीं जाएगा। पर्यावरण संबंधी नियमों के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी जिम्मेदार है, उन पर बीएमसी एक्शन लेगी।
> – अविनाश कांटे, डेप्युटी म्युनिसिपल कमिश्नर, BMC पर्यावरण विभाग

ऐसे करें शिकायत
BMC हेल्पलाइन
१९१६, ८८९९७८१६९७
WhatsApp

सांसों से खिलवाड़

ना ऊंचा पतरा और ना AQI इंडिकेटर

जेवर रोड पर बनी रही इस बिल्डिंग में 30 फीट ऊंचे पतरे, प्रदूषण बढ़ाने वाला बोर्ड और ग्रीन नेट गायब दिखे।

ऊपरी मंजिल पर नेट नहीं

मुलुंड के मुरार रोड के जंक्शन पर एक आलीशान बिल्डिंग का निर्माण चल रहा है। इस प्रॉजेक्ट की ग्राउंड फ्लोअर की दुकान बिल्डर ने तैयार कर ली है, जबकि बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल का निर्माण कार्य अब भी जारी है। बिल्डर ने बिल्डिंग के नीचे के हिस्से को कपड़े से ढक दिया है, लेकिन ऊपरी मंजिल पर कपड़ा नहीं लगा है, जबकि बिल्डिंग में अंतिम चरण का फिनिशिंग वर्क चल रहा है। टाइल्स की कटिंग के दौरान काफी धूल के कण हवा में फैले हैं।

BMC खुद ही लापरवाह

मुलुंड के मुरार रोड पर बीएमसी ही बिल्डिंग निर्माण के अपने द्वारा तय किए नियमों का पालन करना भूल गई है। इस साइट पर निर्माणाधीन इमारत से ग्रीन नेट नदारद थे, साथ ही कंस्ट्रक्शन साइट पर प्रदूषण का स्तर बताने वाला बोर्ड भी साइट पर नजर नहीं आया। यहां बीएमसी द्वारा पब्लिक हॉल तैयार किया जा रहा है। अगर नियम तैयार करने वाली एजेंसी ही सभी नियम का पालन नहीं करेगी, तो उससे दूसरों से नियम का पालन कराने की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

नियमों की नहीं परवाह

डॉ.आरपी रोड के वर्धमान रोड पर एक पुरानी हाउसिंग सोसायटी की मरम्मत के दौरान सोसायटी ने बिल्डिंग को पूरी तरह से ग्रीन नेट से नहीं ढका। इससे धूल के कण हवा में फैलकर प्रदूषण का स्तर बढ़ा रहे हैं।

फटा हुआ ग्रीन नेट

राजगौर चौक के पास दो हाईराइज बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। बिल्डर द्वारा तेजी से निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन बिल्डर ने बिल्डिंग को पूरी तरह से नेट से नहीं कवर किया है। वहीं, पड़ताल के दौरान बिल्डिंग पर लगा नेट कई जगह फटा नजर आया।

बिजनेस करना है, लेकिन पर्यावरण का खयाल नहीं

गणेश गावडे मार्ग चौक पर एक अलग ही नजारा देखने को मिला। यहां बिल्डर ने बिल्डिंग की ग्राउंड फ्लोर की दुकानों को ग्राहकों के लिए खोल दिया है, जबकि ऊपरी मंजिल पर अब भी काम चल रहा है। जल्द कमाई के चक्कर में बिल्डर बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल के हर हिस्से को कपड़े कवर करना भूल गया है।

ऑर्गेनाइजेशन ऑफ कॉमर्स ऐंड मैनेजमेंट

सही रणनीति और सुनियोजित तैयारी से अच्छे अंक संभव

NO टेंशन NBT

Navin.Pandey
@Timesofindia.Com

■ मुंबई: बारहवीं कक्षा की स्टेट बोर्ड परीक्षा मंगलवार से शुरू चुकी है। 14 फरवरी को ऑर्गेनाइजेशन ऑफ कॉमर्स (ओसी) ऐंड मैनेजमेंट की परीक्षा आयोजित होगी। यह विषय न केवल स्कोरिंग माना जाता है, बल्कि भविष्य में बिजनेस और मैनेजमेंट की नींव बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस साल भी स्टूडेंट्स को सही रणनीति और व्यवस्थित तैयारी के साथ अच्छे मार्क्स हासिल करना अपेक्षाकृत आसान होगा।

ओसी ऐंड मैनेजमेंट का कुल पेपर 100 मार्क्स का होता है, जिसमें 80 मार्क्स निश्चित परीक्षा और 20 मार्क्स आंतरिक मूल्यांकन (इंटर्नल एग्जाम) के लिए निर्धारित है। NBT की 'नो टेंशन' मुहिम का मकसद स्टूडेंट्स को पेपर की तैयारी सरल तरीके से समझाना है और हर प्रश्न को आसानी से हल करने का तरीका दिखाना है। आम तौर पर इंटर्नल एग्जाम में स्टूडेंट्स थोड़े प्रयास से अच्छे मार्क्स हासिल कर लेते हैं। लिखित परीक्षा में पास होने के लिए लगभग 20-25 मार्क्स पर्याप्त माने जाते हैं।

पहला प्रश्न आसान और स्कोरिंग: पहला प्रश्न पेपर में ऑब्जेक्टिव होता है और इसके लिए 20 मार्क्स निर्धारित हैं। इसमें पांच-पांच मार्क्स के चार उपप्रश्न होते हैं। केएम अग्रवाल कॉलेज के सब्जेक्ट एक्सपर्ट श्वेता पांडेय के अनुसार, ये प्रश्न बहुत आसान होते हैं। इस सेक्शन में रिक्त स्थान भरना, सही शब्द या फ्रेज चुनना, सत्य-असत्य का चयन करना, और जन चुनना या वाक्य सही करना जैसे कार्य पूछे जा सकते हैं। स्टूडेंट्स को सलाह दी जाती है कि इस प्रश्न के सभी उपप्रश्नों का उत्तर जरूर दें।

टर्म्स-केस स्टडी से मिलते हैं 14 मार्क्स

तुलसी मानस जूनियर कॉलेज के सब्जेक्ट एक्सपर्ट राजकुमार उपाध्याय के अनुसार, दूसरा प्रश्न टर्म्स एक्सप्लेन के लिए होता है। इसमें 6 टर्म्स दिए जाते हैं और स्टूडेंट्स को चार उपप्रश्नों के लिए दो-दो मार्क्स के उत्तर देने होते हैं। तीसरे प्रश्न में 3 केस स्टडी दी जाती है, जिनमें से दो चुनकर उत्तर देना होता है। इन उत्तरों में बेसिक कॉन्सेप्ट की समझ दिखाना जरूरी है।

तैयारी में ध्यान देने योग्य बातें

- तैयारी करते समय स्टूडेंट्स को पाठ्यपुस्तक को प्राथमिकता देनी चाहिए
- पाठ्यपुस्तक में दिए गए कॉन्सेप्ट को अच्छे से समझना चाहिए।
- चित्रों को कैसे प्रश्न-पत्र हल करने से परीक्षा पैटर्न और उत्तर लिखने की शैली समझने में मदद मिलती है।
- उत्तर लिखते समय स्टिकर और साफ-सुथरे तरीके से लिखना जरूरी है।
- सही रणनीति, टाइम मैनेजमेंट और महत्वपूर्ण चैप्टरों पर ध्यान देने से ओसी और मैनेजमेंट की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं।

अंतिम प्रश्न होता है 8 मार्क्स का

पेपर के अंत में दो प्रश्न आते हैं। सत्रह प्रश्न 10 मार्क्स का होता है, जिसमें 5 मार्क्स के 3 उपप्रश्न होते हैं और दो चुनकर उत्तर देना होता है। आठवां और अंतिम प्रश्न 8 मार्क्स का होता है। इसमें दो प्रश्नों में से एक का उत्तर देना अनिवार्य है।

चैप्टर और मार्किंग पैटर्न अहम

प्रिंसिपल्स ऑफ मैनै. से 7 (12) मार्क्स, फंक्शंस ऑफ मैनेजमेंट से 12 (15), उद्यमिता से 5, बिजनेस सर्विसेज से 20 (27), इमर्जिंग मोड्स से 7 (10), सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटीज से 7 (10), कंप्यूमर प्रोटेक्शन से 7 (17), मार्केटिंग से 15 (20) मार्क्स।

> ओसी ऐंड मैनेजमेंट एक स्कोरिंग विषय है, बस जरूरत है सही रणनीति की। पाठ्यपुस्तक पर फोकस, ऑब्जेक्टिव प्रश्नों में सावधानी और विदुवार उत्तर लेखन से स्टूडेंट्स आसानी से बेहतर अंक हासिल कर सकते हैं।
> – श्वेता पांडेय, शिक्षक, केएम अग्रवाल कॉलेज

> ओसी ऐंड मैनेजमेंट में अगर स्टूडेंट्स बेसिक कॉन्सेप्ट्स को समझकर टर्म्स और केस स्टडी को पॉइंटवाइज लिखते हैं, तो अच्छे मार्क्स लाना मुश्किल नहीं है। यह पेपर समझ और प्रेजेंटेशन दोनों को परखता है।
> – राजकुमार उपाध्याय, शिक्षक, तुलसी मानस जूनियर कॉलेज

पहले दिन हुई व्यवस्थाओं की 'परीक्षा'

■ मुंबई: महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित बारहवीं की बोर्ड परीक्षा का सोमवार को शांतिपूर्ण आगाज हुआ। पहले ही दिन परीक्षा केंद्रों के बाहर अनुशासन, सतर्कता और तैयारी का माहौल देखने को मिला। पहला पेपर अंग्रेजी विषय का होने के कारण स्टूडेंट्स में अपेक्षाकृत कम तनाव नजर आया। तय समय पर परीक्षा शुरू हुई और बिना किसी गड़बड़ी के संपन्न हो गई।

> शांतिपूर्ण माहौल रहा, स्टूडेंट्स बोले- शुरुआत आसान, बढ़ा आत्मविश्वास

सुबह से ही मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई और उपनगरों के परीक्षा केंद्रों के बाहर स्टूडेंट्स की आवाजाही शुरू हो गई थी। हाथों में हॉल टिकट और एडमिट कार्ड थामे स्टूडेंट्स समय से पहले केंद्रों पर पहुंचते दिखे। कई जगहों पर स्टूडेंट्स ग्रुपमें ग्रामर रूल्स और राइटिंग फॉर्मेट पर चर्चा करते नजर आए, तो कहीं पैरेंट्स बच्चों को हौसला देते दिखे। पहले दिन का पेपर अंग्रेजी का होने से माहौल अपेक्षाकृत सहज रहा।

परीक्षा खत्म होते ही केंद्रों के बाहर स्टूडेंट्स की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगीं। ज्यादातर स्टूडेंट्स ने अंग्रेजी के पेपर को आसान और सिलेबस के भीतर बताया। अंशिका का कहना था कि रीडिंग, ग्रामर और राइटिंग सेक्शन संतुलित थे।

मुंबई डिवीजन में 3,50,015 स्टूडेंट्स परीक्षा दे रहे हैं। मुंबई डिवीजन में कुल 670 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मंगलवार को पहला प्रश्नपत्र हुआ।

बच्चों का हौसला बढ़ाते दिखे स्टूडेंट्स

परीक्षा केंद्र में बच्चों के प्रवेश से पहले पैरेंट्स उनका हौसला बढ़ाते दिखे। पैरेंट्स बता रहे थे कि लैंग्वेज का पेपर है, कोई प्रश्न छोड़ना नहीं है। बच्चों के परीक्षा केंद्र के भीतर जाने के बाद भी पैरेंट्स परीक्षा समाप्त होने तक बाहर खड़े रहे। उनका कहना था कि पहले दिन का पेपर आसान रहने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा है। पैरेंट्स ने यह भी माना कि अच्छी शुरुआत आगे की परीक्षाओं के लिए मानसिक रूप से मजबूत बनाती है।

फोन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर थी रोक

परीक्षा के दौरान नकल और अनुचित साधनों पर रोक लगाने के लिए सख्त इंतजाम किए गए थे। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर परीक्षा कक्ष में पूरी तरह प्रतिबंध रहा। बोर्ड और शिक्षा विभाग की ओर से गठित उड़नदस्तों ने कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

मुंबई डिवीजन में है 670 परीक्षा केंद्र: इस साल बारहवीं की बोर्ड की परीक्षा के लिए राज्यभर से 15.32 लाख स्टूडेंट्स परीक्षा दे रहे हैं।

58 लाख रुपये का गुटखा जब्त

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: समता नगर पुलिस ने राजस्थान से मुंबई आए एक कंटेनर से 58 लाख रुपये का गुटखा जब्त किया है। सोमवार को गोपनीय सूचना मिली थी कि ट्रांसिट चेक नाका से होकर एक कंटेनर मुंबई आ रहा है, जिसमें गुटखा लदा हुआ है। इस टीप पर समता नगर पुलिस की एक टीम ने ठक्कर कंटेनर को रोका और तलाशी ली। पुलिस को कंटेनर के अंदर प्रतिबंधित गुटखा मिला।

वाहनों के लिए नई रजिस्ट्रेशन सीरीज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई (पूर्व) क्षेत्र में चारपहिया निजी वाहन खरीदने वालों के लिए नई रजिस्ट्रेशन सीरीज शुरू की जा रही है। प्रादेशिक परिवहन कार्यालय (RTO) के मुताबिक, चारपहिया निजी वाहनों के रजिस्ट्रेशन के लिए 'MH03FD' की नई सीरीज 11 फरवरी से लागू होगी। आरटीओ के अनुसार, दोपहिया वाहनों के लिए प्रचलित MH03BX सीरीज लगभग समाप्त हो चुकी है। अब नए वाहन रजिस्ट्रेशन में किसी तरह की बाधा न आए, इसके लिए यह नई सीरीज शुरू की जा रही है। इससे मुंबई (पूर्व) क्षेत्र में नए चारपहिया वाहनों का रजिस्ट्रेशन सुचारू रूप से किया जा सकेगा।

पसंदीदा रजिस्ट्रेशन नंबर भी उपलब्ध: नई सीरीज के तहत जो वाहनधारक आकर्षक या पसंदीदा रजिस्ट्रेशन नंबर लेना चाहते हैं, उन्हें निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होगा। साथ में पते का प्रमाण, फोटो पहचान पत्र, पैन कार्ड तथा पसंदीदा नंबर के लिए शुल्क का राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट के साथ आज यानी बुधवार को दोपहर 2 बजे तक RTO कार्यालय में जमा करना होगा। यदि किसी एक रजिस्ट्रेशन नंबर के लिए एक से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो गाइडलाइंस के अनुसार शुल्क के अतिरिक्त सबसे अधिक राशि का डिमांड ड्राफ्ट जमा करने वाले आवेदक को वह नंबर आवंटित किया जाएगा।

'एकेडमी ऑफ थिएटर आर्ट' का नाटक हुआ चयनित

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई यूनिवर्सिटी की एकेडमी ऑफ थिएटर आर्ट ने राष्ट्रीय रंगमंच पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विभाग के प्राध्यापक डॉ. मिलिंद इनामदार द्वारा निर्देशित नाटक 'बिलिमोरी' का चयन देशभर से आई करीब एक हजार नाट्य प्रस्तुतियों में से राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) के प्रतिष्ठित भारत रंग महोत्सव (भारंगम) के लिए किया गया। रांची में हुए इस मंचन को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। यूनिवर्सिटी के मुताबिक, दशावतार लोकपरंपरा और पश्चिमवाड़ी रंगशैली का अनूठा मेल प्रस्तुत करने वाला 'बिलिमोरी' नाटक अपनी विषयवस्तु और प्रस्तुति के कारण खास चर्चा में रहा। नाटक की केंद्रीय भूमिका 'बिलिमोरी' को एकेडमी ऑफ थिएटर आर्ट के स्टूडेंट श्लोक पोहनकर ने निभाया। उनके सशक्त अभिनय और मंच पर मौजूदगी को दर्शकों के साथ-साथ रंगमंच से जुड़े विशेषज्ञों ने भी सराहा। इस नाटक का मूल लेखन मराठी में तेजस मणके ने किया है, जबकि इसका हिंदी रूपांतरण और निर्देशन डॉ. मिलिंद इनामदार ने किया है।

राष्ट्रीय मंच पर मुंबई यूनिवर्सिटी का प्रथम

बढ़ेगी गर्मी, तापमान 35 डिग्री पहुंचेगा!

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : हल्की ठंड के बाद मुंबईकरों को जल्द ही गर्मी का अहसास हो सकता है। उत्तर दिशा से आने वाली ठंडी हवा के कमजोर पड़ने से मुंबई का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान मौसम वैज्ञानिकों ने लगाया है। मौसम वैज्ञानिक राजेश कपाड़िया के अनुसार, मौजूदा समय में किसी भी प्रकार का वेस्टर्न डिस्टर्बेंस तैयार नहीं हो रहा है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से पहाड़ी क्षेत्र में बर्फबारी होती है। बर्फबारी नहीं होने की वजह से उत्तर दिशा से आने वाली ठंड हवाओं में कमी आ रही है। अब तक उत्तर से आ रही ठंड हवाओं की वजह से मुंबई न्यूनतम तापमान 15 से 20 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के करीब बना हुआ था। लेकिन उत्तर से आ रही ठंड हवाओं में कमी आने की वजह से बुधवार से मुंबई के तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। तापमान के बढ़कर 35 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज अपना आयु भाव में स्थित आत्मकारी एवं लक्ष्मी भाव में पहना का प्रबल योग बन रहा है। रात 9 बजे तक कोई खास शुभ पहचान हो जाएगी। कार्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। रात में 9 बजकर 30 मिनट पर चंद्रमा नीच राशि में प्रवेश करेगा, इससे मानसिकता में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

TARUS 20 Apr - 19 May
आज अपना ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी दोस्त्यान की खास से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोवांछित सिद्धि होगी।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी विशिष्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम अपको स्वयं ज्यादा प्रिय है आज उसे करने को मिलेगा। आज अपको दिलेरक करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं मे दिमाग में आएंगी, अपने से संतुष्टि का सहयोग पाने का प्रयास करें।

CANCER 22 Jun - 22 July
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसे समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महाभुजर्ग पर्यटन होगी। अधिकांश में अपने रिश्तेदारों के मुताबिक महीने बन जाएगा। रात में विवाह समारोह में जाने का अवसर मिल सकता है। मित्रों और रसूखदार पक्ष से सहयोग मिलता रहेगा।

LEO 23 Jul - 22 Aug
आज का दिन ऐसे तो काफी व्यस्त रखाने वाला है, लेकिन धर्म अध्यात्म के मामले पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यालय में उच्चित अधिकारी अपके कामों में रुकावटें डालने की कोशिश करेंगे। रात का समय मंगलमय कामों में व्यतीत होने से मन प्रसन्न रहेगा।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज अपनी वाणी व्यवहार में संयम व सहनशील बरतें। अपनाना के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आगे विश्वास के साथ कार्य करें। रात के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन अपके लिए लाभप्रदक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। इससे घरेलू व्यवस्था रहेगी। जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आपसान के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। मित्रों से सहयोग मिलता रहेगा।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
मानसिक हालत को ले ही आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए कार्यरत रहें। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता का अनुभव उठाएं। नौकरी या व्यवसाय में कुछ नवीनता ला सकते हैं अपने पालकर लाभ होगा। काम में मन लगा आएगी। शाम का समय सैर-सपाटे में बीतेगा।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज का दिन सराहनीय और सार्थकता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाना तो बड़ा लाभ होने की आस है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसे का हराजाम करना पड़ सकता है। नया मैसेज आपके आसपास ही है।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में किया व्यापार उम्मीद सफाए पहुंचाएगा। रोजमर्रा के छोटे कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है कि आज अपको पुराने-पुराने के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से व्यस्तता बढ़ सकती है।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खानपान में लापरवाही बिलकुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जरूरतमंदों में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझ कर करें।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परिस्थितियों को देखें और अपने मुद्दे व्यापार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकट में फंसे हुए व्यक्ति की सहायता करेंगे तो शुभ होगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

वर्ष के स्वामी सूर्य और मंगल यह बने हैं, जो इस वर्ष को उर्जा, निर्णय क्षमता और साहस से जोड़ते हैं। रवि से द्वादश भाव में चंद्र, सूर्य और शुक्र का त्रिग्रही योग बन रहा है। इसके प्रभाव से फरवरी के शेष दिनों में कुछ बड़े जोखिम उठाने पड़ सकते हैं, इसलिए इस अवधि में सोच-समझकर कदम बढ़ाना होगा। मार्च से लेकर अप्रैल के अंत तक किसी राजकीय, कानूनी या सरकारी विवाद का समाधान होने के प्रबल योग हैं। मई और जून के मध्य कई प्रकार की परिस्थितियां सामने आ सकती हैं, लेकिन वे अधिक समय तक नहीं टिकेंगी और धीरे-धीरे समाप्त हो जाएंगी। पुराने से असरत तक व्यवसाय, नौकरी या कारोबार से जुड़े मामलों में कुछ बाधाएं और तनाव रह सकता है। सितंबर और अक्टूबर में परिवारिक मामलों में सुधार होगा तथा लंबे समय से अटके हुए मुद्दे सुलझ सकते हैं। नवंबर और दिसंबर के दौरान निजी की सहायता से कामकाज में आ रही गिरावट दूर होगी। जनवरी 2027 से फरवरी तक किसी पर्यटन या धार्मिक यात्रा का योग बन रहा है। महिलाओं के लिए यह वर्ष आर्थिक स्थिति में सुधार लाने वाला सिद्ध होगा। यह शांति के लिए श्री मृत संजीवनी जाप सवा लाख कराना व शनिवार को पीपल की जड़ में तेल का दीपक जलाना शुभ रहेगा। **-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा**

कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 12 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय तिथि माघ 23, शक संवत 1947, चतुर्दशी कृष्णा दशमी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर चांद्रमास फाल्गुन 01, शाबान 23, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 12 फरवरी 2026 है। सूर्य उत्तरायण, शिशिर गोल, विशिर ऋतु। राहुकाल अपराह्न 03 बजकर 30 मिनट से 03 बजे तक। दशमी तिथि मध्याह्न 12 बजकर 23 मिनट तक उपरांत एकादशी तिथि का आरंभ। ध्रुव योग अंग्रेजीवाला 03 बजकर 06 मिनट तक उपरांत वज्र योग का आरंभ। विष्टि करण मध्याह्न 12 बजकर 23 मिनट तक उपरांत बालव करण का आरंभ। चन्द्रमा अपराह्न 01 बजकर 43 मिनट तक वृश्चिक उपरांत धनु राशि पर संक्रमण करेगा।

सुडोकू

	1		4		9	7	3	
	9	3		7		4		
	4		6		1		9	
		8				2		
	3		8		5		1	
		6		5		1	4	
	2	5	7		8		6	

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू	13:30 म से मर्द
10:00 बटुकेश कृष्णा	14:00 चक्रधारी अनेश कृष्णा
11:00 रुद्र के रक्षक	15:00 रिटेल कृष्णा
12:00 चक्रधारी अनेश कृष्णा	17:00 बबलू डबलू
12:30 हम पांच	19:00 चक्रधारी अनेश कृष्णा
13:00 रुद्र के रक्षक	

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMMAH User: ajay.karekar@timesofindia.com Time: 02-10-2026 22:22 Color:

नमस्ते इंडिया!

मैं हूँ कोलोसियम, इटली से।

सबसे ज्यादा सीटें होने के बावजूद कांग्रेस की गुटबाजी बनी हार की वजह

पेज 1 से आगे:

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सकपाल ने चंद्रपुर मेयर चुनाव में हुए डलफेयर के लिए बीजेपी की शर्तों-फरेबों को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा, उद्धव सेना को कांग्रेस का समर्थन करना चाहिए था। उद्धव गुट ने चंद्रपुर में जो भूमिका निभाई है, उसके राजनीतिक परिणाम पूरे राज्य में दिखेंगे। सकपाल ने कहा, क्या पलभरी में कांग्रेस को भी वही भूमिका अपनानी चाहिए।

> हर्षवर्धन सकपाल ने शिवसेना उद्धव गुट पर उठाए सवाल

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

कांग्रेस की गुटबाज़ी क्यों नहीं हो पाई ख़त्म

कांग्रेस की हार के लिए विदर्भ में कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई को जिम्मेदार माना जा रहा है। चंद्रपुर नगर-निगम में कांग्रेस के पास सबसे ज्यादा 27 नगरसेवक हैं, लेकिन चुनाव से पहले ही कांग्रेस 2 धड़ों में बट गई। एक गुट सांसद प्रतिभा धानोरकर का था, तो दूसरा विधायक विजय वडेट्टीवार का है। दोनों गुटों ने महापौर पद पर अपना उम्मीदवार देने की कोशिश की, जिससे गुटबाजी काफी बढ़ गई। मामला दिल्ली तक पहुंचा, लेकिन कोई हल नहीं निकल सका। इसका परिणाम यह हुआ कि कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद सत्ता तक नहीं पहुंच सकी।

28 साल से फरार आरोपी को किया अरेस्ट

जोगेश्वरी पुलिस ने की कार्रवाई

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: जोगेश्वरी पुलिस ने सेंधमारी के पांच अलग-अलग मामलों में पिछले 28 वर्षों से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार आरोपी अण्णादुराई उर्फ राजू करुप्पन देवेंद्र (55) को वर्ष 1998 में दर्ज मामलों में पहले गिरफ्तार किया गया था, लेकिन जमानत पर छूटने के बाद वह अदालत में पेश नहीं हुआ। इसके बाद उसे फरार घोषित कर दिया गया था।

> 1998 के पांच मामलों में वांछित था आरोपी, मुंबई सुधरना पर विलेपार्ले से दबोचा गया

पुलिस मुख्यालय की ओर से फरार आरोपियों की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तटीय पथक ने मामले की दोबारा जांच शुरू की। 3 फरवरी को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी विलेपार्ले (पश्चिम) इलाके में आने वाला है। इसके बाद जुहू पुलिस की मदद से जाल बिछाकर संदिग्ध को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान पहचान पुख्ता होने पर उसे दोबारा गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में विशेष टीम ने अंजाम दी।

रणवीर सिंह को मिली धमकी, पुलिस सतर्क

अपराध शाखा मामले की जांच में जुटी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: फिल्म निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी और अभिनेता सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग के बाद अब अभिनेता रणवीर सिंह को धमकी भरा मैसेज मिला है। इसमें उनसे करोड़ों रुपये की मांग की गई है और रकम नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। हालांकि, मैसेज मिलने के तुरंत बाद रणवीर सिंह ने इसकी जानकारी मुंबई पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने उनके घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। उनके आवास पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही पुलिस धमकी भरा वॉइस नोट भेजने वाले व्यक्ति या गिरोह की तलाश में जुटी हुई है।

> धमकी वाले वॉइस नोट भेजने वाले व्यक्ति या गिरोह की तलाश जारी

वॉट्सएप पर वॉइस नोट

रणवीर सिंह को वॉट्सएप पर एक वॉइस नोट के जरिए धमकी भरा मैसेज भेजा गया है। मैसेज में उनसे करोड़ों रुपये की मांग की गई है और रकम नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। हालांकि, मैसेज मिलने के तुरंत बाद रणवीर सिंह ने इसकी जानकारी मुंबई पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने उनके घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। उनके आवास पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही पुलिस धमकी भरा वॉइस नोट भेजने वाले व्यक्ति या गिरोह की तलाश में जुटी हुई है।

बता दें कि रणवीर सिंह निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी की कई फिल्मों में काम कर चुके हैं, जिनमें 'सिंघम अगेन' सहित अन्य प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। दोनों के बीच पेशेवर संबंध काफी मजबूत बताए जाते हैं।

स्पेशल स्कूल में स्टुडेंट के साथ मारपीट, शिक्षक के खिलाफ FIR

युवक की मेडिकल जांच के बाद मां पहुंची पुलिस स्टेशन

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई:

तिलक नगर पुलिस स्टेशन में एक 40 वर्षीय महिला ने अपने 20 वर्षीय दिव्यांग बेटे के साथ कथित तौर पर अमानवीय मारपीट किए जाने के मामले में एक स्कूल शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी शिक्षक ने उसके बेटे के कान और पीठ पर बेरहमी से हमला किया, जिससे उसकी सुनने की क्षमता पर असर पड़ा है।

महिला ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा पांच वर्ष की उम्र से 18 साल तक सुलभा ट्रस्ट द्वारा संचालित एक स्पेशल स्कूल में पढ़ाई करता रहा। 18 वर्ष की उम्र के बाद उसे उसी संस्था के व्यावसायिक प्रशिक्षण (वोकेशनल ट्रेनिंग) केंद्र में ऐडमिशन दिया गया था। शिकायत के अनुसार, वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में कार्यरत शिक्षक प्रशांत गर्ग ने पीड़ित युवक के कान के पास और पीठ पर अमानवीय तरीके से मारपीट की। युवक ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी, जिसके बाद मां उसे एक निजी अस्पताल लेकर गई।

मेडिकल जांच में सामने आया कि युवक की पीठ पर गंभीर चोट के निशान हैं और कान की सुनने की क्षमता भी प्रभावित हुई है। इसके बाद पीड़िता ने तिलक नगर पुलिस स्टेशन में आरोपी शिक्षक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

तीसरी मुंबई के विकास का रास्ता साफ़

कैबिनेट ने भूमि अधिग्रहण नीति को दी मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : देवेंद्र फडणवीस सरकार ने तीसरी मुंबई के लिए तैयारी तेज कर दी है। फडणवीस सरकार ने नवी मुंबई के पास अटल बिहारी वाजपेयी शिवडी-न्हावा शेवा अटल सेतु प्रभाव क्षेत्र के लिए भूमि अधिग्रहण और भू-वितरण की नीति को मंजूरी दे दी है। एमएमआरडीए की तरफ से भविष्य में लागू होने वाली सभी विकास परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण की स्पष्ट रूपरेखा तय की गई है। इससे तीसरी मुंबई के विकास को तेज गति मिलेगी। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कुल 19 निर्णय लिए गए।

अंधेरी स्थित कोले कल्याण इलाके में महाजा की करीब 2 एकड़ जमीन पर पीपीपी मॉडल पर टेनिस की आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। वहीं एक अन्य फैसले में महाराष्ट्र भूमि राजस्व संहिता, 1966 में संशोधन कर अब ई-मेल के माध्यम से नोटिस भेजना कानूनी बना दिया गया है। ई-मेल नोटिस को कानूनी मान्यता मिलने से यह बाधा दूर होगी और न्याय प्रक्रिया और अधिक तेज होगी। मेरा गांव, आरोग्य संपन्न गांव' कैंपेन को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। इस कैंपेन के तहत गांव में रहने वाले नागरिकों को हेल्थ सुविधा उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं पुणे के पुंदेर हवाई अड्डा परियोजना को गति देने के लिए 6 हजार करोड़ रुपये के कर्ज, विशेष प्रयोजन वाहन की स्थापना और भूमि अधिग्रहण समेत सभी संबंधित प्रक्रियाओं को मंजूरी दी गई। सरकार ने महाराष्ट्र पीपीपी पॉलिसी को मंजूरी दे दी है। इसके जरिए राज्य की अर्थव्यवस्था को 2029 तक एक ट्रिलियन डॉलर, 2035 तक दो ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक पांच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। नई नीति के तहत 25 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाले पीपीपी प्रोजेक्ट्स को मंजूरी देने का अधिकार मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली इंफ्रास्ट्रक्चर समिति के पास रहेगा। वहीं 25 करोड़ रुपए से कम लागत वाली परियोजनाओं को मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली सशक्त समिति मंजूरी देगी। कैबिनेट बैठक में पूर्व उप मुख्यमंत्री अजित पवार को श्रद्धांजलि दी गई।

12 वर्षीय बच्ची की मौत, पुलिस जीप से हादसा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शिवडी इलाके में स्टेट इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट (SID) की एक जीप और लोहे से लदे कंटेनर की कथित लापरवाही के कारण 12 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा फ्रीवे के नीचे उस समय हुआ, जब बच्ची के पिता उसे दोपहिया वाहन पर कोलाबा से कुर्ला की ओर ले जा रहे थे।

> उल्टी दिशा से आ रही जीप बनी वजह

पुलिस के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 11 बजे बच्ची अपने पिता के साथ दोपहिया वाहन पर सवार थी। उसी दौरान उनके साथ एक भारी कंटेनर भी चल रहा था। बताया गया है कि इसी वक्त SID में कार्यरत एसीआई पवार की जीप विपरीत दिशा से आ गई। अचानक सामने से जीप आने पर बच्ची के पिता घबरा गए और उन्होंने अचानक ब्रेक लगा दिया। इस दौरान बच्ची अपने पिता को ठीक से पकड़े हुए नहीं थी, जिससे वह संतुलन खो बैठी और कंटेनर के टायर के नीचे आ गई। हादसे में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई।

SRA इंजिनियरों पर हाई कोर्ट सख्त

वर्ली में STP के लिए आरक्षित जमीन पर ट्रांजिट कैम्प बिल्डिंग बनाने का मामला

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ मुंबई: बॉम्बे हाईकोर्ट ने स्लम पुनर्वास योजना (SRA) से जुड़े एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए SRA के CEO को दो इंजिनियरों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही पुनर्वास प्रोजेक्ट के तहत बन रही ट्रांजिट बिल्डिंग के निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा दी गई है। यह आदेश वर्ली अर्बन डिवेलपमेंट प्रोजेक्ट एलएलपी (औपचारिक नाम लोढ़ंडाला डीबी रियल्टी एलएलपी) की याचिका पर सुनवाई के बाद दिया गया।

मामला वर्ली में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) के लिए आरक्षित जमीन पर कथित तौर पर ट्रांजिट बिल्डिंग के अवैध निर्माण से जुड़ा है। स्लम प्रोजेक्ट के तहत सात बिल्डिंगों में से एक ट्रांजिट बिल्डिंग का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि दूसरी का काम चल रहा था। इसी दौरान अथॉरिटी की ओर से डिवेलपर को स्टॉप वर्क और डिमोलिशन के नोटिस जारी किए गए थे।

बीएमसी और SRA की इन कार्रवाइयों पर रोक लगाने की मांग को लेकर डिवेलपर ने हाईकोर्ट का रुख किया।

अवैध निर्माण को लेकर जताई नाराजगी

एक हफ्ते में निलंबन पर निर्णय

जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस आरती साठे की बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि प्रथम दृष्टया दोनों इंजिनियरों की कार्यशैली संतोषजनक नहीं दिखती। कोर्ट ने CEO को निर्देश दिया कि वे पूरे मामले की जांच कर दोनों इंजीनियरों से उनका प्रभार लेकर किसी अन्य अधिकारी को सौंपें। साथ ही विभागीय जांच लंबित रहते उनके निलंबन पर एक हफ्ते के भीतर निर्णय लिया जाए। जिन दो इंजिनियरों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया गया है, उनके नाम राम मिटकर और डीबी पाटिल हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में पुलिस जांच पर कोई रोक नहीं होगी। दर्ज एफआईआर के आधार पर पुलिस कानून के अनुसार स्वतंत्र रूप से कार्रवाई कर सकेगी।

बेंच ने स्पष्ट आदेश दिया कि स्लम प्रोजेक्ट के अन्तर्गत ट्रांजिट कैम्प की बिल्डिंग के निर्माण पर तुरंत रोक लगाई जाए और अदालत के अगले आदेश तक कोई भी निर्माण कार्य न हो। साथ ही याचिकाकर्ता को ट्रांजिट कैम्प बिल्डिंग के अवैध हिस्सों को हटाने की छूट दी गई है। डिवेलपर की ओर से इसे हटाने के लिए 90 दिनों का समय मांगा गया है। इसके अलावा कोर्ट ने STP के लिए आरक्षित 27,964.04 वर्ग मीटर क्षेत्र को घटाकर 17,756.49 वर्ग मीटर करने के प्रस्ताव को लेकर राज्य सरकार को हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 23 फरवरी को होगी।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

SRA इंजिनियरों पर क्यों गिरी गाज

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि SRA इंजिनियरों को यह जानकारी थी कि संबंधित जमीन वर्ली STP के लिए आरक्षित है। इस संबंध में बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने SRA को पत्र भी लिखे थे, इसके बावजूद ट्रांजिट बिल्डिंग के निर्माण की अनुमति दी गई। कोर्ट के अनुसार बीएमसी के पत्रों को दबाया गया और डिवेलपर को इसकी जानकारी नहीं दी गई। प्रथम दृष्टया अधिकारियों का यह कृत्य इत्तफाक था।

सीकेवाईसी आईडी: केवाईसी संबंधी आपकी सभी ज़रूरतों को पूरा करने वाली एकमात्र चाबी

सीकेवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री द्वारा जारी की जाने वाली 14-डिजिट की विशिष्ट सीकेवाईसी आईडी

यह कैसे काम करता है?

- केवाईसी जानकारी अपने बैंक में जमा करें।
- बैंक केवाईसी जानकारी केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री पर अपलोड करता है।
- इसे सभी बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

अपनी सीकेवाईसी आईडी को जानें।
मिस्ड कॉल: 7799022129 या
ऑनलाइन: www.ckycindia.in

प्रमुख फायदे
विभिन्न बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में आसानी से खाता खोलें।
केवाईसी अपडेट करना हुआ आसान: एक बैंक में अपडेट की गई केवाईसी आपके अन्य सभी बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में अपडेट हो जाती है सीकेवाईसी के ज़रिए।

आसान। सुरक्षित। मानकीकृत।

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTM6 User: cci Time: 02-10-2026 23:05 Color:

फटाफट खबरें

रमजान से पहले कराएं महापौर चुनावः शेख

■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी पूर्व विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख ने रमजान से पहले महापौर चुनाव कराने की मांग कोकण विभागीय आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी से की है। मनपा चुनाव हुए तीन सप्ताह से अधिक हो गया, लेकिन अब तक कोकण के विभागीय आयुक्त ने भिवंडी में महापौर चुनाव की घोषणा नहीं की। विधायक शेख ने कहा कि महापौर के चुनाव में हो रही देर से राजनीतिक घोड़ाबाजार को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे लोकतंत्र को नुकसान पहुंच रहा है।

बीमारी से त्रस्त वृद्ध इमारत से कूदे, मौत

■ NBT न्यूज, विरार : वेलिंज पुलिस स्टेशन क्षेत्र के विरार पश्चिम स्थित एम बी इस्टेट इलाके में सोमवार को बीमारी से तंग आकर एक 68 वर्षीय वृद्ध ने 7 मंजिला इमारत से कूदकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार किरण करसनदास शाह (68) अपने परिवार के साथ रहता था। वह पिछले कई महीनों से सांस व हार्ट की बीमारी से जूझ रहा था। इसी के चलते उसने सोमवार को हरि टावर नामक स्वत मंजिला इमारत की छत से कूदकर जान दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रो. कलकटे को मिली पीएच.डी. की उपाधि

■ NBT न्यूज, भिवंडी : शहापुर तालुका के खर्डी स्थित जीवनदीप महाविद्यालय के प्र. प्राचार्य प्रो. कैलास कलकटे को हाल ही में



मराठी विषय में पीएच.डी. की उपाधि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई है। डॉ. कलकटे ने मराठी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सतीश बडवे के मार्गदर्शन में 'स्वातंत्र्योत्तर मराठी कथा में परिवर्तन' विषय पर शोध प्रबंध प्रस्तुत किया था। विश्वविद्यालय द्वारा इस शोध प्रबंध को मान्यता देते हुए उन्हें शिक्षा क्षेत्र की सर्वोच्च उपाधि पीएच.डी. प्रदान की गई है।

नालासोपारा में युवक ने लगाई फांसी, हुई मौत

■ NBT न्यूज, नालासोपारा : आचोले पुलिस स्टेशन क्षेत्र के राजनगर इलाके में सोमवार शाम को एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार राजनगर स्थित साई शिराखा सोसायटी निवासी सागर सुरेश शिंदे (31) अपने परिवार के साथ रहते थे। सोमवार शाम 5 बजे उन्होंने घर में लगे पंखे पर रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। शिंदे द्वारा खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने एडीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ठाणे जिले में बढ़े डॉग बाइट के शिकार, लोगों में दहशत

साल भर में 67,000 से ज्यादा लोगों को लगाया गया रेबीज़ का इंजेक्शन

सरकारी अस्पतालों से मिले आंकड़ों में हो रहे हैं चौंकाने वाले खुलासे

■ अनिल कुमार शुक्ल, ठाणे

ठाणे जिले में डॉग बाइट की घटना में खतरनाक बढ़ोतरी हुई है। जनवरी, 2025 से जनवरी, 2026 तक एक साल की अवधि में जिले के सरकारी अस्पतालों में 67,112 लोगों को रेबीज का टीका लगाना पड़ा है। आंकड़ों के अनुसार जिले के शहरी और घनी आबादी वाले इलाकों में डॉग बाइट का शिकार होने के मामले ज्यादा हैं। ठाणे जिले की मौजूदा आबादी 1 करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। ऐसे में, यह समस्या पब्लिक हेल्थ सिस्टम के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है।

सरकारी आंकड़े बताते हैं कि डॉग बाइट शिकार मरीजों की सर्वाधिक संख्या उल्हासनगर-3 स्थित सरकारी अस्पताल में दर्ज हुई, जहां उक्त अवधि में 12,594 लोग रेबीज का टीका लगवाने आए। इसके बाद भिवंडी ग्रामीण अस्पताल में 11,793, उल्हासनगर-4 में 9,788 और अंबरनाथ में 8,450 मरीजों को रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया है। ठाणे सिविल हॉस्पिटल में 5,157 मरीजों, जबकि शहापुर में 3888 और ठाणे ग्रामीण के मालवणी में 3949, गोवेली में 2477 लोगों को रेबीज का टीका लगा। इसी तरह मीरा-भाईंदर सिविल हॉस्पिटल में 2382, बदलापुर में 4508, खर्डी में 622, टोकावडे और अंबाडी फाटा अस्पताल में 910 मरीजों को रेबीज का टीका दिया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक रेबीज एक जानलेवा बीमारी है, जो एक बार हो जाने से जानलेवा हो जाती है। इसलिए अगर कोई कुत्ता या कोई संदिग्ध जानवर आपको काट ले, तो घाव को तुरंत साबुन और साफ पानी से धोना और बिना देर किए वैक्सीन लगवाना जरूरी है।

AI Image

रेबीज से बचने का सबसे असरदार तरीका जागरूकता है। छोटे बच्चों पर ध्यान देना जरूरी है, क्योंकि अक्सर बच्चे डर के मारे पैरेंट्स को नहीं बताते कि उन्हें कुत्ते ने काटा है। इसके अलावा आवारा कुत्तों की नसबंदी, वैक्सिनेशन भी जरूरी है। ठाणे के सभी सरकारी अस्पतालों में रेबीज वैक्सीन का पर्याप्त स्टॉक है। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान दिए बगैर तुरंत समय पर इलाज कराना चाहिए।

- डॉ. कैलाश पवार, सिविल सर्जन (ठाणे जिला)

क्षेत्रवार डॉग बाइट के शिकार

उल्हासनगर-3	12,594
भिवंडी	11,793
उल्हासनगर-4	9,788
अंबरनाथ	8,450
ठाणे	5,157
शहापुर	3888
मालवणी	3949
गोवेली	2477
मीरा-भाईंदर	2382
बदलापुर	4508
खर्डी	622
टोकावडे-अंबाडी	910

दिवा में हुई थी बच्ची की मौत

दिवा के अनासन रोड निवासी 5 वर्षीय निशा 17 नवंबर, 2025 को घर के बाहर खेल रही थी। उसी समय उन पर स्ट्रीट डॉग ने हमला कर दिया था। निशा के चेहरे सहित शरीर पर कई जगह जख्म हुए थे। छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उनका डोंबिवली के सरकारी अस्पताल में इलाज किया गया था। उन्हें जरूरी इंजेक्शन दिए गए थे, 16 दिसंबर को चौथा इंजेक्शन लगा था। इसके बावजूद निशा की हालत बिगड़ गई, फिर उन्हें मुंबई के कस्तूरबा हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। स्थानीय स्मार्जसेवियों ने लंबे समय तक इलाज के बाद रेबीज के लक्षण दिखने को गंभीर मामला बताया था। मामले में इलाज के तरीके, दवाओं की क्वॉलिटी, मेडिकल ऑब्जर्वेशन और रेफरल प्रोसेस की निष्पक्ष जांच की मांग हुई थी, लेकिन सब कुछ ठंडे बस्ते में पड़ गया।

क्यों नहीं लग पा रही लगाम?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

ठाणे मनपा स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार शहर में करीब 5 से 6 लाख पंजीकृत कुत्ते का शिकार होते हैं। कुत्तों का शिकार होने वाले में बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी आयु वर्ग के महिला और पुरुष हैं। मनपा क्षेत्र की जनसंख्या 26 लाख 28 हजार है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के नियमानुसार ठाणे मनपा क्षेत्र की आबादी के लिहाज से यह कुत्ते और बिल्लियों की संख्या 65,000 हो सकती है। ठाणे शहर में स्ट्रीट डॉग्स और कैट्स को पकड़ने और उनकी संख्या को नियंत्रित करने के लिए मनपा का अपना कोई दस्ता नहीं है। एक्सपर्ट की मानें, तो डॉग बाइट की बढ़ती घटनाओं की यह एक बड़ी वजह है। हालांकि, मनपा प्रशासन ने स्ट्रीट डॉग्स-कैट्स की संख्या नियंत्रित करने के लिए निजी एजेंसियां तैनात करने की बात कही है।

अवैध निर्माण तोड़ने गई मनपा की टीम पर लोगों का हमला

VVMC के ऐक्शन पर पब्लिक का रिऐक्शन!

■ NBT न्यूज, नालासोपारा : वसई विरार मनपा के प्रभाग (एफ) पेलार स्थित जाबर पाडा में सोमवार को अवैध निर्माणों पर कार्रवाई करने गए तोड़क दस्ते पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। मजबूरन मनपा को खाली हाथ लौटना पड़ा। शुक्रवार को भी तोड़क कार्रवाई करने गई मनपा अधिकारियों को बैरंग लौटना पड़ा था। मनपा के प्रभाग (एफ) पेलार क्षेत्र में अतुरुका मनोज कुमार सूर्यवंशी के आदेश पर अतिक्रमण विभाग की टीम सोमवार को तोड़क कार्रवाई करने पहुंची, तो वहां भूमाफियाओं ने सड़क पर बड़े पैमाने वाहन खड़े कर मनपा का रास्ता रोका। वाहनों को किसी तरह हटाकर जैसे ही मनपा तोड़क कार्रवाई शुरू करने लगी, तभी स्थानीय लोगों ने मनपा के सुरक्षा कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की व मारपीट शुरू कर दी। शुक्रवार को भी इसी जगह तोड़क कार्रवाई करने गए मनपा टीम को कथित तौर पर बविआ के बड़े नेता के कहने पर कार्रवाई स्थगित करनी पड़ी थी।

40 लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया केस

सोमवार को तोड़क कार्रवाई करने गई मनपा की टीम पर हमला करने वाले करीब 40 लोगों के खिलाफ पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मनपा के संबंधित अधिकारी की शिकायत पर पेलार पुलिस ने रकीब चौधरी, जावेद चौधरी, धर्मेंद्र यादव, शकील चौधरी, गौरव यादव, संजय सिंह, राजू यादव, शीला नामकुढ़, इम्तियाज चौधरी सहित 40 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

गौरतलब है कि 26 अगस्त, 2025 को विरार (ईस्ट) के विजय नगर में चार मंजिला इमारत ढहने से 17 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद भी मनपा ने गंभीर नहीं ली। इसी दुर्घटनाग्रस्त इमारत के पास एक 7 मंजिला इमारत का निर्माण जारी है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि मनपा अधिकारियों की मिली भगत से शहर में अवैध निर्माण जारी है। इस तरह अवैध निर्माणों को संरक्षण देने वाले अधिकारी आम लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

12वीं की परीक्षा देने जा रहे छात्र की ट्रेन से गिरकर मौत

■ NBT न्यूज, ठाणे : मंगलवार को सेंट्रल रेलवे पर कलवा और मुंब्रा स्टेशन के बीच चलती लोकल ट्रेन से गिरने से 12वीं के छात्र की मौत हो गई। माना जा रहा है कि ट्रेन में भीड़ होने की वजह से छात्र नीचे गिर गया होगा। ठाणे रेलवे पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक डोंबिवली निवासी सोहम सचिन कदरे (18) सुबह परीक्षा देने के लिए घर से निकले थे। डोंबिवली से उन्हें कलवा स्थित सेंटर पर पहुंचना था। वह कलवा और मुंब्रा स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक के करीब घायल अवस्था में मिले। ठाणे रेलवे पुलिस को घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और सोहम को इलाज के लिए ठाणे सिविल अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, डॉक्टरों ने भर्ती करने से पहले ही उनकी मौत होने की पुष्टि की।

कलवा और मुंब्रा स्टेशन के बीच चलती लोकल ट्रेन से गिरे थे डोंबिवली निवासी सोहम

इस घटना में रेलवे पुलिस ने ऐक्सिडेंटल डेथ का मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा घटना के प्रत्यक्षदर्शियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार सोहम डोंबिवली में अपने माता-पिता के साथ रहते थे। उनकी मौत से डोंबिवली में कदरे आवास के आसपास शोक का माहौल है।

नितिन पाटील बने पनवेल के महापौर

■ NBT न्यूज, पनवेल : मंगलवार को BJP के नितिन पाटील पनवेल के महापौर तथा प्रमिला पाटील उपमहापौर पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए। यह विशेष सभा पैनलाइजेन अधिकारी एवं ठाणे जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्णनाथ पंचाल की अध्यक्षता में पनवेल स्थित आद्य क्रांतिवीर वासुदेव बलवंत फडके नाट्यगृह में संपन्न हुई। नामांकन के समय महाविकास आघाडी की तरफ से दोनों पदों पर नॉमिनेशन किया गया था, लेकिन चुनाव से ठीक पहले दोनों प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद पैनलाईन अधिकारी ने नितिन पाटील को महापौर और प्रमिला पाटील को उपमहापौर घोषित कर दिया।

निर्विरोध हुए निर्वाचित, प्रमिला पाटील बनीं उपमहापौर

समृद्धि महामार्ग पर हादसा, चलती कार में लगी आग

■ NBT न्यूज, भिवंडी : मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग पर मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शहापुर तालुका के खूटघर टोल प्लाजा के पास नागपुर लेन में दौड़ रही एक कार में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हालांकि, समय रहते कार में सवार यात्री बाहर निकल आए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार फोर्ड फिगो कार नागपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान वाहन के इंजन हिस्से से अचानक धुआं उठने लगा। चालक ने खतरे को भांपते हुए तुरंत कार सड़क किनारे रोकी और सभी यात्रियों को बाहर निकाल लिया। कुछ ही पलों में धुएं ने आग का रूप ले लिया और देखते ही देखते लपटों ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया। दूर से ही धुएं और लपटें दिखाई देने लगीं। इससे

महामार्ग पर चल रहे अन्य वाहन चालकों में भी दहशत फैल गई।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया, हालांकि वाहन पूरी तरह जल चुका था। इस घटना के चलते समृद्धि महामार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण तकनीकी खराबी या इंजन में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। फिलहाल, महामार्ग पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की विस्तृत जांच जारी है।

KDMC ने जेल में बंद कर्मचारी को दे डाली सैलरी

■ अरविंद त्रिपाठी, कल्याण

कल्याण-डोंबिवली मनपा प्रशासन का अजीबोगरीब कारनामा सामने आया है। मनपा प्रशासन ने एक गंभीर जुर्म में जेल में बंद कर्मचारियों की सैलरी निकाली है। मामले का खुलासा होने के बाद गंभीरता दिखाते हुए प्रशासन ने कार्रवाई के साथ जांच के आदेश दिए हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार केडीएमसी के F वॉर्ड कार्यालय में तैनात कर्मचारी स्वप्निल जोशी के खिलाफ पुलिस स्टेशन में गंभीर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी कर्मचारी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। न्यायिक हिरासत मिलने के बाद आरोपी कर्मचारी को जेल भेज दिया गया।

- मनपा प्रशासन के अजीबोगरीब कारनामे से मचा हड़कंप
- मामले का खुलासा होने से बाद दिए गए जांच के आदेश

हालांकि, आरोपी कर्मचारी जब जेल में था, तब मनपा प्रशासन ने उसकी सैलरी रिलीज कर दी। मामले का खुलासा होने के बाद केडीएमसी में हड़कंप मच गया।

इस बारे पूछे जाने पर मनपा की डेप्युटी कमिश्नर वंदना गुलवे ने कहा कि मामला हमारे संज्ञान में आया है, आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। गुलवे के अनुसार जोशी किसी जुर्म में जेल में है, पुलिस को इस बारे में मनपा प्रशासन को सूचित करना चाहिए था। पुलिस ने मनपा को देर से जानकारी दी, वहीं चुनाव के काम में प्रशासन की व्यस्तता के बीच उसकी सैलरी रिलीज कर दी गई। गुलवे ने जोशी के खिलाफ तुरंत सस्पेंशन की कार्रवाई करने की बात कही है। हालांकि, इस घटना से मनपा प्रशासन के कुप्रबंधन की खूब चर्चा है।

सड़क हादसे में इंटरनेशनल शूटर संभाजी पाटील की मौत

पेज 01 से आगे

■ NBT न्यूज, पालघर: हादसे में घायल ड्राइवर यश चौधरी (23) को इलाज के लिए मनोर के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया। गौरतलब है कि संभाजी पाटील नेशनल और इंटरनेशनल लेवल के शूटर थे। उन्होंने स्टेट लेवल के साथ-साथ नेशनल और इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन में भी हिस्सा लिया था। 2018 में हुई 53वीं ऑल इंडिया रेलवे शूटिंग चैंपियनशिप में संभाजी पाटील ने 25 मीटर पिस्टल टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था। 2019 में हुई 54वीं ऑल इंडिया रेलवे शूटिंग चैंपियनशिप में उन्होंने इंडिविजुअल 25 मीटर शूटिंग इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था। 2020 में उन्होंने पुणे में सेंट्रल रेलवे द्वारा ऑर्गेनाइज चैंपियनशिप कॉम्पिटिशन में गोल्ड मेडल जीता।

स्टेट अपडेट

शरद पवार के स्वास्थ्य में तेज़ी से हो रहा है सुधारः डॉ. ग्रांट

■ भाषा, पुणे : सांस में संक्रमण के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए गए एनसीपी (SP) के अध्यक्ष शरद पवार तेजी से ठीक हो रहे हैं। डॉक्टरों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राज्यसभा के 85 वर्षीय सदस्य शरद पवार को सांस लेने में तकलीफ और लगातार खांसी की शिकायत के बाद सोमवार दोपहर पुणे जिले के बारामती कस्बे स्थित उनके आवास से रूबी हॉल क्लिनिक लाया गया था। अस्पताल के चिकित्सक और

न्यासी डॉ. साइमन ग्रांट ने बताया, शरद पवार के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। एहतियात के तौर पर उन्हें अभी निगरानी में ही रखा गया है।

BJP के समीर बने महापौर, शिवसेना के राजेंद्र निर्वाचित हुए उपमहापौर

■ भाषा, छत्रपति संभाजीनगर : बीजेपी के पार्षद समीर राजूरकर मंगलवार को छत्रपति संभाजीनगर नगर निगम के महापौर निर्वाचित किए गए, जबकि शिवसेना के राजेंद्र जंजाल उप महापौर बने। राजूरकर का मुकाबला एआईएमआईएम के पार्षद अक्षेक हिवराले से था। भाजपा पार्षद ने यह चुनाव 37 मतों से जीता। छत्रपति संभाजीनगर नगर निगम में कुल 115 सीटें हैं, जिसमें भाजपा के पास 57 सीट हैं, जबकि शिवसेना को 13 सीट से संतोष करना पड़ा है। महापौर एवं उप महापौर पद के लिए दोनों पार्टियों एक साथ आईं। एआईएमआईएम 33 सीट के साथ विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी है।

रेवती सुले की शादी लखानी से तय

■ भाषा, पुणे : एनसीपी (SP) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले की बेटी रेवती सुले का विवाह नागपुर के एक उद्योगपति के बेटे सारंग लखानी से तय हुआ है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले के बेटे विजय सुले ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर रेवती और सारंग की एक तस्वीर साझा करते हुए बधाई संदेश पोस्ट किया और लिखा, रेवती और सारंग को बधाई। कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे की बेटी स्मृति शिंदे ने भी सोशल मीडिया पर इसी तरह की बधाई संदेश और तस्वीर साझा की।

पुणे लैंड डील केस में नोटिस को चुनौती

■ पीटीआई, पुणे : दिवंगत डिप्टी CM अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार की एक फर्म ने महाराष्ट्र रजिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के उस नोटिस के खिलाफ अपील की है, जिसमें पुणे के मुंढवा में एक जर्मन की सेल डीड के लिए मंगलवार तक 21 करोड़ रुपये की स्टाम्प ड्यूटी देने को कहा गया है। डिपार्टमेंट ने पहले के एक ऑर्डर में अमेडिया एंटरप्राइजेस LLP और उसके पार्टनर दिग्विजय पाटील को स्टाम्प ड्यूटी देने को कहा था, जिसे 40 एकड़ सरकारी जमीन की सेल डीड के एग्जिक्यूशन के दौरान माफ कर दिया गया था।

बैंक नोट पेपर मिल इंडिया प्राईवेट लिमिटेड
(सरकारीएजेंसीजुईएल - भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वधारीय कंपनी और बीओआईएफएसीएल - भारतीय रिज़र्व बैंक के सम्पूर्ण स्वामित्वधारीय सहायक कंपनी का संयुक्त उद्यम)

निविदा सूचना 11.02.2026

बैंक नोट पेपर मिल इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, मैसूर के लिए निम्नलिखित सेवाओं/वस्तुओं हेतु पात्र फर्मों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति/बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:

क्र. सं.	ईओआय/निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा
1.	बीएनपीएम/ईओआय/पीएमसी/497/2025-26	मैसूर स्थित बीएनपीएम में 12,000 टीपीए की कुल क्षमता वाली दो अतिरिक्त बैंकनोट पेपर उत्पादन लाइनों की स्थापना के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और कंसल्टेंसी सेवाएं प्रदान करने हेतु एक सलाहकार की नियुक्ति।	अभिरुचि की अभिव्यक्ति के अनुसार
2.	बीएनपीएम/जीटीई/498/2025-26	मैसूर, कर्नाटक, भारत में बैंकनोट पेपर उत्पादन के लिए प्रत्येक 6000 टीपीए क्षमता वाली दो लाइनों के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का कार्य।	निविदा के अनुसार

निविदा तथा उससे सम्बन्धित अन्य विवरण, हमारी वेबसाइट www.bnpmindia.com से प्राप्त किया जा सकता है। अनुपूरक/शुद्धिपत्र/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, तो वह केवल हमारी वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा।

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
एलपीएससी, वलियमला, निर्माण व अनुरक्षण प्रभाग
फोन.: 0471-256 7445 / 7326 / 7577 ई-मेल: contracts_cmg@lpsc.gov.in

ई-निविदा आमंत्रित करने की संक्षिप्त सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा द्वारा मध्य-दर निविदाएं आमंत्रित हैं।
ई-एलएचडी सं. एलपीएससी-वी/सीएमडी/सीएस/03/7149/सी/टीई-112/2025-26 दिनांक 10.02.2026 एल पी एस सी, वलियमला में पूरणे पर्ती विलिंग के पास प्रस्तावित नई कैंटीन सुविधा के कर्मचार सीवर नेटवर्क का पुनः मार्ग निर्धारण कार्य। (निविदा में दी गई अनुमानित लागत: ₹ 5.10 लाख)

अनुरोध करने की अवधि : 11.02.2026, 17:30 बजे से 17.02.2026, 23:30 बजे तक

इच्छुक निविदाकार पात्रता मानदंड एवं अन्य विवरण हेतु वेबसाइट https://www.isro.gov.in/Tenders.html, https://www.lpsc.gov.in/tender.html पर दिए गए विस्तृत ब्रिफ्स (हिंदी-अंग्रेजी) निविदा आमंत्रित करने हेतु सूचना (एन आई टी) का संदर्भ लें एवं वेबसाइट https://www.tenderwizard.com/isro पर निःशुल्क निविदा देखें। एसडी/- प्रधान, सीएमडी/एलपीएससी (वी)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
E.S.I.C.

पंचदीप भवन
Panchdeep Bhawan
सी.आई.जी. रोड, नई दिल्ली – 110002
C.I.G. Road, New Delhi – 110002
Tel.: 011- 23234336 Email: jd-f2@esic.gov.in
Website: www.esic.gov.in

कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पोर्टफोलियो प्रबंधकों, अभिरक्षक, बाह्य समवर्ती लेखापरीक्षक की नियुक्ति और ऋण प्रपत्र के लिए पोर्टफोलियो प्रबंधकों के निष्पादन के मूल्यांकन के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति की ऑनलाइन अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइसी) भारत में परामर्शदाता के रूप में प्रयोजन में कम से कम सात वर्षों का अनुभव रखने वाली वित्तीय परामर्श फर्मों/क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों/पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अथवा नियंत्रक कंपनी से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है (जिसे इसके बाद 'बोलीदाता' कहा गया है) जो कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पोर्टफोलियो प्रबन्धकों, अभिरक्षक, बाह्य लेखापरीक्षक के चयन और ऋण प्रपत्र के लिए पोर्टफोलियो प्रबंधकों के निष्पादन के मूल्यांकन में सहायता कर सके।

अभिरुचि दस्तावेज केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (सीपीपी पोर्टल) (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) या कर्मचारी राज्य बीमा निगम वेबसाइट (www.esic.gov.in>tenders) से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

जमा करने की अंतिम तिथिः 24/02/2026 (पूर्वाह्न 11:30 बजे तक)

हस्ता/–
निदेशक (वित्त)

पर्यटन को बढ़ावा देंगे स्कूली छात्र

पर्यटन विभाग का फैसला, शिक्षा संस्थानों में बनेंगे टूरिस्ट क्लब

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: जहां श्रमजीवर पर विभिन्न एजेंसियां अपने प्रचार-प्रसार के लिए नामी हस्तियों को ब्रांड एम्बेसडर बनाती हैं, वहीं महाराष्ट्र राज्य पर्यटन विभाग ने स्कूली बच्चों को पर्यटन का ब्रांड एम्बेसडर बनाने का निर्णय लिया है। पर्यटन विभाग के डायरेक्टर डॉ. बी.एन पाटील के अनुसार, इस पहल के तहत विभिन्न शिक्षा संस्थानों में टूरिस्ट क्लब बनाए जा रहे हैं। अब तक राज्यभर में 700 से अधिक टूरिस्ट क्लब तैयार किए जा चुके हैं।

इन क्लबों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्हें जिम्मेदार पर्यटक बनने के गुण सिखाए जाएंगे। बच्चों को यह भी बताया जाएगा कि पर्यटन स्थलों की स्वच्छता और संरक्षण कैसे किया जा सकता है। ब्रांड एम्बेसडर के रूप में छात्र यह जानकारी अपने परिवार और आसपास के लोगों तक भी पहुंचाएंगे, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

AI Image

प्रशिक्षित गाइड तैयार करने की योजना

पर्यटकों को बेहतर मार्गदर्शन देने के लिए पर्यटन विभाग राज्य में करीब 12 हजार प्रशिक्षित टूर गाइड तैयार करने की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए विभिन्न शिक्षा संस्थानों से बातचीत की गई है। पाटील के अनुसार, राज्य में हर साल पर्यटकों की संख्या में लगभग 15 फीसदी की वृद्धि हो रही है। महाराष्ट्र में टाइगर रिजर्व, नेशनल पार्क और लंबा कोस्टल एरिया होने के कारण गाइड की मांग लगातार बढ़ रही है।

मतगणना केंद्र पर अभद्रता, नोटिस जारी

■ NBT न्यूज, पनवेल: पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव की मतगणना के समय काउंटिंग सेंटर के पास अभद्रता करने वाले दो लोगों पर पुलिस ने मामला दर्ज कर नोटिस जारी किया है।

पुलिस के अनुसार पनवेल में मतगणना केंद्र पर पुलिस निरीक्षक सूरज पाटील (41) का कॉलर पकड़कर स्वप्निल पाटील (25) ने उन्हें धक्का था और धक्का देकर उन्हें गिरा दिया था। सूरज पाटील के अन्य सहकर्मियों ने तुरंत दोनों में बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद पुलिस की टीम स्वप्निल को पुलिस स्टेशन लेकर गई और देर रात मामला दर्ज कर नोटिस जारी किया है।

मस्जिद बनी परीक्षार्थियों की पढ़ाई का सुकूनभरा ठिकाना

अच्छी पहलः एग्जाम के चलते मस्जिद ने खोला परीक्षार्थियों के लिए दरवाजा

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर: मीरा रोड के परीक्षार्थियों के लिए एक सराहनीय और प्रेरणादायी पहल सामने आई है। मीरा-रोड की अल शम्स -जामा मस्जिद ने उन परीक्षार्थियों के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं, जो घर में जगह की कमी और उचित वातावरण न मिलने के कारण ठीक से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। यह जानकारी मस्जिद के मौलाना रिज़वान अहमद कादरी ने दी।

मौलाना कादरी ने बताया कि इस समय दसवीं कक्षा से लेकर डिग्री कॉलेज तक की परीक्षाएं चल रही हैं। मीरा रोड जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में अधिकांश परिवार छोटे घरों में रहते हैं, जहां जॉइंट फैमिली होने या घर में अधिक लोगों की आवाजाही के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए शांत माहौल नहीं मिल पाता। इसी समस्या को समझते हुए अल शम्स जामा

मस्जिद में परीक्षार्थियों के लिए तय समय पर अध्ययन की विशेष व्यवस्था की गई है।

कादरी के अनुसार इच्छुक परीक्षार्थी सुबह 6 से 9 बजे तक, दोपहर 12 से 3 बजे तक और रात 5 से 10 बजे तक मस्जिद में आकर पढ़ाई कर सकते हैं। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए इच्छुक परीक्षार्थियों को अपना आधार कार्ड, स्कूल या कॉलेज आईडी और परीक्षा का हॉल टिकट साथ लाकर मस्जिद में संपर्क करना होगा। मस्जिद परिसर में विद्यार्थियों को शांत, अनुशासित और अनुकूल वातावरण में पढ़ाई करने का अवसर दिया जा रहा है।

मस्जिद के ट्रस्टी एवं पूर्व विधायक मुनफ्फर हुसैन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा की रोशनी से ही समाज का सच्चा निर्माण संभव है। परीक्षा के समय विद्यार्थियों को एकाग्रता और सकारात्मक माहौल मिलना बेहद आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को आगे आकर शिक्षा से जुड़े ऐसे प्रयासों का समर्थन करना चाहिए। यह पहल न सिर्फ विद्यार्थियों के लिए सहायक है, बल्कि सामाजिक सौहार्द और जिम्मेदारी का भी उत्कृष्ट उदाहरण है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTM7 User: cci Time: 02-10-2026 22:58 Color:

जान जाए, पर ट्रेन न जाए

Priya.Pandey@Timesofindia.com

■ **मुंबई:** लाइफ लाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेनो मे यात्रियो की भीड एक बडी समस्या बन गई है। आजकल इसकी चर्चा देशभर मे हो रही है। तकरीबन हर दिन सोशल मीडिया पर किसी न किसी स्टेशन का भीडभाड वाला विडियो वायरल होता है, जो यात्रियो की मजबूरी और अव्यवस्था दोनो को उजागर करता है। हाल ही मे मध्य रेलवे के दिवा रेलवे स्टेशन का एक विडियो सामने आया था, जिसमे यात्री ट्रेन मे घुसने के लिए बेहद खतरनाक तरीके आजमाते नजर आए। इसमे देखा गया कि लोग प्लेटफॉर्म के सख-सथ पटरियो के बीच लगी रेलिंग पर खडे होकर ट्रेन पकडने की कोशिश कर रहे है। यह दृश्य न केवल चौकाने वाला है, बल्कि यात्रियो की सुरक्षा पर भी गभीर सवाल खडे करता है।

NBT स्पेशल स्टोरी

वसई रोड पर यात्रियों की जल्दबाज़ी

इसी तरह की स्थिति पश्चिम रेलवे के वसई रोड स्टेशन पर भी देखने को मिल रही है। यहा वसई-दिवा या पनवेल जाने वाली मेमू ट्रेनो को पकडने के लिए यात्री प्लेटफार्म के अलावा ट्रेन की दूसरी ओर पही सीनियो पर खडे होकर हलजाल करते है और ट्रेन आते ही जल्दबाजी मे चढ जाते है। माना जा रहा है कि शहर की बढती आबादी और पीक ऑवर्स मे अत्यधिक दबाव ऐसी खतरनाक स्थितियो को जन्म दे रहे है। हालाकि रेलवे प्रशासन समय-समय पर यात्रियो को जागरूक करने और अतिरिक्त सेवाए बढाने की बात करता है, लेकिन जमीनी स्तर पर अभी भी कई चुनौतिया बनी हुई है।

पश्चिम रेलवे के प्रमुख स्टेशन और डेली फुटफाल

स्टेशन	2023	2024	2025	इजाफा या गिरावट
चर्चगेट	306960179	319668917	314773708	2.55% बढ़ोतरी
दादर	72517451	82178981	89503761	23.43% बढ़ोतरी
बांद्रा	93440837	103351160	104873061	12.24% बढ़ोतरी
अंधेरी	132938245	150722269	154743901	16.40% बढ़ोतरी
बोरीवली	149879841	165932389	166857585	11.32% बढ़ोतरी
वसई	70235057	78502082	79884379	13.74% बढ़ोतरी
नालासोपारा	47105591	55760854	55697192	18.24% बढ़ोतरी
विरार	186355915	213946455	216366826	16.10% बढ़ोतरी
डहाणू	8913972	9913599	10123659	13.57% बढ़ोतरी

मध्य रेलवे के प्रमुख स्टेशन और साल का फुटफॉल

स्टेशन	2022-23	2023-24	2024-25	इजाफा या गिरावट
CSMT	42,39,35,336	43,03,48,989	42,20,53,735	0.44% की गिरावट
दादर	8,93,88,829	10,03,07,430	100649483	12.6% की बढ़ोतरी
कुर्ला	99866300	106060105	108306560	8.45% की बढ़ोतरी
घाटकोपर	120755063	131537254	134558040	11.4% की बढ़ोतरी
ठाणे	172521138	188454067	193969027	12.4% की बढ़ोतरी
दिवा	84220025	85738029	86236699	2.4% की बढ़ोतरी
मुंब्रा	33897766	35289731	34439312	1.6% की बढ़ोतरी हुई
डोंबिवली	102593779	108304657	109433987	6.7% की बढ़ोतरी
कल्याण	136782399	144738245	147363700	7.7% की बढ़ोतरी

क्या है उपाय

- ज्यादा लोकल ट्रेन चलाना
- लोकल की संख्या बढ़ाने के लिए अधिक रेलवे ट्रैक का निर्माण
- वर्तमान में कई प्रोजेक्ट पर काम हो रहे हैं, ताकि समस्या कम हो सके

2 ट्रेनो के बीच रेलिंग पर खड़े होकर लोग पकड़ रहे ट्रेन

वसई और दिवा मे हालात बेहद खराब

दिवा रेलवे स्टेशन का वायरल हुआ था विडियो

लिफ्ट-एस्केलेटर जैसी सुविधाएं प्रदान की गई है, लेकिन फिर भी लोग ऐसा करते है, तो उनपर कड़ी कार्रवाई की जाती है। ऐसी घटनाएं रोकने के लिए रेलिंग पर ग्रील लगाने का भी काम शुरू किया गया है।

- विनीत अभिषेक, सीपीआरओ, पश्चिम रेलवे

मध्य रेलवे ने अक्सर यात्रियों से अपील की है कि वे ट्रेन की घिपरीत दिशा से चढ़ने से परहेज करें, क्योंकि यह बेहद खतरनाक हो सकता है। इससे गंभीर चोटें आ सकती है या जान भी जा सकती है।

- डॉ. स्वप्निल नीला, CPRO, मध्य रेलवे

प्लैटफॉर्म बदलने पर करते हैं पटरी क्रॉस

अक्सर ऐसा देखा गया है कि यदि लोग किसी प्लैटफार्म पर लोकल पकड़ने के लिए खड़े हैं और अनाउंसमेंट की जाती है कि निर्धारित लोकल दूसरे प्लैटफार्म पर आएगी, तो लोग, लिफ्ट, एक्सक्लेटर या सीढ़ी के बजाय एक प्लैटफार्म से दूसरे प्लैटफार्म पर पटरी और रेलिंग को पार करके जाते हैं। इस दौरान एक्सीडेंट होने की आशंका ज्यादा होती है।

प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर बढ़ा फुटफॉल

ऐसा माना जा रहा था कि मेट्रो के आने से लोकल का दबाव कम होगा, लेकिन हकीकत मे ऐसा कुछ हुआ ही नही। बीते 3 साल के आकड़े देखे, तो सीएसएमटी स्टेशन को छोड़कर सभी प्रमुख स्टेशनों पर फुटफॉल बढ़ा है। फुटफॉल बढ़ने का सबसे बड़ा कारण वहा का रियल एस्टेट होता है, जहा घर सस्ते होते हैं, वहा लोग जाकर बस जाते हैं, नतीजतन भीड़ भी बढ़ती है।

SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

सार्वजनिक सूचना - शाखा का स्थानांतरण

उरण शाखा (0538), इनामदार वाडा, गणपति चौक, उरण, तह-उरण, जिला-रायगढ़ 400702

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उरण शाखा (0538) सोमवार, 02-03-2026 से नए परिसर में स्थानांतरित हो रही है।

उरण शाखा का नया पता

उरण नगर परिषद, नागांव रोड़, उरण 400702, ताल-उरण, जिला रायगढ़

दिनांक : 07-02-2026 शाखा प्रबंधक

स्थान : उरण उरण शाखा

हनीट्रैप के जाल में फंसाकर शख्स से लूट और मारपीट

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

■ **मुंबई :** मानखुर्द निवासी एक 41 वर्षीय व्यक्ति ने गोवंडी इलाके में हनीट्रैप के जरिए मारपीट और लूट की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि एक महिला ने पहले सोशल मीडिया और वॉट्सएप के जरिए उससे संपर्क साधा और फिर अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट कर 10 हजार रुपये लूट लिए।

पीड़ित मनीष रामगोपाल जायसवाल (41) मानखुर्द स्थित पीएमजीवी कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहते हैं और राशन की दुकान पर मजदूरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया, 28 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से मिस्ड कॉल आया। वापस कॉल करने पर सामने से एक महिला ने बात की और कॉल को गलती से आया हुआ बताया। इसके बाद महिला ने फेसबुक पर उनकी तस्वीर देखने और तारीफ करने की बात कही। महिला ने अपना नाम श्रद्धा बताया और दोनों के बीच वॉट्सएप पर बातचीत शुरू हुई। दोनों कभी आमने-सामने नहीं मिले थे। 7 फरवरी को श्रद्धा ने मिलने की जिद की और कथित तौर पर आपत्तिजनक तस्वीरें भेजकर गोवंडी के शिवाजीनगर सिग्नल स्थित जयका होटल के सामने बुलाया। रात करीब 9:30 बजे श्रद्धा मौके पर पहुंची। कुछ देर बातचीत के बाद घटनाक्रम ने अचानक मोड़ ले लिया। श्रद्धा ने वहां पहले से मौजूद एक महिला को इशारा किया, जिसने आते ही पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते

AI Image

गोवंडी पुलिस कर रही है मामले की छानबीन

पीड़ित ने घर पहुचकर पहले अपने दौरा को पूरी घटना बताई। इसके बाद वह पुलिस स्टेशन पहुचा और श्रद्धा, अनीता तथा उनके साथियो के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और वॉट्सएप चैट, कॉल डिटेल्स तथा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जाच शुरू कर दी है।

हुए मारपीट शुरू कर दी और उस पर लड़की से छेड़छाड़ का झूठा आरोप लगाया। इसके बाद उस अनीता नामक महिला ने अपने साथियों अनय और शिवम को बुलाया। अनीता के कहने पर अनय और शिवम ने पीड़ित की जेब से 10 हजार रुपये निकाल लिए। चारों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और धमकाते हुए वहां से फरार हो गए।

बाबा सिद्दीकी मर्डर केस: 27 आरोपियों पर आरोप तय

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** विशेष अदालत ने पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी मर्डर केस को लेकर मंगलवार को 27 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए है। इन आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (MCOC), आर्म्स ऐक्ट और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। इससे पहले सभी आरोपियों ने विशेष जज सत्यनारायण नवंदर के सामने खुद को निर्दोष बताया।

बता दें कि किसी भी आपराधिक मुकदमे में आरोप तय करना पहला चरण होता है, जहां अदालत सबूतों के आधार पर आरोपों को औपचारिक रूप देती है। अब सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमे की शुरुआत होगी। 66 वर्षीय सिद्दीकी की 12 अक्टूबर, 2024 को बांद्रा इलाके में उनके बेटे के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने केस के सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर दिया है। जेल में कैद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को पुलिस ने चार्जशीट में फरार बताया है। आरोपपत्र के मुताबिक, बिश्नोई ने आतंक और अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए सिद्दीकी के मर्डर की साजिश रची थी।

नेशनल हाईवेज़ एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड
(भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली कंपनी)
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

भर्ती सूचना

विज्ञापन संख्या: 28022026

नेशनल हाईवेज़ लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) का विकास, पोर्ट कनेक्टिविटी सड़कों की सुविधा, इंटर मॉडल स्टेशन का निर्माण, रोपवे का निर्माण, 8-लाइन सुविधाओं की स्थापना, ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने और अन्य जुड़ी परियोजनाओं को लागू करने के लिए पात्रता है। NHLML की विभिन्न SPVs हेतु उप-प्रबंधक तकनीकी – पोर्ट रोड कनेक्टिविटी के पद के लिए निम्नलिखित विवरणानुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

एसपीवी का नाम	पद की संख्या	तैनाती का स्थान
विशाखापत्तनम पोर्ट रोड कंपनी लिमिटेड	01	विशाखापत्तनम
पारादीप पोर्ट रोड कंपनी लिमिटेड	01	पारादीप
तूतीकोरिन पोर्ट रोड कंपनी लिमिटेड	01	तूतीकोरिन
कलकत्ता-हल्दिया पोर्ट रोड कंपनी लिमिटेड	01	हल्दिया

विवरणों एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु, कृपया NHLML की आधिकारिक वेबसाइट (https://nhlml.org/current-openings) पर करियर सेक्शन पर जाएं।
आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 28 फरवरी 2026 है।

रसद के माध्यम से व्यापार को सुगम बनाते हुए

IIITD INDRAPRASTHA INSTITUTE of INFORMATION TECHNOLOGY DELHI
(A State University established by Govt. of NCT Delhi)

ADVERTISEMENT FOR THE POST OF DIRECTOR, IIIT-DELHI

The Indraprastha Institute of Information Technology, Delhi, a State University established by an Act of the Government of NCT of Delhi, invites applications/ nominations for the post of Director of the Institute. Further details are mentioned on the Institute website.

The last date of receipt of applications/nominations is 30 days from the date of publication of the advertisement on the website.

Sd/-
Registrar

Stay-On
पुरुषों के लिए वीर्यवर्धक एवं सप्तधातुवर्धक
16 आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से निर्मित
राजशाही फार्मूला
स्टे-ऑन
पॉवर कैप्सूल
लंबे आनंद के लिये

स्टे-ऑन कैप्सूल/ ऑइल / ओरल लिक्विड
प्रमुख मेडिकल और आयुर्वेदिक स्टोर्स में उपलब्ध
अधिक जानकारी के लिए: 9702106165

जुहू बीच पर कटी लाश की गुत्थी सुलझी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** जुहू चौपाटी के पास समुद्र तट पर मिली टेनों पैर कटी अज्ञात व्यक्ति की लाश मामले की गुत्थी सांताक्रूज पुलिस ने महज 12 घंटे में सुलझा ली है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 9 फरवरी को गश्त के दौरान जूहू चौपाटी स्थित लैंडिंग पॉइंट के पास प्लास्टिक की बोरी में सिर से कमर तक का सड़ा हुआ शव मिला था। प्रथम दृष्टया हत्या कर शव समुद्र में फेंके जाने की आशंका जताई गई थी। पुलिस बीएनएस की धारा 103(1) और 238 के तहत केस दर्ज कर जांच कर रही थी। मृतक की पहचान अशोक हरिलाल गौड़ (40) के रूप में हुई। तकनीकी जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने पाटकोपर निवासी जाहिद अली शेख उर्फ मिट्ठू (30) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या कर शव को बोरी में भरकर नाले में फेंकने की बात कबूल की है। प्रेम प्रसंग के कारण वारदात को अंजाम देने की आशंका जताई गई है। मामले की आगे की जांच जारी है।

12 घंटे में आरोपी गिरफ्तार, प्रेम प्रसंग का शक

पश्चिम रेलवे

एलएचबी/आईसीएफ कोचों के लिए डी-स्टिफिंग और एयर सिंग फिटमेंट

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, वैगन मरम्मत कार्यशाला, पश्चिम रेलवे, एन. एच. कोली नगर, लोअर परेल, मुंबई - 13 निविदा संख्या: WR-PL-MC-EST-791211 दिनांक 06.02.2026 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम: एलएचबी और आईसीएफ कोचों के उपकरण के लिए घटकों की डी-स्टिफिंग और एलआईसी कोचियों में एयर सिंग फिटमेंट। अनुमानित लागत: ₹37,77,180/- ईएमडी: ₹75,600/- जमा करने की तिथि और समय: 27.02.2026, 12.00 बजे तक। खोलने की तिथि और समय: 27.02.2026 को 12.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1098

हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

कोचों (COACHES) के लिए जल स्तर संकेतक का प्रावधान

एएचएल/डीडीओ-एमएमएसटी निविदा सूचना संख्या: बीसीटी-डिस-इकाइएलआई-2026 दिनांक 06.02.2026 आमंत्रित करता है। कार्य का स्थान: मुंबई सेंट्रल डिवीजन के अंडरलांग टैंक वाले कोचों के लिए जल स्तर संकेतक का प्रावधान। कार्य की अनुमानित लागत: ₹3,06,51,240.20 ईएमडी: ₹3,03,300/- जमा करने की तिथि और समय: 06.03.2026 तक, 15.00 बजे। खोलने की तिथि और समय: 06.03.2026 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1102

हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

motherson

SAMVARDHANA MOTHERSON INTERNATIONAL LIMITED

CIN - L35106MH1986PLC284510
Regd. Office: Unit No. 705, C-Wing, ONE BKC, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai, Maharashtra-400051, India
Tel No. 022-61354800, Fax: 022-61354801, Email: investorrelations@motherson.com, Website: www.motherson.com

FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025

INR in Crores

Consolidated							Particulars	Standalone					
Three months ended			Nine months ended		Year ended			Three months ended			Nine months ended		Year ended
31.12.2025 (Unaudited)	31.12.2024 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.12.2025 (Unaudited)	31.12.2024 (Unaudited)	31.03.2025 (Audited)			31.12.2025 (Unaudited)	31.12.2024 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.12.2025 (Unaudited)	31.12.2024 (Unaudited)	31.03.2025 (Audited)
31,409.39	27,665.92	30,172.97	91,794.36	84,345.74	113,662.57	1	Total revenue from operations	3,134.48	2,408.66	2,954.08	8,830.89	7,465.37	10,186.81
1,573.08	1,321.67	1,273.17	3,854.58	4,009.28	5,261.29	2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax and exceptional items)	299.44	178.67	759.07	1,463.57	1,066.93	1,777.31
1,526.60	1,321.67	1,237.01	3,635.45	4,009.28	5,261.29	3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional items)	295.18	178.67	759.07	1,459.31	1,066.93	1,777.31
1,072.27	984.35	845.63	2,523.99	3,030.34	4,145.70	4	Net Profit / (loss) for the period after tax (after exceptional items)	226.62	121.58	731.80	1,313.66	931.54	1,576.96
1,023.70	878.63	827.00	2,362.54	2,752.54	3,803.02	5	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional items)	226.62	121.58	731.80	1,313.66	931.54	1,576.96
48.57	105.72	18.63	161.45	277.80	342.68		– Owners	-	-	-	-	-	-
							– Non-controlling interests						
1,526.14	100.36	1,529.71	4,077.20	2,376.52	3,562.80	6	Total comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax))	245.07	96.52	692.74	1,246.15	878.44	1,560.95
91.60	169.19	79.12	338.49	326.64	393.21		– Owners	-	-	-	-	-	-
							– Non-controlling interests						
1,055.44	703.63	1,055.44	1,055.44	703.63	703.63	7	Paid up Equity Share Capital (of INR 1/- each)	1,055.44	703.63	1,055.44	1,055.44	703.63	703.63
37,457.76	32,338.40	36,077.06	37,457.76	32,338.40	34,176.70	8	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	37,253.03	36,454.33	37,187.96	37,253.03	36,454.33	36,784.97
30,957.02	31,318.23	30,966.98	30,957.02	31,318.23	31,318.23	9	Securities Premium Account	30,958.40	31,310.21	30,958.40	30,958.40	31,310.21	31,310.21
33,409.63	30,602.48	32,669.65	33,409.63	30,602.48	31,630.84	10	Net worth	37,798.68	36,623.18	37,749.83	37,798.68	36,623.18	36,915.28
17,667.60	16,354.32	16,829.71	17,667.60	16,354.32	14,643.65	11	Paid up Debt Capital/ Outstanding Debt	6,942.74	4,701.33	6,633.35	6,942.74	4,701.33	4,774.34
0.46	0.49	0.45	0.46	0.49	0.42	12	Debt Equity Ratio	0.18	0.13	0.17	0.18	0.13	0.13
0.97	0.83	0.78	2.24	2.67	3.67	13	Earnings Per Share (of INR 1/- each) - Basic and Diluted	0.21	0.12	0.69	1.24	0.90	1.52
-	-	-	-	-	-	14	Capital Redemption Reserve	-	-	-	-	-	-
Not Applicable being a Listed entity						15	Debenture redemption reserve	Not Applicable being a Listed entity					
2.07	2.61	3.00	1.83	2.52	2.15	16	Debt Service Coverage Ratio	0.43	0.84	1.43	0.48	1.16	0.74
8.57	5.64	6.67	6.84	5.30	5.57	17	Interest Service Coverage Ratio	6.76	2.32	3.27	5.57	3.47	3.35

Note

1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and 52 of the SEBI (Listing obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of Stock Exchanges (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and the Company (www.motherson.com).

Place : Dubai, United Arab Emirates
Dated : 10 February, 2026

By Order of the Board of Directors
For Samvardhana Motherson International Limited

-sd-
V C SEHGAL
Chairman

Proud to be part of samvardhana motherson

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMTEN User: cci Time: 02-10-2026 22:44 Color:

हमे भाइयों की तरह साथ रहना सीखना होगा, नही तो मूर्खों की तरह साथ ही नष्ट हो जाएंगे।

– मार्टिन लूथर किंग जूनियर

ग़लत है बांटना

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मामला राज्य BJP की ओर से 7 फरवरी को सोशल मीडिया पर डाले गए एक विडियो से जुड़ा है, जिसे विवाद बढ़ने पर एक दिन बाद हटा लिया गया। इसमें AI से बनाई गई अल्पसंख्यक समुदाय के दो लोगों की तस्वीरों पर हिमंत को राइफल से निशाना लगाते दिखाया गया था। ओवैसी का यह आरोप कि विडियो दो धार्मिक समुदायों के बीच नफरत को बढ़ावा देता है, बिल्कुल सही है।

असम विडियो प्रकरण

हेट स्पीच पर SC । वैसे, हिमंत का कहना है कि उन्हें ऐसे किसी विडियो की जानकारी नहीं है और वह बांग्लादेशी से घुसपैठ करने वालों के विरोधी रहे हैं और आगे भी उनका विरोध करते रहेंगे। असम में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला बेहद संवेदनशील है और खुद सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे माना है। लेकिन शीर्ष अदालत ने हेट स्पीच को भी बर्दाश्त नहीं करने की बात कही है। अक्टूबर 2022 में उसने आदेश दिया था कि हेट स्पीच के मामलों में पुलिस प्रशासन पहल करके केस दर्ज करे। कंप्लेन की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए।

राजनीति का पेच । इसके बावजूद ऐसे मामलों में राजनीतिक बरदहस्त हासिल होने की वजह से पुलिस शिकायत दर्ज नहीं करती। असम में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। हिमंत इससे पहले कई ऐसे बयान दे चुके हैं, जिन्हें देखकर लगता है कि वह चुनाव सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की पिच पर लड़ना चाहते हैं। हाल ही में उन्होंने SIR के संदर्भ में राज्य के लोगों और चुनाव आयोग से 'मियां' को टारगेट करने को कहा था। राज्य में बंगाली भाषी मुसलमानों को मियां कहकर संबोधित किया जाता है।

ध्रुवीकरण की कोशिश । असल में, ऐसे विडियो और सांप्रदाय विशेष के खिलाफ बयान समुदायों के बीच विद्वेष बढ़ाते हैं और इसका नतीजा सांप्रदायिक तनाव और टकराव के रूप में सामने आता है। यह संविधानसम्मत भी नहीं है, जिसमें देश के नागरिकों से धर्म के आधार पर भेदभाव को वर्जित बताया गया है। इसके बावजूद यह सिलसिला रुका नहीं है। चुनाव से पहले सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की खातिर ऐसी कोशिशों में और तेजी आती है।

शांति से समृद्धि । हालांकि, यह याद रखना चाहिए कि 2047 तक हमने जिस विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है, उस पर इस तरह के प्रकरण धब्बा लगाते हैं। इतिहास भी सिखाता है कि शांति के साथ ही समृद्धि आती है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के नारे में यही भाव निहित है।

नाभि में तीर

फर फर फरवरी

जनवरी में सूट सिलवा लिया था कि फरवरी में जो शादी होने जा रही है रिश्तेदारी में, उसमें ताउ से पहनेंगे। टाई भी नई खरीद ली थी। नए मोजे-नए जूते खरीदना तो बनता ही था।

हरि मृदुल

एकदम साहब बन कर बारात में चलेंगे। कोई इसरार करेगा, तो थोड़ा-बहुत डांस भी कर लेंगे। सूट पहना हुआ आदमी कुछ भी करे, अच्छा ही लगता है। कोई समझे या न समझे, वह खुद को किसी दूसरे लोक से आया हुआ समझने लगता है। उसकी भंगिमा बदल जाती है। बोलने का अंदाज बदल जाता है। हालांकि पहली बार सूट पहनने वाला न चाहते हुए भी एकदम नमूना लगने लगता है। मेरी भंगिमा न बदले, नमूना न लगूं, इसलिए मैं हमेशा ही सूट पहनने से बचता रहा हूं। लेकिन जब आप मौसा, ताऊ या फूफा बन चुके होते हैं, तो फिर बचने की कोई जुगत काम नहीं आती। तो सब मुझे भी एक सूट सिलवाना पड़ा। सिले-सिलाए सूट खरीदकर पहनने में वह बात नहीं आ पाती, जो बाकायदा नाप देकर टेलर से सिलवाने में आती है। आज के लौंडे-लपाड़े फिटिंग का मतलब क्या समझें। खुद की शादी का सूट तक किराए पर लाने की बात करते हैं। बताइए, जिस सूट को दस्सियों दूल्हे पहन चुके हों, उसी को तुम पहनोगे। उसी में मार-तमाम फोटो सेशन होगा। जैसे किसी फिल्म की शूटिंग होती है, वैसी विडियो शूट होगी। लेकिन सूट किराए का ही लाना है। यार, यह तो हद ही हो गई।

अब सूट तो सिल गया, लेकिन फरवरी में ही पारा 35 डिग्री पार चला गया है। जी हां, मुंबई में मौसम ने फरवरी में ऐसी 'फर-फर' करवट बदली है कि एकबारगी नानी याद आ जाए! दिन में जरा देर को घर से निकले नहीं कि हो गए पसीना-पसीना। लगता ही नहीं कि आप फरवरी में हैं। महसूस तो यह हो रहा है कि जनवरी के बाद सीधे मई का ही महीना आ गया है। जिसने जिंदगी में कभी सूट न पहना हो। जो चप्पलें चटकाने में यकीन रखता रहा हो। जिसे टाई किसी फंदे जैसी लगती हो, उसे पैनीस डिग्री सेल्सियस में सूट-बूट पहन नागिन डांस करने के लिए आमंत्रित किया जाए, तो सोचिए कैसा लगेगा!!

एकदा

संकलन : दीनदयाल मुरारका

पुस्तक से मिली दिशा

11 फरवरी 1847 को जन्मे थॉमस अल्वा एडिसन अपने समय के आदर्श अमेरिकी आविष्कारक थे। उन्होंने 1863 में टेलीग्राफ उद्योग से अपने करियर की शुरुआत की। वह घंटों प्रयोगशाला में नई-नई संभावनाएं आजमाते रहते। जब उन्होंने बिजली के बल्ब पर काम शुरू किया, तो हजारों प्रयोग विफल हुए। लोग उपहास करते रहे, लेकिन एडिसन अडिग रहे। उनका कहना था- 'मैं असफल नहीं हुआ हूं, मैंने बस ऐसे हजार तरीके खोज लिए हैं जो काम नहीं करते।' मां के निधन के बाद वह पूरी तरह काम में डूब गए। उसी वक्त पहली पत्नी मैरी के निधन ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया और वह मानो एक मशीन बनकर रह गए। जीवन ने उन्हें संतुलन का पाठ तब सिखाया, जब ओहायो में उनकी मुलाकात उस दौर की समाजसुधारक मीना मिलर से हुई। मीना ने उन्हें बताया कि महान विचारों के लिए विश्राम भी उतना ही आवश्यक है जितना परिश्रम। एक बार मीना के कहने पर रोमांचकारी उपन्यास The Count of Monte Cristo पढ़ने के बाद अगली सुबह एडिसन ने एक जटिल समस्या हल कर ली। तब उन्होंने जाना कि जीवन की सबसे बड़ी खोज संतुलन और प्रेम है।

Subrata Dhar

लोकसभा स्पीकर के मुताबिक, सदन में पीएम के आसन को घेरने की थी योजना

राहुल यूं ही करते रहेंगे विरोध

देश में शीर्ष स्तर की राजनीति में जिस तरह का टकराव अभी दिख रहा है, वह चिंताजनक है। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न बोल पाएं, यह सामान्य स्थिति नहीं।

अवधेश कुमार

सत्ता पक्ष का आरोप । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सदन में नहीं आने का अनुरोध किया। बिरला ने कहा कि सदन में कुछ अप्रकाशित होने की आशंका थी। हालांकि, विपक्ष ने इसे गलत बताया है। सत्ता पक्ष के मुताबिक, कांग्रेस के 7-8 महिला सांसदों का प्रधानमंत्री की सीट तक पहुंच कर घेरा बनाने की योजना थी। कांग्रेस ने कहा भी था कि अगर विपक्ष के नेता राहुल गांधी नहीं बोल पाए हैं तो प्रधानमंत्री को भी नहीं बोलने देंगे। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में अवश्य भाषण दिया, लेकिन लोकसभा में कांग्रेस अपने रवैये पर कायम है।

गरिमा बनी रही । विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री के भाषण में बाधा डालना, वॉकआउट करना, खेल में आकर हंगामा करना, संसद की कार्यवाही बाधित करना, ऐसे दृश्य देश ने देखे हैं। लेकिन पहले विरोध में संसदीय मर्यादा समझी जाती थी। कोपेनहेगन घटनाक्रम के आगोप में 24 जून, 1989 को लोकसभा में विपक्ष के 110 में से 106 सांसदों ने त्यागपत्र दे दिया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के इस्तीफे की मांग को लेकर देश भर में अभियान चल रहे थे, लेकिन सदन की सीमाओं का उल्लंघन नहीं किया गया।

पहले भी हुए है हंगामे । UPA सरकार के कार्यकाल में कॉमनवेल्थ, 2G मामलों पर हंगामा हुआ, कार्यवाही बाधित हुई। 2014 में दोनों सदनों में आंध्र प्रदेश के विभाजन का विधेयक पारित करना था तो भी समस्या आई थी। 14 फरवरी 2014 को लोकसभा में विधेयक पारित होने के दिन गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे के बोलते समय ऐसी स्थिति बनी कि लोकसभा टीवी का प्रसारण रोकना पड़ा। 20 फरवरी 2014 को राज्यसभा में विधेयक पारित करने के लिए वोट दरवाजे बंद कर मार्शल बुलाने पड़े थे। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बोलते समय विधेयक छीनो विधेयक फाड़ो का शोर मचा था और तृणमूल सांसद सुखेंदु राय ने प्रधानमंत्री के बोलते समय कागजात फाड़ दिए।

संसद की मर्यादा टूटी

- सत्ता पक्ष और विपक्ष के रिश्ते बेहद खराब
- प्रधानमंत्री का आसन घेरने की थी योजना?
- राहुल गांधी अपना अजेंडा चलाना चाहते है

उस समय भी स्थिति अभी जैसी नहीं थी।

राहुल का अपना अजेंडा । मोदी सरकार के सत्ता में आने के कुछ साल बाद, 2016-17 से हालात ज्यादा बिगड़े हैं। लोकसभा और राज्यसभा में अध्यक्ष और सभापति के आसन की ओर कागज फेंकना, आगे टेबल पर खड़े होकर मिमिक्री करना आदि संसदीय परंपरा के विपरीत व्यवहार दिखे हैं। वर्तमान लोकसभा में पहले दिन से विपक्ष के नेता राहुल गांधी का तय रहता है कि उन्हें क्या बोलना है, सदन में क्या विषय है, इससे उन्हें मतलब नहीं रहता।

सेना के हाथ नहीं बांधे । राष्ट्रपति अभिभाषण को लेकर कई मुद्दों पर सरकार की आलोचना हो सकती है। लेकिन राहुल का विषय पूर्व थल सेना अध्यक्ष मनोज नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक थी, जिस पर अध्यक्ष ने निलंबन दिया। इस बार एक पत्रिका में प्रकाशित आलेख को राहुल गांधी ने आधार बनाया है। हालांकि उसमें ऐसा कुछ नहीं है, जिससे लगे कि सरकार ने 2020 में गलवान घटना के बाद चीन के विरुद्ध कार्रवाई में सेना के हाथ बांधे। इसका भी ध्यान रखना चाहिए कि चीन के साथ 1962 के बाद केवल 1967 में सीमा पर गोली चली, उसके बाद कभी नहीं। गलवान संघर्ष में भी गोली नहीं चली।

संविधान का मुद्दा । राहुल गांधी के पास लोकसभा में BJP के बाद सबसे ज्यादा सांसद हैं। इसलिए उनसे ऐसा व्यवहार अपेक्षित नहीं है। पिछले लोकसभा चुनाव में संविधान-आरक्षण खत्म करने का विपक्ष ने झूठा डर दिखाया, जिसका कुछ हद तक उसे फायदा भी हुआ। क्या दूसरे मुद्दों के साथ कांग्रेस आगे भी इसी रणनीति पर चलना चाहती है? राहुल गांधी देश के संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए Zen G से अपील कर चुके हैं। संसद के दोनों सदनों के आसनों को भी उन्होंने पक्षपाती करार दिया है।

अच्छी नहीं है स्थिति । चुनाव आयोग को BJP का एजेंट बताया जा रहा है। मोदी सरकार की USP रक्षा और सुरक्षा है। तो क्या विपक्ष की इसी मुद्दे पर उसे कमजोर और झूठा साबित करने की रणनीति है? सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह का संवाद इधर दिखा है, उसमें बदलाव की तत्काल संभावना नहीं है। यह स्थिति ठीक नहीं है। राजनीति इस अवस्था में नहीं जानी चाहिए, जहां से वापस लौटा न जा सके।

(लेखक विचारक और वरिष्ठ पत्रकार हैं)

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें

www.speakingtree.nbt.in

एक दिन कप को टूटना ही है, फिर दुख किस बात का

ग्याल्टेन समतेन

हम जवाब पाने के लिए जीवन भर दुनिया की ओर देखते रहते हैं। हमें लगता है कि हमारी खुशी, सफलता और शांति का स्रोत कहीं बाहर है। जीवन की परिकल्पना हम अपने मन के माध्यम से करते हैं। फिर भी, हम मन की वास्तविक प्रकृति को समझने के लिए शायद ही रुक कर सोचते हैं।

हमारी आंखों इंद्रियां हर क्षण अपना काम कर रही हैं- आंखें देख रही हैं, कान सुन रहे हैं, नासिका गंध पहचान रही है। लेकिन, कभी अपने आप से पूछते हों नहीं कि जिस अनुभव में हम उलझे हैं, वह हमें स्थायी सुख दे रहा है या केवल क्षणिक आनंद? यहां तक कि हम जीवन के प्रति सचेत रहना ही भूल जाते हैं।

हमारी सबसे बड़ी भ्रांतियों में से एक है- अनित्यता (Impermanence) यानी परिवर्तन के प्रति हमारा दृष्टिकोण। यह शब्द सुनते ही हम उसे हानि, विछोह, बुढ़ापा और अंत से जोड़ लेते हैं। जबकि अनित्यता का अर्थ केवल नाश नहीं, बल्कि परिवर्तन है, गतिशीलता है। बुद्ध ने यह नहीं कहा कि सब कुछ नष्ट हो जाएगा, उन्होंने कहा कि सब कुछ बदलता रहेगा। हर श्वास के साथ हमारा शरीर और मन बदल रहा है। पीड़ा इसलिए नहीं होती कि चीजें बदलती हैं, पीड़ा इसलिए होती है क्योंकि हम अस्थायी वस्तुओं में स्थायित्व खोजते हैं।



AI Image

इसे एक उदाहरण से समझते हैं। हमारी दादी ने उपहार में एक प्याला-सा कप दिया। उससे हमारा इतना लगाव हो जाता है कि यदि वह टूट जाए, तो दुख होगा। जबकि हमें पता है कि वह टूट सकता है। फिर भी मन में बसी कहानी के टूटने से पीड़ा होती है। यही आसक्ति हम अपनी पहचान से भी जोड़ लेते हैं- नाम, उपनाम, पेशा। 'मैं डॉक्टर हूं', 'मैं इंजीनियर हूं', लेकिन इस पद से पहले हम कौन थे? और इसके बाद कौन होंगे? जब ये लेबल बदलते हैं, तो हमें लगता है कि हम स्वयं को खो रहे हैं।

इसलिए सबसे पहले मन को समझने की जरूरत है। समय के साथ जो अपने आपको बदलता है वह अपने जीवन को वर्तमान में लाता है। जब हम समझ लेते हैं कि सब कुछ प्रवाह में है, तब हम जकड़न छोड़ पाते हैं और जीवन के इसी प्रवाह में शांति को अनुभव करते हैं।

दा विंची का DNA प्रोफाइल क्यों बनाया जा रहा

ज्ञान-विज्ञान

दुनिया के कुछ वैज्ञानिक इटली के 15वीं सदी के महान चित्रकार, शिल्पकार और वैज्ञानिक लियोनार्डो दा विंची का DNA खोजना चाहते हैं। इसके लिए पिछले 10 साल से 'लियोनार्डो दा विंची DNA प्रोजेक्ट' चल रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत उनके वंशजों, पेंटिंग और कब्रों का उपयोग करके उनके DNA प्रोफाइल को फिर से बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वैज्ञानिक कहते हैं कि दा विंची की आनुवंशिक संरचना के माध्यम से उनकी असाधारण दृष्टि क्षमता, रचनात्मकता और स्वास्थ्य के पहलुओं को समझा जा सकता है। प्रोजेक्ट के लिए वैज्ञानिकों ने ऐसी तकनीक विकसित की है, जिससे पुराने खतों की मुहर, कागज वगैरह पर छूटे DNA को कलेक्ट किया जा सकता है।

मुकुल व्यास

डूडलिंग से नमूना । रिसर्च टीम ने बताया है कि उन्होंने 'होली चाइल्ड' नामक दा विंची की एक चॉक डूडिंग से स्वाब लिया है। इसमें इंसानी DNA भी मिला है, लेकिन यह किसका है - इसकी अभी जानकारी नहीं। यह खुद दा विंची का हो सकता है या फिर उनमें से किसी का, जिन्होंने बाद में डूडिंग को संभाला। इतना पुष्ट जरूर हुआ है कि DNA किसी पुरुष का है। यह व्यक्ति भूमध्यसागरीय क्षेत्र में, खासकर मध्य और दक्षिणी इटली में आम तौर पर पाए जाने वाले एक समूह का हिस्सा लगता है। इसमें टस्कनी भी शामिल है, जहां लियोनार्डो रहते थे। टीम अब तुलना के लिए दा विंची से जुड़ी दूसरी कलाकृतियों और चीजों के सैंपल लेना चाहती है। फिर इन नतीजों को उनके जीवित वंशजों से मिलाना होगा।

वंशावली का पीछा । DNA प्रोजेक्ट का अंतिम लक्ष्य दा विंची की कब्र की पुष्टि करना और उनके सदियों पुराने जीनोम (DNA समूह) को फिर से बनाना है। प्रोजेक्ट के चेयरमैन और रॉकफेलर यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक जेसी ऑसुबेल ने कहा कि भले ही लियोनार्डो के DNA की पुष्टि अभी बाकी है, लेकिन सफलता तय है क्योंकि हमने एक पड़ाव पार कर लिया गया है। रिसर्चर 10 बरसों से दा विंची की वंशावली को पिछली और अगली पीढ़ियों में ट्रेस करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्हें हाल ही में कुछ जीवित वंशज मिले हैं। एक पारिवारिक वंश भी मिला है, जिसका इतिहास 1331 तक जाता है।

मकबरे की खोज । कहा जाता है कि दा विंची के अवशेष फ्रांस की लवा वैली में एक छोटे-से चैपल में दफन हैं, लेकिन सभी इतिहासकार इस बात से सहमत नहीं। रिसर्चर फिलहाल इटली में दा विंची परिवार के मकबरे की खुदाई कर रहे हैं ताकि उनके रिश्तेदारों से आनुवंशिक जानकारी मिल सके। वैज्ञानिकों को भरोसा है कि प्रोजेक्ट द्वारा विकसित ज्ञान और तकनीकों को अन्य प्रमुख ऐतिहासिक हस्तियों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है।

कांटे की बात

सिर कटा लेंगे, पर खेजड़ी नहीं कटने देंगे

लोकतंत्र में सबसे बड़ी जगह संसद है। अगर विपक्ष के नेता को ही वहां बात करने से रोका जाएगा तो फिर बाकी क्या बात की जाए? जनतंत्र और संविधान को सीमित किया जा रहा है। जनतंत्र के मूल को ही चोट पहुंचाई जा रही है।



अरविंद सावंत, सांसद, शिव सेना (UBT)

छोटी बात, बड़ा फर्क

राजस्थान में एक बार फिर खेजड़ी को बचाने के लिए आंदोलन चल रहा है। इसकी प्रेरणा 1730 में पहली बार हुए आंदोलन से ली गई है। पिछली बार राजा के महल के लिए तो इस बार सोलर प्लांट बनाने के लिए बीकानेर, फलौदी, बाड़मेर, जैसलमेर में सैकड़ों साल पुराने लाखों पेड़ काटे जाने के विरोध में।



अमर हो गई अमृता

1730 में जोधपुर के महाराजा अभय सिंह के सैनिक खेजड़ी के पेड़ काटने के लिए पहुंचे। गांव की अमृता देवी बिश्नोई पेड़ से चिपक गईं। मगर, सैनिकों ने उन्हें काट डाला। खबर फैलते ही 84 गांवों से लोग पहुंच गए और पेड़ों से चिपककर विरोध किया। 363 लोगों ने प्राण न्योछावर किए।

नष्ट होगी जैव विविधता

इस बार बिश्नोई समाज के लोग फिर से अमृता बिश्नोई बन गए हैं। वह कह रहे हैं कि हम सिर कटाने के लिए तैयार हैं, लेकिन खेजड़ी नहीं काटने देंगे। उनका मानना है कि पेड़ काटकर सोलर प्लांट लगाने से पर्यावरण संतुलन पर गंभीर असर पड़ेगा। जैव विविधता नष्ट होगी। ***प्रस्तुति: अभिषेक***

जनता जंक्शन इरफान

अग्निपथ स्कीम की इसी साल होगी अग्निपरीक्षा

पूनम पाण्डे

पिछले हफ्ते की शुरुआत से ही लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बोलने या न बोलने के मुद्दे को लेकर गतिरोध बन गया था। जब से राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित किताब में लिखी बातों का जिक्र करते हुए सरकार पर सवाल उठाए, तब से यह गतिरोध बढ़ा। और हालात ऐसे बने कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव बिना चर्चा के ही पारित हो गया। सोमवार से बजट पर चर्चा शुरू होनी थी, लेकिन सदन में गतिरोध बना रहा।

कितनों को मिलेगा रोजगार

जनरल नरवणे की अप्रकाशित किताब से सामने आई बातों में अग्निपथ योजना का जिक्र भी है। इस मसले पर राजनीति भले किसी भी दिशा में जाए, लेकिन असली परीक्षा तो इस साल के अंत में अग्निपथ योजना की भी होनी है, जब पहला बैच सेवा पूरी कर बाहर आएगा। सबसे पहले नेवी के अग्निवीर बाहर आएंगे। इसी साल नवंबर में नेवी के पहले बैच के करीब 2600 अग्निवीरों के चार साल पूरे हो रहे हैं। अगले साल की शुरुआत में फिर आर्मी और एयरफोर्स के अग्निवीरों का पहला बैच बाहर आएगा।

अभी तक लागू स्कीम के मुताबिक, अग्निवीरों में से 25% परमानेंट होंगे और बाकी बाहर हो जाएंगे। यही से अग्निपथ योजना की असली अग्निपरीक्षा शुरू होगी। सबसे बड़ा सवाल है कि बाहर होने वाले 75% युवाओं को आगे कितना और किस तरह का रोजगार मिल पाता है। सरकार का दावा है कि इसके पूरे इंतजाम हैं। CAPF सहित कई राज्य सरकारों ने पुलिस में अग्निवीरों के लिए कुछ कोटा निर्धारित किया है। जब से अग्निपथ स्कीम लागू हुई है, तबसे ये सवाल लगातार उठ रहा है कि सिर्फ 25% अग्निवीरों को ही परमानेंट करना पर्याप्त नहीं है। तीनों सेनाओं की तरफ से भी सिफारिश की गई थी कि कम से कम 40 से लेकर 50 और कुछ मामलों में तो 70% तक अग्निवीरों को परमानेंट किया जाना चाहिए।



सवाल यह है कि क्या सरकार 25% से अधिक अग्निवीरों को स्थायी करने पर विचार कर रही है। पहले बैच के बाहर आने के बाद इस पर चर्चा हो सकती है कि क्या और किस तरह के बदलाव जरूरी हैं। सरकार की ओर से इस तरह के संकेत दिए गए हैं कि अग्निवीरों का चार साल का कार्यकाल बढ़ाने पर विचार नहीं है। लेकिन रिटेंशन रेट, यानी कितने अग्निवीरों को स्थायी करना है, इसमें जरूरी बदलाव का अभी मौका है? स्कीम में इस तरह का बड़ा बदलाव अगर पहले बैच में ही कर दिया जाएगा तो ये सरकार की आगे की सख्ती को ही कम करेगा।

बदलाव का अवसर

अगर पहले बैच से सिर्फ 25% को ही परमानेंट किया जाता है और फिर आगे जाकर इसमें बदलाव होता है और दूसरे या उसके आगे के बैच से ज्यादा अग्निवीरों को परमानेंट किया जाता है तो ये फिर कोर्ट केस की ही बाढ़ लगाएगा। रक्षा मंत्रालय वैसे ही कई केस लड़ रहा है और बार-बार कहा जाता है कि अपने ही लोगों के खिलाफ और उन लोगों के खिलाफ रक्षा मंत्रालय लड़ रहा है जो देश सेवा कर रहे हैं, या कर चुके हैं। अग्निवीर अगर वीरगति को प्राप्त होते हैं या डिसएबल्ड (विकलांग) तो उन्हें और उनके परिवार को 'रेगुलर सैनिकों की तरह ही मदद की भी सेना सिफारिश कर चुकी है। ये मसला भी पेंडिंग है। अग्निपथ योजना पर राजनीतिक बहस अपनी जगह है, लेकिन इसकी असली कसौटी अब ज्यादा दूर नहीं।

विशुद्ध राजनीति

कसौटी

रीडर्स मेल

www.edit.nbt.in

अंडर-19 का जादू

क्रिकेट में हमारे देश के खिलाड़ी हमेशा श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कई रिकॉर्ड बनाते आए हैं। अगर बात अंडर-19 वर्ल्ड कप की करें, तो हमारे युवाओं ने छठी बार इस कप को जीतकर एक रिकॉर्ड कायम किया है। 400 से अधिक का स्कोर बनाकर हमारे बल्लेबाजों ने जीत तो पहले ही पक्की कर ली थी। बाकी का काम गेंदबाजों ने कर दिखाया। टीम ने अपनी मेहनत से इंग्लैंड को हार का रास्ता दिखा दिया। निश्चित ही पूरी टीम बधाई की हकदार है। इनमें से कुछ खिलाड़ी तो मुख्य टीम में खेलते नजर आ सकते हैं। अंडर-19 क्रिकेट युवा प्रतिभाओं की नर्सरी है, जहां भविष्य के अंतरराष्ट्रीय सितारे अनुशासन, कौशल और आत्मविश्वास के साथ उभरते हैं।

-साजिद अली, ईमेल से

readersmail.nbt@gmail.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 11-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMARTH User: cci Time: 02-10-2026 22:46 Color:

मीरा के साथ हर दिन वैलंटाइंस डे मनाता हूं: शाहिद

उपमा सिंह

इश्क विश्क जैसी रोमांटिक फिल्म से अपना ऐक्टिंग करियर शुरू करने वाले ऐक्टर शाहिद कपूर इन दिनों अपनी जुनूनी प्रेम कहानी वाली गैंगस्टर ड्रामा ओ रोमियो को लेकर चर्चा में हैं। शाहिद की यह फिल्म वैलंटाइंस डे पर रिलीज हो रही है, पर शाहिद खुद प्यार के लिए कोई एक दिन तय नहीं मानते। उनका कहना है कि वह अपनी पत्नी मीरा के साथ हर रोज वैलंटाइंस डे मनाते हैं।

रोज याद दिलाता हूं, मीरा कितनी स्पेशल हैं

नवभारत टाइम्स से खास बातचीत के दौरान शाहिद ने शादी को 10 साल बाद वैलंटाइंस डे की अहमियत पर बात करते हुए कहा, 'मैं अपनी बीवी के साथ रह दिन वैलंटाइंस डे मनाता हूं। मेरा मानना है कि वह इतनी स्पेशल हैं कि मुझे हर दिन उन्हें याद दिलाना चाहिए कि वो मेरे लिए कितनी मायने रखती हैं।'

असल जिंदगी में लोग ग्रे ही होते हैं

करियर के शुरुआत में चॉकलेटी बॉय वाली इमेज रखने वाले शाहिद ने कमीने, उड़ता पंजाब, हैदर जैसी फिल्मों में ग्रे किरदारों में मजबूत छाप छोड़ी है। ओ रोमियो में भी वह गैंगस्टर हसीन दलदार की ग्रे भूमिका में हैं। ऐसे रोल पर वह कहते हैं, 'इस तरह की भूमिकाएं हमें बतौर ऐक्टर खुद को खोजने का मौका देती हैं। मुझे लगता है कि जिंदगी में लोग ग्रे ही होते हैं। कई बार लोग अपने बारे में यह बात नहीं मानते, लेकिन उनके दोस्त और रिश्तेदार बताते हैं। कभी उनके बच्चे बड़े होकर बताते हैं कि आपने ऐसा किया था, वैसा किया था। हम सब वैसे होते हैं। हम सभी के अंदर एक ग्रे साइड होता है। जैसे विशाल सर (फिल्ममेकर विशाल भारद्वाज) हमेशा कहते हैं और मुझे भी ऐसे ही लगता है कि फिल्मों में किरदार खुद को एक्सप्लोर करता है। वह आपको अपनी सच्चाई दिखाता है। मैं कितना अच्छा हूं, ये बताने वाला कैरेक्टर करना ऐक्टिंग नहीं होती है। जो कुछ और होता है। ऐक्टिंग वही होती है, जब आप कैरेक्टर के हर पहलू को ऑडियंस को दिखाने से कतराते नहीं हैं। वो अच्छा-बुरा जो है, उसे ईमानदारी से दिखा देते हैं और मुझे लगता है कि आज ऑडियंस इतनी मैच्योर है कि वह इस चीज को सराहती है।'

फिल्में एक्सप्रेस करने का जरिया

कई ऐक्टर्स ये भी कहते हैं कि जो चीजें वे रियल लाइफ में नहीं कर सकते, उसे पर्दे पर दिखाने में एक अलग लुत्फ होता है। शाहिद इस पर कहते हैं, 'मेरी ऐक्टर बनने की वजह यह नहीं थी कि मैं जो चीजें असल जिंदगी में नहीं कर सकता, वह पर्दे पर करना है तो मुझे ऐक्टर बनना है। मुझे फिल्मों और ऐक्टिंग से मोहब्बत थी, अभी भी है। मुझे लगता है कि ऐक्टिंग में आपको एक मौका मिलता है अपने आपको एक्सप्लोर करने का, जिंदगी में जो भी आपने अनुभव किए हैं, उसे एक्सप्रेस करने का। क्रिएटिव लोग जो होते हैं, उन्हें एक जरिया मिल जाता है उसे एक्सप्रेस करने का। हमारे (क्रिएटिव लोगों के) लिए एक्सप्रेस करना जरूरी होता है।'

> मैं अपनी बीवी के साथ रह दिन वैलंटाइंस डे मनाता हूं। मेरा मानना है कि वह इतनी स्पेशल हैं कि मुझे हर दिन उन्हें याद दिलाना चाहिए कि वो मेरे लिए कितनी मायने रखती हैं।

'आमिर, शाहरुख और सलमान के अंदाज जुदा, पर जुनून एक'

सलमान, आमिर और शाहरुख खान के साथ काम करने के अपने अनुभव एक बातचीत में रानी मुखर्जी ने साझा किए हैं। उन्होंने बताया कि तीनों सुपरस्टार्स का काम करने का अंदाज भले अलग है, पर सिनेमा के लिए उनका जुनून एक जैसा है। रानी ने 1998 में आई फिल्म गुलाम में आमिर खान के साथ काम किया था। उन दिनों को याद करते हुए रानी ने कहा कि आमिर हर सीन और हर शॉट को लेकर बहुत सीरियस रहते हैं। बकौल रानी, उन्होंने अपने शुरुआती दिनों में आमिर से प्रेजेंटेशन स्किल्स और परफॉर्मेंस की बारीकियां सीखीं। शाहरुख के लिए उन्होंने कहा, 'वे बेहद संवेदनशील और केयरिंग इंसान हैं। मैं जब बहुत छोटी थी, तब भी शाहरुख ने मुझे हमेशा एक बच्चे की तरह प्रोटेक्ट किया। आज भी शाहरुख मुझे प्यार से बेबी बहकर बुलाते हैं।' वहीं सलमान खान के साथ काम करने को रानी ने बिलकुल अलग अनुभव बताया। उनके मुताबिक, 'सलमान का स्टाइल बिंदास और कैजुअल है। देखने में लगता है कि वह बहुत रिलैक्स हैं, पर असल में वह अपने काम के लिए काफी मेहनत करते हैं। सलमान का स्वैग व हैंडसम पर्सनैलिटी उनकी मेहनत को अक्सर छुपा देती है।'



> भले ही आमिर, शाहरुख और सलमान का काम करने का तरीका अलग-अलग हो, लेकिन तीनों सिनेमा को लेकर बेहद पैशनेट हैं और यही बात उन्हें खास बनाती है। तीनों के साथ काम करके मैंने कुछ न कुछ सीखा है।

राजपाल यादव को काम देंगे सोनू सूद

राजपाल यादव एक पुराने चेक बाउंस मामले में तिहाड़ जेल में हैं। अब सोनू सूद उनकी मदद के लिए आगे आए हैं। सोनू ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'राजपाल एक बेहद टैलंटेड ऐक्टर हैं जिन्होंने इंडस्ट्री को कई यादगार किरदार दिए हैं। कभी-कभी जिंदगी टैलंट की वजह से नहीं, बल्कि हालात के चलते मुश्किल हो जाती है।' सोनू ने यह भी ऐलान किया कि राजपाल उनकी आने वाली फिल्म का हिस्सा होंगे। 'खबरों के मुताबिक, राजपाल ने तिहाड़ जेल में सरेंडर करते हुए कहा था, 'सर, क्या करूं? मेरे पास पैसे नहीं हैं। यहां सब अकेले हैं, कोई दोस्त नहीं होता।' वहीं गुरमीत चौधरी व तेज प्रताप यादव ने ऐक्टर की मदद की पेशकश की है।

जो फिल्में दर्शकों के दिलों को छूती हैं, वे याद रह जाती हैं

देवदास से लेकर लैला मजनू और कबीर सिंह तक, इश्क में खुद को तबाह करने वाली जुनूनी प्रेम कहानियां बॉलीवुड फिल्मों में काफी देखी जाती हैं। क्या असल जिंदगी में प्यार इस कदर जुनूनी होता है या बॉलीवुड इसे रोमांटिसाइज ज्यादा करता है? इस सवाल पर शाहिद का कहना है, 'जो चीजें आक्रामक होती हैं, वो ज्यादा उतकर आती हैं। हर चीज का एक असर होता है। फिल्मों के मामले में भी ऐसा ही है। जो फिल्में ज्यादा गहरी होती हैं, भावनात्मक रूप से मजबूत होती हैं, वे अंदर तक जाकर आपके दिल को चीरकर आपको कुछ फील करा देती हैं। हल्की फुल्की फिल्मों में वह बात महसूस नहीं होगी। हल्की फुल्की फिल्मों दर्शकर कुछ टाइम बाद आप उसे भूल जाते हैं। जबकि, कुछ ऐसी फिल्में होती हैं जो अंदर तक आपको छू जाती हैं, गहराई वाला अनुभव देती हैं। आपके मन में एक छाप छोड़ जाती हैं, इसलिए वे आपको ज्यादा याद रह जाती हैं।'

गुड न्यूज

100% ब्लाइंड होकर भी रचा इतिहास

नज़र नहीं, नज़रिए से पाई कामयाबी... मिलिए देश की पहली ब्लाइंड महिला जज से

Prachi.Yadav@timesofindia.com

धान्या नायन सी.

केरल से 2025 सिविल जज (जूनियर डिविजन) एग्जाम में किया टॉप

■ 24 साल की धान्या नायन सी. की आज हर जगह चर्चा है। वजह है कि 100 पर्सेंट ब्लाइंड होने के बावजूद 2025 सिविल जज (जूनियर डिविजन) एग्जाम में टॉप कर इतिहास रच दिया है। नायन केरल की पहली पूरी तरह से ब्लाइंड जज बनने वाली हैं। वैसे, वह 2019 में राजस्थान के ब्रह्मानंद शर्मा के बाद भारत की दूसरी पूरी तरह से ब्लाइंड जज हैं। धान्या अपनी इस अचीवमेंट का श्रेय खासतौर पर दो चीजों को देती हैं। पहला, लगन और मेहनत को। दूसरा, 2025 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का, जिसमें कहा गया कि अधान उम्मीदवारों को ज्यूडिशल सर्विस के लिए अयोग्य नहीं ठहरा सकता।

नायन कन्नूर यूनिवर्सिटी से 2024 में ब्लाइंड ग्रेजुएट हैं। उन्होंने सिविल जज (जूनियर डिविजन), केरल ज्यूडिशल सर्विस, 2025 में बेंचमार्क डिसेबिलिटी वाले लोगों की मेरिट लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि 2024 में वकील बनने के बाद उन्होंने जज बनने की तैयारी शुरू की। पढ़ाई के साथ अपनी वकालत भी जारी रखी। उनके मुताबिक, दो काम एक साथ करने की वजह से उन्हें कभी कोई दबाव तो महसूस नहीं हुआ। हालांकि, कुछ शंकाएं जरूर घेरे रहीं जैसे, थ्रूकि उन्हें कम दिखाई देता है तो क्या वह एग्जाम दे पाएंगी, उन्हें एग्जाम देने की इजाजत मिलेगी या नहीं।

अपने इस मुश्किल सफर को सरल शब्दों में बयां करते हुए नायन कहती हैं, जब नोटिफिकेशन आया तो मैंने एग्जाम के लिए अप्लाई कर दिया। किस्मत से सुप्रीम कोर्ट ने खुशी-खुशी यह फैसला दिया कि ज्यूडिशल सर्विस एग्जाम में देखने में डिफ्रेंट वाले लोगों के साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। इस फैसले ने साथ में उनके एग्जाम में बैठने का रास्ता खोल दिया। वह मानती हैं कि वकालत ने उन्हें कानून की बारीकियां और व्यावहारिकता को समझने में काफी मदद की। हालांकि, इस वजह से जज बनने से जुड़ी उनकी चुनौतियां कम नहीं हुईं। सबसे बड़ी चुनौती स्टडी मटीरियल को लेकर रही। उनके मुताबिक, देखने में सक्षम स्टूडेंट्स जो चाहें पढ़ सकते हैं। लेकिन उनके जैसे ब्लाइंड स्टूडेंट को यह सब हासिल नहीं। उनके पास इतने ज्यादा स्टडी मटीरियल नहीं हैं। ऐसे खास कैटिगेरी को ऑनलाइन मटीरियल पर निर्भर रहना पड़ता है, जो बहुत कम है। हालांकि, वह इस बात कि शुक्रगुजार भी हैं कि उन्हें क्लासरूम में जगह मिली और खुद को बेहतर बनाने के सभी मौके दिए गए।

धान्या ने ज्यूडिशल रिक्रूटमेंट प्रोसेस से जुड़े अनुभव को बेहतरीन बताया। उनके मुताबिक यह फेयर और परफेक्ट है। दिव्यांग अधिकारों के मामले में अदालतों के रुख के बारे में वह कहती हैं कि हम इन्फ्रास्ट्रक्चर बना सकते हैं, लेकिन जब तक लोग बदा नजरिया नहीं अपनाते, यह काम नहीं करेगा। उन्हें लगता है कि जिंदगी के सभी हिस्सों में, एक्सेसिबिलिटी होनी चाहिए। वह मानती हैं कि दिव्यांग वकीलों को ज्यूडिशरी में आने से डरना नहीं चाहिए।

ऑटिज्म, स्किजोफ्रेनिया, डिमेंशिया जैसी कई बीमारियों की रिसर्च में मिलेगा फायदा

लैब में उगाया दिमाग, जिसमें सोचने, याद रखने की भी है क्षमता!

■ कैरिसा कॉन्ग, एजेंसी

AI Image

खून की नसों वाले ब्रेन मॉडल से खुली नई संभावनाएं

कांग की एक छोटी-सी हिस्र, कुछ स्टेम सेल्स और सम्मदे से भरी लैब। इसी रात महीन में चुपचाप जन्म ले रहा है इसकी दिमाग जैसा एक नन्हा संसार। जहां कभी सिर्फ माइक्रोस्कोप और केमिकल्स नजर आते थे, अब वहां सोचने, समझने और याददास्त से जुड़े दिमागी हिस्से की झलक दिखाई देने लगी है। विज्ञान ने एक बार फिर दिखा दिया है कि कल्पना और हकीकत के बीच की दूरी तेजी से कम हो रही है।

कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने लैब में ऐसा ब्रेन ऑर्गेनॉइड (मिनी ब्रेन) तैयार किया है, जिसमें खून की नसों का पूरा जाल भी विकसित हुआ है। यह मिनी ब्रेन असल में सेरेब्रल कॉर्टेक्स का छोटा मॉडल है, जो सोचने, फैसले लेने, याद रखने और समस्या सुलझाने जैसे अहम काम करता है। खून की नसें जुड़ने से यह ढांचा पहले के मुकाबले ज्यादा असली दिमाग जैसा बन गया है।

ब्रेन ऑर्गेनॉइड स्टेम सेल्स से बनाए जाते हैं। इन्हें खास केमिकल्स संकेत दिए जाते हैं, जिससे ये सेल्स आपस में जुड़कर दिमाग जैसी संरचना बन लेते हैं। साल 2013 में पहली बार ऐसे मिनी ब्रेन तैयार किए गए थे। तब से इनकी मदद से वैज्ञानिकों ने कई दिमागी बीमारियों को बेहतर ढंग से समझना शुरू किया।

यह तकनीक खासतौर पर अल्जाइमर, डिमेंशिया, स्किजोफ्रेनिया, ऑटिज्म, पार्किंसन, मिर्गी, डिप्रेशन और अन्य मानसिक रोगों की रिसर्च में काम आएगी। इन बीमारियों में दिमाग की कोशिकाएं कैसे काम करती हैं, कहां गड़बड़ी होती है और बीमारी कैसे बढ़ती है, यह सब अब सीधे मिनी ब्रेन पर देखा जा सकेगा। इससे नई दवाओं की टेस्टिंग भी असरदार और सुरक्षित होगी।

स्टडी में वैज्ञानिकों ने पाया कि बनी खून की नसों में ल्यूमेन यानी खोखला रास्ता मौजूद है, जैसा असली दिमाग की नसों में होता है। इससे बेहतर ब्लड-ब्रेन बैरियर बना, जो दिमाग को हानिकारक तत्वों से बचाता है और पोषण अंदर पहुंचाता है।

हालांकि चुनौती अभी बाकी है। असली दिमाग में दिल लगातार खून पंप करता है, जबकि लैब में बने मिनी ब्रेन को यह सुविधा नहीं मिलती। वैज्ञानिक मानते हैं कि इस दिशा में अभी और काम करना होगा। फिर भी इतना तय है कि दिमाग की बीमारियों को समझने और उनका इलाज खोजने की राह अब पहले से कहीं ज्यादा साफ हो चुकी है।

विचार

सच्ची मुस्कान वह तोहफा है जो कठोर से कठोर दिल को भी बदल सकती है। वास्तविक सफलता नफरत से नहीं, बल्कि प्रेम, क्षमा और मानवता के मार्ग पर चलकर ही हासिल होती है।

– नेल्सन मंडेला (Nelson Mandela)

ज़रा हंस लें

पति: मेरे सीने में बहुत दर्द हो रहा है जल्दी से एंबुलेंस के लिए फोन लगाओ।
पत्नी: हां लगाती हूं जल्दी.... अपने मोबाईल का पासवर्ड बताओ।
पति: रहने दो अब थोड़ा, ठीक लग रहा है।

QR CODE
स्कैन करें
या 1800 1205474
पर कॉल करें

नवभारत टाइम्स में पढ़ें प्रगति की कहानियाँ.
राघवेंद्र कुमार, इन्होंने 75000 हेल्मेट्स बाँटकर हज़ारों जानें बचाईं.

PRAGATI KA PARTNER

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in